इस्पात उन नब्बुवा

नबुव्वत का सबूत

उन्नीसवाँ संस्करण



हकीकत किताबेवी प्रकाशन न० : 9

इस्पात उन नब्बुवा

नबुव्वत का सबूत

उन्नीसवाँ संस्करण

हकीकत किताबेवी

दारूश्शफेका कैड 53 पी.के : 35 **34083**

फोन: 90.212.523 4556 - 532 5843 फैक्स: 90.212.523 3693

http://www.hakikatkitabevi.com
e-mail: info@hakikatkitabevi.com

फातिह-इस्तानबुल/तुर्की

हुसैन हिल्मी इशिक
‘रहमतुल्लाह अलैहि’

हुसैन हिलमी इशिक ‘रहमतुल्लाह अलैहि’ हकीकत किताबेवी के प्रकाशन के प्रकाशक है, यह अय्युब सुल्तान, इस्तानबुल **1329** (A.D. 1911) में पैदा हुए थे। इन्होंने **144** किताबों को प्रकाशित किया, **60** अरबी, **25** फारसी, **14** तुर्की और बची हुई किताबों को फ्रेन्च, जर्मन इंग्लिश, रशिया और दूसरी भाषाओं में किया।

हुसैन हिलमी इशिक ‘रहमतुल्लाह अलैहि’ (सय्यद अब्दुल **हा**किम अरावासी रहमतुल्लाह अलैहि के ज़रिये सिखाए गए) इस्लाम के एक अच्छे आलिम और तस्व्वुफ के फज़ाईल के बेहतर और मुरीदो को पक्के तरीके से राह दिखाने के काबिल, गौरव की बात और अक़्लमंदी के हाकिम, ऐसे मिजाज़ के थे, इस्लाम के महान आलिम खुशियों के राह दिखाने के काबिल थे, इन्होंने **25** अक्तूबर सन **2001** की बीच रात के दौरान को वफात पाई (**8** शाबान **1422**) और **26** अक्तूबर **2001** (**9** शाबान **1422**) इन्हे अय्युब सुल्तान में दफनाया गया, जहाँ यह पैदा हुए थे।

पब्लिशर नोट:

अगर कोई इस किताब को इसकी असली शक्ल मे छपवाना चाहे या किसी और ज़बान मे तर्जुमा करके छपवाना चाहे तो उसको हमारी तरफ से इसकी इजाज़त है। जो लोग इस किताब को तर्जुमा या छपवाके आगे देंगे हम अल्लाह ताला से उनके लिये दुआ करेंगे और उनके शुक्रगुज़ार है। हमारी यह

इलतीजा है कि अगर कोई इस किताब को छपवाएँ तो इसके पेजों की क्वालीटी अच्छी हो, बिल्कुल सही तरीके से और बिना ग़लती के छपवाएँ जायें।

चेतावनी: ईसाई मिशनरी अपनी बातों को फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, यहुदी लोग भी अपनी बातों को फैलाने की कोशिश में लगे हुऐ हैं। हकीकत कितावेवी जोकि इस्तानबुल में हैं इस्लाम को फैलाने की जद्दोजहद कर रहे हैं। जबकि बहुत लोग इस्लाम को नुकसान पहुँचाने में लगे हुऐ है जो इन्सान अक़्ल रखता है जानकारी रखता है और दिल से सही रास्ते की तलब करता हैं तो वह यकीनन सीधी राह को पा लेगा। जितनी भी राह उसे मिले वह उनमे से वो राह चुनेगा जो इंसानियत की निजात (उद्धार) के लिये हो। और कोई भी राह इंसानियत की निजात से बढ़कर नही हो सकती। इस्लाम किसी एक के लिये नही है बल्कि पूरी इन्सानियत के लिये है और हमारा मकसद इन्सानियत की भलाई के लिये ही हैं।

TYPEST AND PRINTED IN TURKEY BY :
IHLAS GAZETECILIK A.S.
29 Ekim Cad.No.23 YENIBOSNA-ISTANBUL/TURKEY
TEL: 90.212.454.3000

बिस्मिल्लाहि र्रहमानि-र्रहीम

प्रस्तावना

अल्लाह तआला ज़मीन के सारे बन्दों पर रहम करता है, कारगर चीज़ें ख़ल्क करता है और भेजता है। आख़िरत में भी वो अपने चुने गुनाहगार बन्दों को माफ करेगा जो जहन्नम के हकदार होंगे और उन्हे सीधा जन्नत में भेजेगा। वो अकेला है जो हर जानदार चीज़ को बनाता है, और सारी चीज़ों को वुजूद में रखता है और उन सबको ख़तरे और डर से बचाता है। अल्लाह पर भरोसा करते हुए हम इस किताब का तर्जुमा शुरू करते हैं।

हम्द हो अल्लाह की! उसके नबी मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) पर दुरूद व सलाम हो! उस प्यारे नबी के प्यारे अहले बैत और सहाबाओं पर दुआ हो!

अल्लाह तआला अपने सारे इन्सानी बन्दों पर रहम करता है और चाहता है कि वो इस दुनिया में अमन और सुकून से रहें और आख़िरत में अबदी सुख पायें। इसके लिए उसने इन्सानों में से ही सबसे बेहतर को नबी बनाये और उन पर आसमानी किताबें नाज़िल की और उन्हे ख़ुशी और अमन का रास्ता दिखाया। उसने पहले ही ऐलान कर दिया है कि अबदी ख़ुशियाँ पाने के लिए पहले उसपे और उसके नबियों पर यकीन करना और उसकी पाक किताबों के हुक्मों पर अमल करना लाज़िम है। जिस शख़्स के पास यह यकीन है और वो हुक्मों को कुबूल करता है उसे **मोमिन** और **मुस्लिम** कहते हैं।

अल्लाह तआला का वाहिद होना और मौजूदगी समझाने के लिए इस्लामी आलिमों ने लगभग हर ज़बान में किताबें लिखी है। उनमें से एक किताब जो एक मुख़्तसर, साफ और समझने लायक अन्दाज़ में लिखी गई है,

शक शुबो को दूर करने के लिए अरबी ज़बान में **इस्पातु न नुबुव्वा** है जो बहुत कीमती है। महान आलिम इमामे रब्बानी अहमद अल फारूकी (कुद्दीसा सिरूह) ने यह किताब तब लिखी जब वो **18** साल के थे। इसमें उनके जोड़ और **शरहे मवाकिफ** किताब के आख़िरी हिस्से की वज़ाहत है। यह पहली दफ़ा अपने उर्दु तर्जुमे के साथ पाकिस्तान में छपी और शाय हुई। इमामे रब्बानी का जन्म **971** हिजरी (**1564** A.D.) में हिन्दुस्तान के सरहिन्द में हुआ और वफ़ात **1034** हिजरी (**1625** A.D.) में ही हुई।

हम दुआ करते है कि लोग इस किताब को पढ़े, समझे और गलत चीज़ों के असर से बचे और इस दुनिया के अमन और ख़ुशी के साथ-साथ आख़िरत में अवदी सुख पायें।

लेख में, कुरान करीम की तर्जुमा की हुई आयतें माल-ए-शरीफ से है (मुफस्सिरों के ज़रिए निकाले गए मायने), जोकि हो सकता है कि अल्लाह तआला के कहे हुए मतलब के मुताबिक़ हो भी या न भी हों। आख़िर में कुछ अंग्रेज़ी और ग़ैर अंग्रेज़ी लफ्जों के मायने भी दिए हुए है।

मिलादी	हिजरी शम्सी	हिजरी कमरी
2001	**1380**	**1422**

पहला हिस्सा:

इस्पातु-न-नुबुव्वा

(नबुव्वत का सबूत)

सारी तारीफ़ें अल्लाह के लिए, जिसने नबियों को भेजा बन्दों को बन्दगी सिखाने के लिए और चार आसमानी किताबें उनपर नाज़िल की; इन किताबों में कोई शक शुबा नहीं है। आख़िरी किताब **कुरानुल करीम** उसने आख़िरी नबी मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) पर नाज़िल की, जिसमें इन्सानी बन्दों के लिए ज़रूरी चीज़ों को बताया, काफिरों को जहन्नम के अज़ाब से आगाह किया जबकि ईमान वाले जो इस्लाम को मान रहे है उनके लिए जन्नत की ख़ुशख़बरी दी। मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) को भेज कर अल्लाह तआला ने अपने इन्सानी बन्दों पर दीन मुकम्मल किया। उसने ऐलान किया कि जो इस्लाम मज़हब में है वो उनसे राज़ी होगा। अपने पहले के बन्दों के लिए भी उसने नवी भेजे और मोजिज़ा दिखाये। उसने कुरान पाक में साफ ऐलान कर दिया है कि मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के वाद कोई नबी न आयेगा। उसने फरमाया कि जैसे एक अन्धा इन्सान उनपर भरोसा करता है जो उसे रास्ता दिखाता है या एक बीमार मरीज ख़ुद को डाक्टरों के भरोसे पर छोड़ देता है, ऐसे ही सभी इन्सानों को उसके भेजे हुए नबियों पर भरोसा करना है जो इन्सानों को उसके भेजे हुए नबियों पर भरोसा करना है जो इन्सानों को बरबादी से बचाने और अपने दिमाग से ज़्यादा दिलवाने आये हैं। उसने मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) को सबसे आला नवी बनाया और उसकी उम्मत को सम्यिक बनाया। अल्लाह ने आप (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की उम्मत को सबसे आला दरजा दिया। उसने अपनी किताब में ऐलान किया है कि

मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) में कोई कमी पेशी नहीं है, वो सबसे आला है और सारी मख़्लूक के नबी हैं। अपने आख़िरी नबी को भेजा यह बताने के लिए कि अल्लाह एक है और वो अपने बन्दों के बीमार दिलों को ठीक करेगा। दुरूद व सलाम हो आप पर और आपकी आल पर और सहावाओं पर दिन व रात। यह सही रास्ता दिखाने वाले तारे है और अंधेरे का उजाला है।

यह भी देखा जाये कि यह बन्दा [इमामे रब्बानी मुजदिद अलफसानी] अहमद इब्ने 'अब्दुल अहद, जो अल्लाह की रहमत का तलबगार है, और सलामती के लिए दुआ करता है, ताकि उसके गुरू, शिष्य और पूर्वज रोजे महशर में परेशानी से बचे रहें, उन्होने देखा कि आप के ज़माने के लोग नबियों के आने की ज़रूरत में कमज़ोर हो रहे है, जिन **25** नबियों का नाम कुरान करीम में दिया हुआ है और आख़िरी नबी के ज़रिए लाया गये दीन पर। यहाँ तक कि हिन्दुस्तान के कुछ ताकतवर बड़े ओहदे वाले लोगों ने मेहनत से इस्लाम पर चलने वाले नेक मुसलमानों पर ज़ुल्म कर रखा है। और ऐसा भी हो रहा है कि लोग मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) का नाम जो उनके माँ-बाप ने उनका रखा है, उसका मज़ाक बना रहे है और अपने नाम को बदल कर वेतुका नाम बना रहे है। ईदुल अज़हा में गाय को कुर्वान करना जो वाजिब है उसपर भी रोक लगा दी गई है। मस्जिदे या तो गिरा दी जा रही है या उन्हे म्यूज़ियम या दुकानों में तब्दील किया जा रहा है। कब्रिस्तान को या तो खेल का मैदान या कूड़ाघर बनाया जा रहा है। काफिरों के गिरजाघरों को ऐतिहासिक इमरत कहकर दुवारा संवारा जा रहा है। उनके त्यौहार और तरीके मुसलमान भी अपना रहे है। मुख़्तसिर तौर पर इस्लाम के तरीके को घिनौना समझा जा रहा है और छोड़ा जा रहा है। उन्हे "उन्नति रोधक" कहा जा रहा है। काफिरों के तरीके गलत मज़हब, बेजान और शर्मसार चीज़ों की तारीफ़ की जा रही है। उनको फैलाने के लिए कोशिशे की जा रही है। हिन्दुस्तान काफिरो की गंदी

व घिनौनी किताबें, गाने और नॉविलें मुसलमानों की ज़बान में छापी और बेची जा रही हैं। मुसलमानों के ईमान को कमज़ोर करने के लिए, और इस्लाम के ख़ूबसूरत अरकानों को तोड़ने और ख़राब करने के लिए, काफिरों के इन कामों की तादाद बढ़ती जा रही है। यहाँ तक की मज़हब के जानकार, जो कुफ़्र की बीमारी का इलाज है वो भी इसमें पड़ कर बर्बादी की तरफ जा रहे है।

मैने मुसलमान बच्चों में फैले हुए इस कुफ़्र को पढ़ा और जांचा कि इसकी शुरूआत कहा से है। मैने जाना कि उनके ईमान में बस एक कमज़ोरी है। इसकी वजह यह है कि रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के जाने के बाद, और उसी वक़्त कुछ झूठे, छोठी सोच वाले, लामज़हबी जाहिल जिन्होने ख़ुद को सांईन्टिस्ट बना लिया, उन्होने मज़हबी मुद्दो पर बात की और लोगों ने उनके अल्फाज़ों को सच समझ लिया। मैने ऐसे कई लोगों से बात की है जिन्होने ऐसे झूठे सांईन्टिस्ट की बात लिखी हुई बातों पर यकीन कर लिया और वे ख़ुद को नूरानी और मॉर्डन कहते है। मैने देखा है कि उनमें से कई ख़ुद को नबुव्वत के दर्जे के बराबर समझने लगे हैं। मैने कई लोगों को कहते सुना है कि, "नबियों ने लोगों को एक साथ जोड़ने और अच्छी आदतें सिखाने की कोशिशे की है। इससे दूसरी दुनिया की ज़िन्दगी का कोई ताल्लुक नहीं है। फिलोस्फी की किताबें भी अच्छी आदतें सिखाने और लोगों को एक साथ जोड़ने का काम करती है। इमाम मुहम्मद ग़ज़ाली ने अपनी किताब **इहया उलूमुद्दी** को चार भागों में बांटा। पहले भाग में आपने ख़ूबसूरत आदतों की वज़ाहत, की जिसका नाम उन्होने **मुनजियत** (चीज़ें जो बचाती है) रखा। बाकी तीन भागों में उन्होने सलात, रोज़ा और दूसरी इबादतों के बारे में लिखा। यह किताब फिलोस्फी की किताबों से मिलती है। और इससे साबित होता है कि इबादत मुन्जी (बचाने वाली) नहीं है और बन्दगी अच्छी आदतों पर निर्भर करती है। "दूसरो ने कहा, उसने जिसने नबी की बात को, आयत को और मोजिज़ों को सुना हो पर इस पर ईमान न लाया हो, वो इस तरह है जैसे कोई शख़्स जो पहाड़ों पर या

रेगिस्तान में रहता है और उसने नबी के बारे में कभी नहीं सुना हो। इसकी तरह उसके पास भी ईमान नहीं है।"

इसके जवाब में हम कहेंगे कि अल्लाह रहमान है और सारे बन्दों पर रहम करता है और उसने चाहा कि वो बन्दों को सही करने और उनके दिलों की बीमारी को दूर करने के लिए नबी भेजे। उसका यह फर्ज़ पूरा करने के लिए नबियों का नाफरमान इन्सानों को डराना और फरमाबरदारों को आख़िरत के ईनाम के बारे में बताना लाज़िम था। इन्सान अपने फायदे की हर चीज़ लेना चाहता है। उन्हे पाने के लिए वो गुमराही, गुनाह और दूसरो को नुकसान पहुँचाता है। नबियों को भेजने की ज़रूरत यह थी ताकि इन्सान को गलत करने से बचाया जाये और उन्हे राहत की व अमन की ज़िन्दगी मिले इस दुनिया में और आख़िरत में भी। इस दुनिया की ज़िन्दगी छोटी है। दूसरी दुनिया की ज़िन्दगी अबदी है। इसी वजह से उस दुनिया की ज़िन्दगी को तरजीह दी गई है। कुछ फिलोस्फरों ने अपनी किताबों को ज़्यादा बेचने की ख़ातिर कुछ अपने ख़्याल उसमें डाले और उन्हे अच्छे अख़्लाक और किसी की ज़रूरी कामों के शक्ल में डाला, जोकि उन्होने उन लोगों की आसमानी किताबों से पढ़े जिनपर वो यकीन करते हो। हमाम मुहम्मद ग़ज़ाली (रहमतुल्लाही तआला अलैह) की किताब हुज्जतु-ल-इस्लाम इबादत की वज़ाहत करती है; फिक के आलिमों ने बताया कि इबादत कैसे की जाती है, पर उन्होने उसके खुसूसी छोटी चीज़ें नहीं बताई क्योंकि उनका मकसद था सही इबादत करने की शर्तो को और तरीकों को समझाना। उन्होने आदमी के दिल और रूह को नहीं देखा था। इमामे ग़ज़ाली काम तसव्वुफ के आलिमों का था। इमामे ग़ज़ाली ने मज़हब के इल्म को इकट्ठा किया जोकि जिस्मानी तौर पर और बाहरी कामों में तसव्वुफ के इल्म के साथ जानकारी देता था, जिससे अन्दरूनी पाकी भी मिलती है। आपने अपनी किताब में दोनों की वज़ाहत की। उन्होने दूसरी किताब का नाम **मुनजिय्यत** रखा, यानि वो इल्म जो बर्बादी से बचाता हो, पर उन्होने यह भी कहा कि इबादत भी

मुन्जी है।इबादत का तरीका जोकि एक बन्दगी है उसे फिक़ की किताबों से नहीं सीखा जा सकता।

यह उस महान इमाम की वज़ाहत पढ़ कर ही समझा जा सकता है।बन्दगी का वो इल्म जिससे दिल मुतालिक हो फिक की किताबों से नहीं सीखा जा सकता।

हम मेडिकल सांईन्टिस्ट कैलिनोस या ग़रामैरियन अमर सिबावैह को नहीं देख सकते।हम कैसे जाने फिर कि वो उन चीज़ों में उस्ताद थे? हम जानते है सांईन्स क्या है और दवाईयाँ क्या है।हमने कैलोनोस की किताबें पढ़ी और बयान सुने।हमने सीखा कि उसने बीमारों को दवा दी और ठीक किया।तब हम यह यकीन करते है कि वो एक डॉक्टर था।इसी तरह जब कोई गरामर का सांईन्सदान सिबावैह की किताब पढ़ता है या उसके कुछ लफ्ज़ सुनता है तो वो उसके गरामैरियन होने पर यकीन करता है।ठीक उसी तरह से जब कोई नबुव्वत का जानकार शख़्स कुरान करीम और हदीस शरीफ पढ़ता है तब वो पूरी तरह से जान जाता है कि मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) नबुव्वत में सबसे ऊँचे दर्जे पर थे।जैसे उपर लिखे गये आलिमों किसी का ई मान नहीं परेशान होगा, तो बदनामी और जाहिलों की गालियाँ या भटके हुए लोग किसी का ईमान कमज़ोर नहीं कर सकते मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की तरफ से, क्योंकि मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की सारी सीख और आदतें इन्सान के सुधार की तरफ ले जाती है।उनके ईमान और अख़्लाक को पाक और कारगर बनाती है और उनके दिलों को नूरानी करती है जिससे उसका दिल बीमारी से ठीक हो जाता है और बुरी आदतों से मुक्त हो जाता है।

एक शख़्स जो पहाड़ों में या रेगिस्तान [या कम्यूनिस्ट देख] में रहता है और जिसने नबियों के बारे में नहीं सुना उसे **शाहिके जबल** कहते है।ऐसे लोगों

के लिए नबुव्वत और नबी के भेजे जाने पर यकीन करना नामुमकिन है। यह ऐसा है जैसे कोई नबी आया ही न हो उनके लिए। यह लोग माफी लायक है। [इनके मरने के बाद हिसाब के बाद, इनको जानवरों की तरह ही मिटा दिया जायेगा बिना जन्नत या जहन्नम में दाख़िल करे। ऐसा ही काफिर किशोर बच्चों के साथ भी किया जाएगा।] उनको नबियों पर ईमान लाने हुक्म नहीं था। उनको ध्यान में रखते हुए सूरह इसरा ऐलान करती है: **"हम तब तक अज़ाब न देंगे जबतक पहले हम नबी न भेजदे!"**

उन लोगों के शक को दूर करने की नीयत से जिन्होने अपनी मज़हबी तालीम जाहिल लोगों की किताबों से ली है और मज़हब के दुश्मनों के गलत कलम से सीखा है, मैने सोचा कि मैं वो लिखूँ जो मैं जानता हूँ। असल में मैने इसे अपना काम बना लिया है, एक कर्ज़ जो मुझे इन्सानियत को चुकाना है। मैने नबुव्वत को समझाने की कोशिश करी है यह साबित करने के लिए कि मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) पूरी नबुव्वत के काबिज़ थे, काफिरों के दिमाग से इस शक को निकालने के लिए, और सांईन्स के कट्टर लोगों की शैतानी और नुकसान दिखाने के लिए जो इस सच को अपने ख़्यालों और राय से दबाना चाहते है। इस्लामी आलिमों की किताबों का हवाला देते हुए और अपने नेक ख़्याल डालते हुए, मैने उनके ख़्यालों को गलत साबित करा है। इस किताब में एक परिचय और दो लेख है। और परिचय दो भागों में बटा है। अल्लाह पर यकीन रखते हुए, मैं लिखना शुरू करता हूँ।

हिजरी **990** मिलादी **1582**

अहमद इब्ने अब्दुल अहद
सरहिन्दी

विषय सूची

पहला हिस्सा

इस्पातु उन नुबुव्वा
(नबुव्वत का सबूत)

दूसरा हिस्सा

दूसरे उनवान

तीसरा हिस्सा

सवानिह उमरी

चौथा हिस्सा

शब्दकोष

परिचय - I

1 - नबुव्वत क्या है?

शरह-ए-मवाकिफ, सय्यद शरीफ उल जुरजानी की किताब के आख़िरी हिस्से में लिखा है कि, कलाम के आलिमों के मुताबिक, एक शख़्स जिसे अल्लाह तआला कहे, "मैने तुम्हे फला-फला लोगों के लिए और फला मुल्क या पूरी इन्सानियत के लिए भेजा है," या "मेरे बन्दों पर ज़ाहिर करो।" या ऐसा ही कोई हुक्म दे, उस "नबी" या "पैग़म्बर" (पैगाम देने वाला या रसूल) कहते है।नबी होने के लिए ज़रूरी नहीं है कि रियादा या मुजाहदा जैसी शर्ते हों या नबुव्वत के मुताबिक खुसूसियत लेकर पैदा होना।अल्लाह तआला जिसे चुनता है उसपर यह तोहफ़ा नाज़िल फरमाता है।वो सब जानता है और जो वो करता है अफज़ल है।वो जो चाहता है वो करता है।वो सबसे ताकतवर है।कलाम के आलिमों के मुताबिक नबी को **मोजिज़ा** दिखाना लाज़िम नहीं है।यह कहा गया था कि उसे मोजिज़ा दिखाना पड़ता है ताकि लोग यकीन करे कि वो नबी है।पुराने ग्रीक फिलोस्फरों के मुताबिक नबी होने के लिए तीन शर्ते है: पहली **गैब** (गैर मालूम, इसरार) को ज़ाहिर करना, यानि गुज़रे हुए और आने वाले ज़माने के वाक्या बताना, ग़ैर मामूली चीज़ें करना, यानि वो काम जो दिमागी और सांईन्सी तौर पर नामुमकिन हों, तीसरा, किसी जिस्म या चीज़ में फरिश्ते को देखना और अल्लाह तआला की वही फरिश्ते से सुनना।

ना हमारे लिए और ना ही उनके (फिलोस्फरों) के लिए, एक नबी के लिए हर नामालूम को जानना ज़रूरी है।और उनमें से कुछ को जानना सिर्फ नबी के लिए ख़ास नहीं है।यह भी फिलोस्फरों के ज़रिए माना गया है कि जो **रियादा** से गुज़रते है, यानी, जो ख़ुद को एक कमरे में अलग कर लेते है, और

ज़िन्दा रहने लायक ही खाते है, कुछ लोग जिन्होने समझ खो दी है, और कुछ लोग जो सोते में राज़ खोल देते है। इस मामले में ऐसे लोग नबी से अलग नहीं है। शायद, जिसे फिलोस्फर 'गैब' कहते है वो ग़ैर मामूली चीज़ें नहीं है। एक या दो बार उन्हे जानना या बताने का यह मतलब नहीं है मामूली पार करना। यह बात दूसरो को नबियों से अलग करती है। कलाम के आलिमों ने यह भी रिवायत करी है कि अल्लाह तआला की तरफ़ से नाज़िल की हुई राज़ को नबी जानेंगे। पर उन्होने कहा कि राज़ को जानना कोई शर्त नहीं है नबी होने के लिए। और ऊपर लिखी हुई फिलोस्फी की बात ग़ैर मालूम को जानना गलत है। यह इस्लाम की बुनियादों के मुकाबिल नहीं है। और ऐसी बिना पर गैरमालूम को जानना एक अलग मौजू है। यह ग़ैरमामूली अजूबे है। इनपर ध्यान लगाने का कोई फायदा नहीं।

ग़ैर मामूली घटनाएं जैसे, किसी चीज़ पर असर डालना ख़ुद की मर्जी से, हवा पर असर डालना, ज़लज़ला या आग जब वो चाहे या जहाज़ का डूबना; आदमी का मरना या किसी तानाशाह का उसके नाश पर आना किसी की ख़्वाहिश से, यह सच इन्सान की रूह का असर है किसी माद्दे पर। असल में अल्लाह तआला अकेला है जो माद्दों पर असर डालता है। अल्लाह तआला यह असर जब चाहे, और जिसपर चाहे डाल सकता है। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि ग़ैर मामूली चीज़ें या अजूबे सिर्फ नबियों के लिये ख़ास है। यह फिलोस्फरों के ज़रिए भी कुबूल कर लिया गया है। तब, यह नबी और दूसरो को अलग करने वाला कैसे हो सकता है?

हालांकि ग्रीक फिलोस्फरों ने कहा है कि ग़ैर नबी भी जादू कर सकता है, पर उन्होने उस जादू की ताकत को **इजाज़** की ताकत के बराबर नहीं माना। उन्होने कहा कि ऐसी ग़ैर मामूली चीज़ें नबियों के ज़रिए होती है इसलिए नबी औरों से अलग है।

फिलोस्फर बयान करते है कि एक फरिश्ता नबी पर ख़ुद को ज़ाहिर करता है और अल्लाह तआला की वही नाज़िल करता है नबुव्वत के लिए शर्त है, यह बयान उनकी ख़ुदकी फिलोस्फी पर इख़्तलाफ रखता है। इनकी यह बातों का मकसद ईमान वालों को गुमराह करना है, उनके मुताबिक फरिश्तें ग़ैर माद्दे और गूंगे है। वो कहते है कि आवाज़ निकालने के लिए माद्दे की ज़रूरत होती है। आवाज़ हवा की लहरों से आती है। इन शर्तो फिलोस्फरों कि यह कहना चाहते है कि फरिश्तें खुद को दिखा सकते है पर बोलने के लिए माद्दे की शक्ल लेते हैं।

परिचय – II
मोजिज़ा से क्या मुराद है?

हमारे लिए **मोजिज़ा** किसी शख़्स की सच्चाई का सबूत है जो दावा कर रहा हो कि वो एक नबी है। मोजिज़ा की शर्ते होती है:

1- अल्लाह तआला इसे मामूली चीज़ों के अभाव में बनाता है, जिससे उसका नबी साबित होता है।

2- इसे ग़ैर मामूली होना चाहिए। मामूली चीज़ें जैसे सूरज का पूर्व से निकलना हर दिन या बहार में फूलों का खिलना मोजिज़ा नही है।

3- दूसरो का उसे करने में असमर्थ हो पाना।

4- यह तभी होना चाहिए जब वो शख़्स जो अपनी नबुव्वत का ऐलान कर रहा हो, खुद चाहे।

5- उसे उसकी चाह के मुताबिक होना चाहिए। मसलन, अगर वो कहे कि मैं किसी मुर्दे को ज़िन्दा कर सकता हूँ पर उस मुर्दे की जगह कुछ दूसरा करिशमा हो जाये, मसलन अगर एक पहाड़ दो हिस्सों में टूट जाये। तो वो मोजिज़ा नहीं होगा।

6- जो मोजिज़ा उसकी मर्ज़ी से हुआ हो उसे उससे झूठ नहीं बोलना चाहिए। मसलन अगर वो अजूबे से किसी दैत्य से बात कर रहा हो और वो दैत्य बोल पड़े; "यह आदमी झूठा है," यह मोजिज़ा नहीं होगा।

7- उसके ख़ुद को नबी कहने से पहले मोजिज़ा के साथ नहीं है। मसलन जन्नत का टुकड़ों में टूट जाना, तारों का बिख़र जाना और पहाड़ों का तबहा हो जाना तब होगा जब दुनिया ख़त्म होगी, आख़िरत के दिन। यह मोजिज़ा हर नबी ने बताया है। पर जो उन्हे सुनते है उनके लिए ज़रूरी नहीं कि वो उसे मोजिज़ा जाने। तो यही बात वली की करामत की है जो नबी का मोजिज़ा बनी हो, हालांकि इसका नबी से कोई तालुक्क न हो। अब तक जो हमने बयान किया वो सय्यद शरीफुल जुरजानी की किताब **शरहे मवाकिफ** में वज़ाहत से बयान है।

कई उलेमाओं के मुताबिक, हालांकि खुली **तहद्दी** (चुनौती) जो कहता हो, "जाओ और उसी तरह करो! पर तुम नहीं कर पाते!" यह मोजिज़ा की शर्त नहीं है, मोजिज़ा का मायने में तहद्दी है। क्योंकि तहद्दी इस रिवायत में मुद्दे का सवाल नहीं है जिसमें आख़िरत के वक़्त की बातें है या वाक्या है, यह चीज़ें काफिर के लिए मोजिज़ा नहीं है। औलियाओं की करामात मौजिज़ा नहीं है क्योंकि उन्होने नबुव्वत का ऐलान नहीं किया और उसमें कोई तहद्दी नहीं थी। सच यह है कि ऐसे बिना चुनौती के अजूबे किसी शख़्स जो नबी होने का ऐलान कर रहा हो, उसकी नबुव्वत की सच्चाई को साबित नहीं करते, का यह मतलब नहीं कि मोजिज़ा साबित नहीं कर सकते। इसके बरअकस यह वो है जो

मोजिज़ा से उम्मीद रखी जाती है। नहीं होना चाहिए। अजूबे जो पहाले होते है [नवी होने के ऐलान से पहले] जैसे ईसा (अलैहिस्सलाम) [जेसस] बात करते थे पालने में, जब एक सूखे पेड़ से आपने खजूर मांगे तो हाथों में खजूर का आजाना, और मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के बचपन में, आपके सीने का खुल जाना और धोकर आपके दिल का साफ किया जाना, आपके सिर के ऊपर हमेशा एक बादल का रहना और पेड़ों और पत्थरों का आपको सलाम कहना मोजिज़ा नहीं थे पर करामात थी। इन्हे **इशारा** कहते है। (नबी होने की निशानी) यह नबुव्वत पर ज़ोर देते है। ऐसी करामातों का वलियों के ज़रिए होना भी मुमकिन है। अपनी नबुव्वत का ऐलान करने से पहले नबियों का रूत्बा औलियों से नीचा नहीं होता। उनसे करामात देखी गई। एक मोजिज़ा नबी की नबुव्वत का ऐलान करने के फौरन बाद हो सकता है। मसलन अगर वो कहे कि एक महीने बाद फला-फला वाक्या होगा, तो अगर एक महीने बाद वो वाक्या हो जाता है तो वो मोजिज़ा है। पर उसके होने से पहले नबुव्वत पर यकीन करना ज़रूरी नहीं।

एक मोजिज़ा जो नबी की नबुव्वत को दिखाने सिर्फ वो एक ज़रूरत नहीं एक अकलमन्द के लिए। यानि, यह उस मसले से अलग है जहाँ कोई काम अपने करने वाले को बता रहा है। अक्लमन्दों के लिए किसी चीज़ का सबूत होना मानने के उन दो चीज़ों में राब्ता चाहिये होता है। जब सबूत देख लिया जाये, जुड़ी हुई चीज़ का वजूद किसी और का वुजूद नहीं है, यकीन है। यह मामला

सवाल: मोजिज़ा उस शख़्स की सच्चाई का सबूत देते है जो यह दावा करता है कि वो एक नबी है चूकि वो अजूबे होते हैं। क्या एक मोजिज़े में नबुव्वत साबित करने की अलग कुव्वत होती है?

जवाब: यह असल मसला नहीं है। एक मोजिज़ा किसी नबी के दावे को साबित करता है इस सच्चाई को जानते हुए कि दूसरे वो नहीं कर सकते, जिसका मतलब है कि मोजिज़ा में एक अलग कुव्वत है। और यह सच्चा सबूत है।

सवाल: **शहरे मवाकिफ** में सयैद शरीफ उल जुरजानी कहते है, नक्ल खुद में एक सबूत नहीं हो सकती बल्कि जो शख़्स यह कह रहा है कि वो नबी है उसकी सच्चाई पर भी यकीन होना चाहिए, और यह एक अक्लमन्द इन्सान के कुबूल करने से होता है। मोजिज़ा देखने के बाद एक अक्लमंद इन्सान यकीन करता है कि नबी ने सच कहा है, जबकि कुछ देर पहले उसने कहा कि यह एक अक्लमंद नही कर पाता। क्या ये दोनों बातें एक दूसरे से मुख़ालिफ नहीं है?

जवाब: इससे ठीक ऊपर की बात यह कहनी है कि अक्लमंद दो मोजिज़ा पढ़ता है जो नबी की सच्चाई को साबित करता है। वह ये नहीं कहता कि अक्लमन्द को मोजिज़ा की सच्चाई साबित करने पर ख़ुद पर कोई असर पड़ता है। चाहे हमे यह मानना पड़े कि यह कहता है कि इसका कुछ असर है फिर भी यह ये नहीं कहता है कि इसे किसी अक्लमंद के ज़रिए आका जा सकता है। अब जब कोई नहीं कहता कि इस मसले का अक्लमंद पर कोई असर नही पड़ता तो यह मुख़ालिफत बेबुनियाद है। सय्यिदुल जुरजानी का बयान एक रिवायती मोजिज़े की वज़ाहत पर था, जिसके लिए ऐसा बयान माकूल था।

एक मोजिज़ा जो नबी की सच्चाई बयान करता है वो सुनने पर यकीनी भी नहीं होता। यह एक कायनाती निशानी है। यानि, जब कोई मोजिज़ा देखा जाता है, अल्लाह तआला देखने वाले को यह इल्म देता है कि नबुव्वत का ऐलान करने वाला सच बोल रहा है। यह अल्लाह का कानून है। यह

इसलिए कि, हालांकि एक झूठे के लिए मोजिज़ा दिखाना मुमकिन हो सकता है, ऐसा कभी नहीं हुआ। अगर कोई शख़्स अपनी नबुव्वत का ऐलान करता है और एक पहाड़ उठा कर कहता है, “अगर तुम मुझपर भरोसा करते हो तो यह पहाड़ अपनी जगह पर वापस चला जायेगा। अगर तुम मुझपर ईमान नहीं लाते तो यह तुम्हारे सिरों पर गिरेगा।”, अगर वो देखे कि ईमान लाने पर वो पहाड़ वापस अपनी जगह पर जा रहा है या ईमान न लाने पर उनकी तरफ आ रहा है तो इलाही के कानून से यह समझ आ जाता है कि वो सच बोल रहा है हाँ, पर एक अक्लमंद के विचार से यह मोजिज़ा एक झूठे के ज़रिए भी मुमकिन है। पर यह इलाही, अल्लाह तआला का कानून नहीं है। यानि ऐसा कभी नहीं देखा गया। [एक अक्लमंद, झूठे इन्सान के मोजिज़े को पहचान लेता है और कहता है, “अल्लाह सबसे बड़ा है, यह तो वो भी कर सकता है।” यह हल जो इलाही कानून के अनुकूल नहीं है, या इस हल के बहुत कम वाक्या है, यह हमारे इल्म को कोई नुकसान न पहुंचायेगे अल्लाह तआला के कानून से मुताल्लिक। मसलन, दज्जाल, एक झूठा जो कयामत के दिन आयेगा और लोगों को मारेगा फिर ज़िन्दा करेगा, वो सब हमारा इल्म नहीं बदलेगा उसके झूठा होने के मुताल्लिक। नमरूद की आग का इब्राहिम (अलैहिस्सलाम) को न जलाना, अल्लाह के कानून को नहीं बदलता जो आग को जलाने की कुव्वत देता है। हालांकि, वाक्यों के होने वाली मुख्तिलफ जानकारी जो एक दूसरे में इख़्तिलाफ रखती हो जिसे एक अक्लमंद ने जान्वा सबूतों के ज़रिए, इस मालूमात को नुकसान पहुंचाती है।] इसकी मिसाल इस तरह है: अगर कोई शख़्स बादशाह का पैग़म्बर होने का दावा करता है और कहता है, “अगर तुम मुझपर यकीन नहीं करते, तो यह मेरा ख़त बादशाह के पास ले जाओ।” ख़त में लिखा हो; “अगर यह सच है कि मैं आपका पैग़म्बर हूँ तो तख़्त से उतर कर ज़मीन पर बैठ जाओ।” वो ख़त को बादशाह के पास ले जाते हैं और वो पढ़ता है और वैसे ही करता है जैसे लिखा है। जिन्होने यह देखा उन्होने यकीन किया कि वो सच बोल रहा था। यह ईमान उस तरह नहीं है जैसे ग़ैर मालूम को

पसन्द करता गवाह की तरह” यानि किसी और चीज़ को देखकर अन्देखी चीज़ पर यकीन करना। एक मोजिज़ा यकीनी तौर पर सच्चाई का सबूत देता है। मुताज़िला के मुताबिक, एक झूठे के लिये मोजिज़ा दिखाना मुमकिन नहीं है।

जादू या ऐसी चीज़ें किसी वाक्या में होती है यानि करने से वो होती है या कभी-कभी यह धोखा होता है आंखों का जो किसी के ख़्यालातों को पढ़ कर किया जाता है जबकि यह असल में नहीं होते। यह अजूबे नहीं है।

3– नबियों को भेजना और उसकी ज़रूरत

इन्सान अपने खल्क किये वक़्त पर कुछ नहीं जानता था। उसके आस-पास की मख़्लूक जो इतनी वसीअ है कि सिर्फ अल्लाह तआला इसकी हद जानता है। यह रिवायत सूसह मुज़स्सिर [...और कोई अल्लाह की ताकत को नहीं जानता सिवाये उसके... **(74-31)**] की **31**वीं आयत में है। एक छोटा बच्चा अपने अहसास के आजूओ से अपनी पढ़ाई शुरू कर देता है। चीज़ों की हर तालीम को **आलम** कहते है।” इन्सान में महसूस करने की कुव्वत सबसे पहले बनी; छूने की कुव्वत से इन्सान ठंडे, गर्म, सूखा, गीला, नर्म, सख़्त और ऐसी चीज़ों को पहचान लेता है। महसूस करने के आजअू रंग और आवाज़ को नहीं पहचान सकते और इन्हे ग़ैर वजूदी समझा जाता। तब उसके देखने के आजअू बनाये गये, और उससे रंग और आकार को पहचाना गया। इस आज़अू से पहचानी गई दुनिया में महसूस करने वाले आज़अू से पहचानी गई ज़्यादा चीज़ें थी। अगला उसका सुनने से मुतालिक आजअू। इस आजअू से आवाज़ और तरंगे पहचानी। फिर उसकी स्वाद की और सूंघने की कुव्वत बनाई

।तो यह पांच आजअू जो दुनिया को समझने की अनुभूति दिलाते थे पूरे हो गए।ज़िन्दगी के सांतवे साल में, उसको तमीज़ (विवेक) बनाया गया, उन चीज़ों से जो महसूसी आजअू नहीं समझ सकते थे।यह ताकत महसूस आजअू के ज़रिए पहचानी गई चीज़ों को एक दूसरे से अलग करती है।फिर उसकी अक्ल और बुद्धिमता बनाई गई।क्या अच्छा है कारगर है, बुरा है, नुकसानदेह है, अक्ल की ताकत से निर्धारित होता है बुद्धिमता, ज़रूरी, ग़ैर ज़रूरी, मुमकिन, नामुमकिन को एक दूसरे से अलग करती है।बुद्धिमता उन चीज़ों को समझाती है जिन्हे अनुभूति और अक्ल की ताकतें नहीं समझा सकती।बुद्धिमानता के अलावा अल्लाह तआला ने अपने कुछ चुनिन्दा बन्दों में एक और ताकत ने अपने कुछ चुनिन्दा बन्दों में एक और ताकत बनाई।इससे वो चीज़ें भी समझी जा सकती है जिन्हें बुद्धिमनता नहीं समझ सकती या जो आगे होने वाली होती है।इसे कहते है **नुबुव्वत** की ताकत।चूंकि बुद्धिमानता की ताकत अक्ल के दायरे को नहीं समझ सकती, यह लाज़िम सी बात है उनके लिए।और चूंकि अक्ल, नबुव्वत की करी हुई चीज़ों को समझ नहीं पाती तो वो ईमान नहीं लाती और उसे नकारती है।जिस चीज़ को नहीं समझ पाते उसे नकारने का नतीजा है नासमझना और ना जानना।वैसे ही जैसे कोई शख़्स अन्धा पैदा हुआ हो उसे रंग और आकार की कोई समझ न होगी अगर उसने इनके बारे में सुना न हो तो।वो उनके वुजूद पर यकीन नहीं करेगा।अपने बन्दों को यकीन दिलाने के लिए अल्लाह तआला ने इन्सान में ख़्वाब बनाये इसी ताकत से मिलते जुलते।ख़्वाब में इन्सान साफ देख सकता है कि आगे क्या होने वाला है या अपने आपको आमाले मिसाल में देख सकता है।एक शख़्स जो नहीं जानता कि ख़्वाब क्या होते है, उससे कहा गया कि, "जब इन्सान का दिमाग बन्द हो जाता है और सोच और समझ चली जाती है जैसे वो मर गया हो तो वो अनजानी चीज़ें देखता है जोकि दिमाग की पहुंच से बाहर होती है।" तो वो इन्कार कर देगा।यहाँ तक कि वो इस बात को नामुमकिन साबित कर देगा यह कहकर कि, "इन्सान अपने आजअू से आस-पास की चीज़ें महसूस

करता है।जब उसके यह आजअू काम नहीं करेंगे तो वो कुछ नहीं पहचानेगा।" और वो इसकी वजहे बड़े अकड़ कर बताता है।जैसे महसूस करने वाले आजअू, अक्ल मसलों को नहीं समझ सकते उसी तरह, अक्ल भी नबुव्वत उन चीज़ों को नहीं पहचान सकती जिन्हे नबुव्वत जानती है।

वो जो नुवुव्वत के वुजूद पर शक करते है, वो शक करते है इसके मुमकिन होने पर या अगर इसका मुमकिन होना कुबूल है वो उसके होने पर शक करते है।इसका होना और वुजूद होने का सबूत है कि नबी वो बातें बताते है जो अक्लमन्द की कुव्वत से बाहर हैं।यह जानकारी, जो किसी अक्लमंद से नहीं ली जा सकती, हिसाब या प्रयोग सिर्फ अल्लाह के **इहलाम** से लिए गए थे।(अल्लाह तआला या उसके फरिश्तों के ज़रिए दिल में रखी गई प्रेरणा, यानि नबुव्वत की ताकत के ज़रिए) नबुव्वत की ताकत की और भी खुसूसियात है।ख़्वाब इसकी एक ताकत से मिलते जुलते है, इन्सान में है, हमने इसे एक मिसाल के तौर पर बताया है।इसकी दूसरी ख़ासियत जौक़ (चखने, संवेदनशीलता) के ज़रिए उन लोगों पर नाज़िल होती है जो तसव्वुफ के रास्ते पर कोशिशे करते है।जो ख़ासियतें हमने बताई है वो काफी है एक शख़्स को नबुव्वत के में यकीन कराने के लिए।इमाम मुहम्मद गज़ाली, भी अपनी किताब **अल मुनकिद मिनद दलाल** में इस ख़ासियत को नबुव्वत पर यकीन के मुताविक सबूत के तौर पर लिखते हैं।

पुराने ग्रीक फिलोस्फरों के मुताबिक, नबुव्वत में यकीन रखना फायदेमन्द है।वो कहते है, "नबुव्वत में यकीन रखना अक्ल में मदद करता है।वुजूद में ध्यान लगाना, अल्लाह की ताकत और इल्म इससे मिलता जुलता है।साथ ही अक्लमन्द की कुव्वत से बाहर की कई चीज़ें इन्सान नबी से सीखता है।इसकी मिसाल है आख़िरत, दूसरी दुनिया का इल्म, अच्छी बुरी चीज़ों का खुलासा, और जानना कि कुछ खाने और दवाईयां नुकसानदेह है या नहीं।"

वो जो नबुव्वत में यकीन नहीं रखते कहते है:

1- वो शख़्स जिसे नबी बनाकर भेजा गया है उसे पता होना चाहिए और यह कहने वाला, “मैने जिसे तुम्हारे पास भेजा है वो नबी है। मेरा पैगाम फैलाओ।” वो अल्लाह है। और उस बारी में अल्लाह को जानना मुमकिन नहीं है। यह लफ़्ज़ बोलने वाला जिन भी हो सकता है। हर मज़हब के लोग जिनों में यकीन करते है।

जवाब: जो शख़्स नबी के तौर पर भेजा गया है उसके मोजिज़ात उसको साबित करते है। अल्लाह तआला वाहिद है जो मोजिज़ा बना सकता है। जिन ऐसा नहीं कर सकते। और न ही कोई और मख़लूक।

2- “वो फरिश्ता जो नबी के पास वही लेकर आता था अगर एक माद्दा था तो जो लोग वहाँ मौजूद थे वो उन्हे भी दिखाई देना लाज़िम था। आप भी यही कहते है कि उसे देखा नहीं गया। अगर वो एक माद्दा नहीं सिर्फ रूह थी तो उसे सुनना या देखना नामुमकिन था। अगर आपका जवाब है: जो फरिश्ता नबी के पास अल्लाह की वही लाता था वो एक माद्दा था। अल्लाह ने चाहा कि वो न देखा जाये, जोकि उसकी ताकत में है, तो यह ज़रूरी नहीं कि हम हमारे सामने किसी पहाड़ को देखे या हमारे बराबर में बज रहा कोई ढोल सुने, जो कि दकयानूसी बात है।”

जवाब: जो वही लाता था वो एक फरिश्ता था। एक फरिश्ता साफ, पारदर्शी शय है। यह अल्लाह का कानून नहीं है कि वो रंगहीन और पारदर्शी चीज़ों को ज़ाहिर करे। तो वो रंगहीन और पारदर्शी था इसलिए उन्हे नहीं देखा गया। यह दक्यानूसी बात होगी अगर हम कहें कि ठोस चीज़ों को नहीं देखा जाता। किसी रूह के लिए दिखने लायक शक्ल इख़्तियार करना मुमकिन है, बोलना और सुनाई देना भी, जोकि कई बार हुआ है।

3- “नबी पर ईमान रखने के लिए यह समझना ज़रूरी है कि वो एक नबी है। और यह एक लम्बी जांच परख के बाद ही मुमकिन है। उसे उसी वक़्त मानने की ज़िम्मेदारी बेतुका भी है।”

जवाब: नबी के मोजिज़ा देखने के बाद उसके सच पर भरोसा न करना नामुमकिन हो जाता है। जिन्होने इसे देखा या सुना हो उन्हे यह सच फौरन मान लेना चाहिए।

4- “यह एक नबी का काम है कि अच्छी चीज़ों का हुक्म देना और नुकसानदेह चीज़ों से बचाना। और यह इन्सान के लिए मजबूरी और ज़बरदस्ती का सबब बनती है। ‘अल्लाह ने इंसान हरकत बनाई है; आदमी का इन हरकतों में कोई हाथ नहीं है।’ यानि इसका मतलब है इन्सान को वो करने पर मजबूर करना जो वो नहीं कर सकता।”

जवाब: बन्दे की ताकत का, अपनी हरकत की मख़्लूक पर कोई असर नहीं पड़ता, पर वो अपनी मख़्लूक की कामना कर सकता और बना सकता है। इसे **कस्ब** कहते है। इन्सान अपनी कस्ब कुव्वत को इस्तेमाल करने का हुक्म दिया हो।

5- हुक्म को मानना इन्सान को थका देता है और न मानने से वो अज़ाब में रहेगा। बन्दे के लिए दोनों चोर नुकसानदेह है। अल्लाह हाकिम है, दो नुकसानदेह चीज़ें नहीं करता।

जवाब: इसपर हमारा जवाब यह होगा कि सारे हुक्म इस दुनिया और आख़िरत दोनों के लिए फायदेमन्द है। जितनी मेहनत इन्हे करने में लगती है उससे कई गुना ज़्यादा इसके फायदे हैं। थोड़ी सी मेहनत करके कई फायदों को खो देना कमअक्ली है।

6- "अगर थकन के बदले में जो ऐसा हुक्म को पूरा करने में हुई हो कुछ फायदा न मिले तो ऐसा हुक्म देना बेतुकी बात है। अगर उसमें फायदे है और वो सारी अल्लाह के लिए ज़रूरी है, तो इसका मतलब है कि उसे अपने बन्दों की ज़रूरत है, जोकि सच के बिल्कुल उल्टे है। अगर वो इन्सान के लिए फायदेमन्द है तो यह उनका हुक्म देना और उसे न पूरा करने वालों को अज़ाब देना सही नहीं है। यानि इसका मतलब ये हुआ, या तो वो करो जो तुम्हारे लिए फायदेमन्द है या मैं तुम्हे हमेशा अज़ाब में रखूँगा।"

जवाब: अक्ल जिसे ख़ूबसूरती, बुरा या बेतुका समझती है वो हमेशा वैसा नहीं होता। और न ही यह कहना सही है कि अल्लाह की हर मख़लूक फायदेमन्द है। हम इसे आगे साबित करेंगे। अबदी अज़ाब इसलिए नहीं दिया जायेगा क्योंकि किसी फायदेमन्द चीज़ को नहीं अपनाया बल्कि इसलिए दिया जायेगा क्योंकि बन्दे ने अपने ख़ालिक अपने मालिक का हुक्म नहीं माना। उसका न मानना कुफ्र, नापाकी और उसके प्रति अपमान है।

7- "जबकि अल्लाह तआला जानता है कि उसका बन्दा यह नहीं कर सकेगा या करना नहीं चाहेगा जो कि उसके लिए फायदेमन्द हो? ऐसा हुक्म क्या उसके बन्दे के लिए बुरा और नुकसानदेह न होगा?

जवाब: जैसा हमने ऊपर लिखा है कि अगर हम मान भी ले कि ऐसे हुक्म को मानना बन्दे के लिए नुकसानदेह हो सकता है पर बड़े ईनाम हासिल करने के लिए चाहिए होता है छोटी परेशानियों को पार किया जाये। मुताज़िला के मुताबिक, इस्लाम के **72** फिरकों में से एक, किसी काफिर का अल्लाह तआला के हुक्म और मनाहियों को मानने के लिए समझाने पर कुछ ईनाम है। उसे हिम्मत देकर सवाब कमाने के लिए कहना भी अहम है। सवाब वो रहमत है जो उस बन्दे के लिए होती है जो पूरे तजवीज़ के साथ अल्लाह के हुक्मों को पूरा करे। यह रहमत तजवीज़ से नहीं आता। मसलन, कोई बन्दा

किसी को खाने पर बुलाता है पर वो उसे दावत नहीं देगा तो अपनी नीयत ज़ाहिर नहीं कर पायेंगा। इस मसले पर मैं मुसलमान सोचने वालो के बयानों की रिवायत करना ज़रूरी समझता हूँ:

अल्लाह तआला ने इन्सान को कमज़ोर और ज़रूरतमन्द बनाया है। उसे खाना, कपड़े, रिहाइश, अपने दुश्मनों से हिफाज़त और भी कई चीज़ों की ज़रूरत होती है। एक आदमी अपनी ज़रूरतें ख़ुद पूरी नहीं कर सकता। इसके लिए उसकी ज़िन्दगी बहुत छोटी है। उसे दूसरे से साझेदारी बनानी होगी और साथ रहना होता है। एक आदमी अपनी बनाई हुई चीज़ दूसरे को देता है और दूसरा उसके बदले में उसे वो चीज़ देता है जिसकी उसे ज़रूरत होती है। यह साथ की ज़रूरत को ऐसा कहा जाता है कि "इन्सान को सभ्य बनाया गया है।" सभ्यता में रहने की एक ज़रूरत इंसाफ भी है। हर कोई वो चाहता है जिसकी उसको ज़रूरत होती है। इस चाहत को 'शहवा' कहते है। वो गुस्सा होता है अगर कोई उसका फायदा उठाता है। चीख पुकार, जुल्म और बुराई उनमें पैदा होती है। सभ्यता टूट जाती है। एक सभ्यता में तिजारत जारी रखने और इंसाफ कायम रखने के लिए कई सिधांतों का जानना ज़रूरी है, और हर एक सिधांत कानून बनता है। उन्हे एक सही तरीके से समझना ज़रूरी है। अगर इन्हे बनाने में इन्सान एक राय नहीं होते तो झगड़ा फिर शुरू हो जाता है। इसलिए इन्सानियत को सबसे आला शख़्स को इसे बनाना चाहिए। उसके फैसलों को कुबूल करवाने के लिए उसका ताकतवर होना ज़रूरी है और यह जानना ज़रूरी है कि वो फैसलें उसकी तरफ से ही आये है। मोजिज़ा इसी तरह के सबूत है। वो जो अपनी ख़्वाहिशातों और शहवा के पीछे भागते है उन्हे इस्लाम पसन्द नहीं आता। वो इसके कानूनों का पालन नहीं करना चाहते। यह दूसरो का हक तोड़ते है और गुनाह करते है। जो इस्लाम का पालन करेगे उन्हे सवाब मिलेगा और जो नहीं करेगा उसे अज़ाब, यह ऐलान इस्लाम को और मज़बूत बनाता है। इसके लिए जिसने यह हुक्म दिया है और जो सज़ा देगा उसे

जानना ज़रूरी है। इसलिए इबादत का हुक्म दिया गया। हर दिन इबादत करके वो याद रहता है। इबादत की शुरूआत होती है मानने से और उसके वुजूद पर ईमान लाने से, उसके नबियों और बरकत और दूसरी दुनिया के अज़ाब पर ई मान लाने से।

इबादत करने और ईमान लाने से तीन चीज़ें निकलती है: बन्दा खुद की हवस से निजात पाता है; दिल और रूह पाक होती है, और बन्दे को गुस्सा नहीं आता; हवस और गुस्सा, बनाने वाले को याद करने में बाधा डालते है। दूसरे बन्दों को महसूस करने वाले आजअू के अलावा के अलग-अलग एहसास होता है माद्दो के ज़रिए। तीसरा, जैसा कि पता है कि अच्छे काम करने वाले को सवाब और बुरा करने वाले को अज़ाब मिलेगा इससे इन्सानों में इन्साफ कायम होता है। यह बयान मुसलमानों का मुताजिला के बयान से मिलता है कि, "मसलों का फायदेमन्द होना सही है।"

8- "अगर बहुत पहले ही किसी फर्ज़ का होना अल्लाह ने लिख दिया है, जैसे हिदायत नामुनासिब बेतुका और बेतर्क होगी। तो किसी फर्ज की हिदायत देना जो अटल है बेकार है। दूसरी तरफ, जो फर्ज पहले नहीं लिखे गए उनको कराना सताने वाली बात होगी। इसका मतलब हुआ, "नामुमकिन को करो!"

जवाब: अगर इन्सान वो फर्ज पूरा कर सकता है तो यह सताना या तकलीफ देना नही हुआ उस हुक्म को पूरा करना। अल्लाह तआला ने इन्सान की कुव्वत के मुताबिक ही हुक्म दिए है। इस सवाल पर हमारा जवाब, हुक्मों को मद्दे नज़र रखते हुए उसी तरह होगा जैसा कि अल्लाह तआला के बनाने पर सवाल था। यानि, यह नहीं कहा जा सकता कि अल्लाह तआला को वो बनाना पड़ेगा जो बहुत पहले लिखा जा चुका है। और न ही यह कहा जा सकता है कि अल्लाह तआला वो नहीं बना सकता जो बहुत पहले लिखा जा चुका है।

9- "हुक्म जो जिस्म के लिए मुश्किल है वो इन्सान को अल्लाह के वुजूद को जानने से रोकता है। और इससे इन्सान का बाकी काम करने के लिए वक्त नही मिलता।

जवाब: हुक्म के फायदों से इन्सान अल्लाह के वुजूद और ज़िन्दगी के तरीकों को जानता है। हमने इसका जवाब वज़ाहत से ऊपर सातवे सवाल में दिया है। [हुक्मों का मानना इस्लाम में लाज़िम है यानि, हुक्म पूरा करने की ज़रूरत को जानना और मनाहियों से बचना। अगर कोई सारे हुक्म मानता है और सिर्फ एक हुक्म नहीं मानता और उसका अपमान करता है तो उसने मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) पर ईमान खो दिया। वो एक काफिर हो गया। मुसलमान होने के लिए सारे हुक्मों पर ईमान लाना ज़रूरी है। अगर कोई मुसलमान, हालांकि वो हुक्मों पर ईमान रखता है पर नाफरमानी करता है मसलन, सुस्ती की वजह से नमाज़ न पढ़ना, या अपने बुरे दोस्तों के साथ देना या नफ्स का शराब पीना, लड़कियों और औरतों के मामले में बिना अपने सिर और हाथ ठके घर से बाहर जाना, तो वो अपना ईमान नहीं खोते और न काफिर बनते है। ऐसा इन्सान एक नाफरमान और गुनाहगार मुस्लिम होता है। अगर वो जानकर एक भी हुक्म को पूरा नहीं करना चाहता यानि कुबूल नहीं करता और उसे अपना फर्ज़ नहीं समझता तो वो ईमान खोकर **मुरतद** हो जाता है। ऐसे बयान जैसे, "क्या होगा अगर मैं नमाज़ नहीं पढ़ँगा और नंगे सिर बाहर जाऊंगी? लोगों के साथ रहना और उनके लिए अच्छे काम करना माफ़ से बरतर है," का मतलब है कुछ हुक्मों को मानना और कुछ को नकारना। हर मुसलमान को इस बात पर ज़रूर ग़ौर करना चाहिए, और वो जो हुक्मों का पालन नहीं करते वो अपना ईमान खोने से होशियार रहे। किसी हुक्म को नज़रअन्दाज़ करना अलग बात है उसे न करना चाहने से। इन दोनों में भरमाना नही चाहिए।]

10- "एक अक्लमन्द वो काम करता है जो उसे फायदेमन्द लगता है और उस काम से बचना है जो उसे लगता है नुकसानदेह है। जब उसे इसमें फर्क नहीं पता चलता वो चीज़ फायदेमन्द है या नुकसानदेह तो वो उसे करता है अगर उसकी ज़रूरत होती है। अक्लमन्द के इस काम को देखते हुए नबियों को भेजना ज़रूरी नहीं था।"

जवाब: ऐसी कई चीज़ें है जो या तो एक अक्लमन्द समझ नहीं सकता या गलत समझता है और उन्हे नबियों के ज़रिए सिखाना ज़रूरी है। एक नबी एक खास डॉक्टर की तरह होता है। वो दवाईयों के असर को अच्छी तरह जानता है। हो सकता है कि किसी आम आदमी ने कई सालों के तजुर्बे के बाद और अपनी अक्ल से कुछ दवाईयां बना ली हो पर उस अक्लमन्द आदमी ने हो सकता है इसे सीखने में कई नुकसान झेले हो, और इसमें काफी वक़्त और काम करना पड़ा होगा। उनके पास अपनी अक्ल से दूसरे ज़रूरी काम करने का वक़्त नहीं बचा होगा। डॉक्टर को थोड़े से पैसे देकर वो दवाईयों को फायदा ले सकता है और अपनी बीमारी ठीक कर सकता है। नबियों को ग़ैर ज़रूरी कहना, डॉक्टरों को ग़ैर ज़रूरी कहने जैसा है। चूंकि नबियों के ज़रिए सिखाये गए हुक्म अल्लाह तआला की नाज़िल की हुई वही है जोकि सब सच और फायदेमन्द है। एक डॉक्टर का इल्म जो काफी तजुर्बे और काम के बाद आता है उसे भी पूरी तरह सच्चा नहीं कहा जा सकता।

11- "मोजिज़ा का वजूद काबिले कुबूल नहीं है। चूंकि यह एक मामूली हादसों से अलग है, यह ऐसा नहीं है जिसे एक अक्लमंद कुबूल कर सके। इसी वजह से नबुव्वत का भी कोई तुक नहीं है।"

जवाब: एक मोजिज़ा से ज़्यादा बड़ी हैरत है ज़मीन और आसमान का ख़ल्क होना। अगर किसी चीज़ का कुदरती कानून से हट कर होना नामुमकिन है तो इसका मतलब यह नहीं कि चमत्कार भी इन कानूनों से हटकर नहीं हो

सकते। औलियाओं और नबियों के ज़रिए सदियों से चमत्कार होते आ रहे है। एक अक्लमन्द आदमी इसे नहीं नकार सकता। एक मोजिज़ा को दिखाने का मकसद होता है नबी की सच्चाई साबित करना। यह एक चमत्कार होना चाहिए; कुदरती कानूनों के ज़रिए हुई चीज़ों को मोजिजा नहीं कहते।

12- "एक मोजिज़ा नहीं बता सकता कि नबी सच बोल रहा है। यह पक्का नहीं है कि मोजिज़ा अल्लाह की तरफ से किया गया है या नबी की तरफ से ख़ुद। जादू भी एक चमत्कार है। आप भी जादू में यकीन करते हो।"

जवाब: अक्लमंद अलग-अलग मुमकिनात सामने रख रहा है जैसे, थ्योरी और हायपोथीसिस, तजुर्बे और आजओ के ज़रिए महसीस करे गये इल्म को झूठा नहीं कह सकते। किसी चीज़ का होना हमें उसे ग़ैरवजूदी होने पर सोचने से नहीं रोक सकता। अल्लाह तआला अकेला हर चीज़ को वजूद में लाता है जैसे ऊपर वज़ाहत की गई है। दूसरे लफ्ज़ों में एक मोजिज़ा अल्लाह बनाता है नबी नहीं। चूंकि हर कोई जादू नहीं कर सकता, वो नबी का समुंद्र को दो टुकड़ों में बांट देना, एक मुर्दे को ज़िन्दा करना, अन्धे को आंख की रौशनी वापस लाना, और एक लाइलाज बीमारी का इलाज करने को इससे नहीं मिलाते। इसलिए वो मोजिज़ा जो चमत्कार है उसमें उलझे हुए है।

13- किसी मोजिज़ा का पता लगना या तो उसे देख कर होता है या तवातुर (**तवातुर** एक ऐसी फैली हुई रिवायत होती है या ऐसे सबूत के साथ दस्तावेज़ होते है जिसे नकारा नहीं जा सकता) की रिवायतों से सुनी गई हो। एक रिवायत को सच्चा नहीं माना जा सकता चाहे वो तवातुर ही क्यूँ न हो। तो जिन लोगों ने मोजिज़ा नहीं देखा वो नहीं जानेंगे कि नबी क्या है क्योंकि उनमें झूठे होते है जो झूठा तवातुर फैला देते है, जिसे सब जानते है।

जवाब: दुनियावी सभी मसले जो भी तवातुर के ज़रिए पता चले है उनपे यकीन किया गया है। जैसा कि एक सच है कि एक शहर है जिसका नाम दिल्ली है, जैसे ज़मीन, चांद से बड़ी है और सूरज से छोटी, जैसे मुहम्मद ने इस्तानबुल पर फतह हासिल की थी ग्रीक से में सब दूसरो से सुन कर यकीन किया गया है।

14- हमने मज़हब पढ़े है। हमने कुछ चीज़ें पाई जो सांईस से इस्तिलाफ रखती है। तो हम इस नतीजे पर पहुंचे है कि यह अल्लाह की तरफ से नाज़िल नहीं हुई। इसकी मिसाले है किसी जानवर को तकलीफ पहुँचाना उसे खाने के लिए इसकी इजाज़त देना, कुछ वक़्तों पर रोज़ा रखना, कुछ लज़्ज़तदार चीज़ों को खाने पीने की मनाही, कुछ जगहो पर जाने का हुक्म जबरदस्ती, साये और तवाफ करना और पागल लोगो और बच्चों की तरह बिना किसी लक्ष्य के पत्थर मारना, एक बिना कीमती पत्थर को चूमना, एक आज़ाद और भद्दी लड़की की तरफ देखने से मनाही पर एक खूबसूरत जारिया को देखने की इजाज़त।

जवाब: चाहे अक्लमन्द अच्छे बुरे का फर्क कर पाता और हमें यह मानना पड़ता कि अल्लाह तआला को अपने इन्सानी बन्दों को फायदेमन्द चीज़ें करने का हुक्म देना चाहिए, यह ज़ाहिर है कि उस अक्लमन्द के पास उस काम के फायदे को पहचानने की कुव्वत नहीं जो उस सवाल में है। अक्लमन्द की यह न पहचानने की नाकामी का यह मतलब नहीं कि उस काम में फायदा नहीं। अल्लाह तआला ने यह हुक्म दिए है चूंकि वो इसके फायदे जानता है। जैसा हम पहले कह चुके है कि ऐसी कई चीज़ें है जो एक अक्लमन्द के ज़रिए नहीं समझी जा सकती पर नबुव्वत के ज़रिए समझाई जा सकती है। हम दूसरे निबन्ध में इस बात की वज़ाहत करेगें।

परिचय - II

4- मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की नुबुव्वत का सबूत

नेकी और वाक्ये ऐसे कई फायदे रखते है जोकि एक अक्लमन्द की समझ से परे है, तो कई दफा वो इसके फायदों को नकार देता है। हमें इन फायदों के वुजूद को साबित करने के लिए सबूत के साथ बात करनी है। कुछ दवाईयाँ कुछ इन्सानों को मार देती है जब उन्हे कम मिकदार में दिया जाये, पर वो कुछ लोगों को कोई नुकसान नहीं पहुँचाती हत्ता कि उन्हे ज़्यादा मिकदार में दी जाये। [इसकी मिसाले **सआदते अबदिया** में दी गई है, सनक और एलर्जी के मामले में] कई लोग इस पर यकीन नहीं करते, हालांकि यह तजुर्बे से बनी है। वो हत्ता कि इसके उल्टे, साबित करने की कोशिश करते है। जैसा कि पुराने ग्रीक फिलोस्फरों और माद्दो की इबादत करने वाले ने किया, उन्होने नबियों के वुजूद से इन्कार किया और अपने कुफ्र के लिए वजहे सामने रखी। यह मानते हुए कि अल्लाहु तआला, नबी, जिन, फरिश्ते, जन्नत और जहन्नम उनकी अक्ल से समझे जा सकते है, उन्होने अपने दिमाग से बनाई हुई इन चीज़ों को भी नकार दिया। अगर, कोई शख़्स जिसने कभी ख़्वाब नहीं देखा, उससे कहा जाये कि ख़्वाब में, "इन्सान एक ऐसी स्थिति में आ जाता है जिसमें उसके आजअ़, तर्क और सोच में ख़लल पैदा हो जाता है, और इस स्थिति में इन्सान वो चीज़ देखता है जो उसकी अक्ल से परे होती है," तो उसपे यकीन नहीं करेगा; वो कहेगा यह नामुमकिन है। अगर उससे कहा जाये कि इस दुनिया में एक छोटी चीज़ है, जिसे अगर किसी शहर में रख दिया जाये तो वो पूरे शहर

को तबाह कर देगी। फिर वो खुद को तबाह कर देगी। वो जवाब देगा कि यह नामुमकिन है। जबकि, यह लफ़्ज़ आग के बारे में बताते है। वो जो आसमानी मज़हबों और आख़िरत की ज़िन्दगी को नकारते है वो इसके जैसे है। वो शक के अमानती साईन्सदानों पर यकीन करते है और ज़रूरी सावधानी बरतते है जब वो कहते है अनुमान और शक से हटकर, कि तबाही नज़दीक है, पर वो नबियों के ज़रिये बताई गई इस दुनिया के ख़तरे और आख़िरत पर यकीन नहीं करते, जिनकी सच्चाई को सब अच्छी तरह जानते है और जिन्होने कई मोजिज़ा दिखाये है। पर वो जहन्नम के अबदी और नाकाबिले बयान अज़ाब के लिये कोई तय्यारी नहीं करते। वो इबादत को बच्चो का खेल और पागलपन समझते है, जिसकी कीमत नबियों ने समझाई है।

सवाल: नखरी चीज़ें जिनके बारे में फिलोस्फरों ने बताया है जैसे मद्दियत और डॉक्टर पर यकीन किया गया है क्योंकि यह खोजी और आज़माई हुई है। इबादत पर यकीन नहीं किया गया क्योंकि इसके फायदों का तर्जुबी नहीं हुआ है।

जवाब: साईन्सदान के तर्जुबों (प्रयोग) को तबू माना गया जब उन्हे सुना गया। औलियों के तर्जुबा की हुई और हम तक पहुँचाई हुई रिवायते भी इसी तरह है। और इस्लाम से जुड़ी चीज़ों के फायदों को देखा और तर्जुबा भी किया गया है। [इसके अलावा, दवाईयों की तैयारियों में साईन्सदान और डॉक्टरों की कुछ चीज़ें फायदेमन्द भी लगी और तर्जुबा करने के लिए पैसा इकट्ठा करके उसपे लगाया भी गया पर बाद में पता चला कि वो नुक्सानदेह है। ऐसी दवाईयों की फहरिस्त स्वास्थ विभाग के ज़रिए जारी की जाती है और दवाईयों की दुकानों पर दी जाती है और इनपर न इस्तेमाल करने का लेबल लगाकर। ऐसी दवाईयाँ बनाने वाली फैक्ट्रीयों को हुक्मतों ने बन्द करवा दिया है। यह हर रोज़ अख़बार की ख़बर बन गई है कि जो दवा भले के लिए बनी थी नुकसान देने वाली साबित हो रही है। दुबारा रोज़ाना अख़बारों में साबित हो

रहा है कि एंटिबायटिक दवा से दिल की बीमारी और कैन्सर हो रहा है और कुछ डिटरनैन्ट सेहत के लिए ख़तरनाक साबित हो रहे है।] अगर इस्लाम के कानूनों के फायदे तर्जुबा (प्रयोग) करने से ज़ाहिर नही भी होता तब भी उन्हे मानना और उसकी ज़रूरत को पूरा करना सही होगा। मिसाल के तौर पर किसी चिकित्सक का अक्लमंद बेटा जिसे दवाईयों के बारे में कुछ नहीं पता बीमार हो जाता है। उसने अपने वालिद के बारे में कई लोगों से सुना है और अख़बार में उनकी कामयाबी के बारे में पढ़ा है और जानता है कि वो उससे बहुत प्यार करते है। और वालिद उसे दवा देकर कहता है कि यह दवा अगर लेते हो तो फौरन ठीक हो जाओगे। क्योंकि उसने उसे कई बार आज़मा रखा है। पर जब वो देखे कि दवा का इन्फेक्शन लगाया जायेगा और उसे दर्द होगा, तो क्या उसका अपने वालिद से यह कहना नहीं सही होगा कि, "मैने यह दवा कभी इस्तेमाल नहीं करी। मैं नहीं जानता कि यह मेरे लिए सही भी है या नहीं। मैं यकीन नहीं कर सकता कि आपके अल्फाज़ सही है।" दुनिया में कौन ऐसे जवाब को मानेगा?

सवाल: कैसे यकीन किया जाये कि एक नबी अपनी उम्मत को अपने बेटे की तरह चाहता है और इसके हुक्म और मानाहिया फायदेमन्द है?

जवाब: एक बाप की अपने बेटे के लिए मुहव्वत को कैसे जाना जाता है? यह मुहव्वत खुद में ज़ाहिर और हकीकी नहीं है। यह सिर्फ उसका उसके बेटे से बर्ताव, रवय्यै और बातों से पता चलता है अगर एक समझदार इन्सान रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की बातों पर ध्यान देता है और रिवायतें पढ़ता है जो आपके इन्सानों को सही राह पर लाने की मेहनत को बताती है। आपका सख़्ती लोगों के हक़ को बचाने के लिए, और आपके उदार और शफक्कत से अख़्लाक की मेहनत देखे तो वो साफ देखेगा कि आपने अपनी उम्मत से एक बाप अपने बेटे से जितनी मुहब्बत करता है उससे कई

ओ आदमी! तुम क्या हो? टुम अपने बाप की रगों में क्या थे? एक वक़्त में, अपने बाप की रगों में, जिसकी तुम बेईज़्ज़ती करते हो ऐसे नामों के साथ जैसे बेवकूफ़, पूराने ज़माने के और दकि़यानूसी, तुम उन्हें बेआरामी का एहसास कराते थे। तब तुम्हे किसने हरकत करना बताया, और तुम उन्हें क्यों सता रहे हो? अगर वो चाहते, तो तुम्हें कूढ़े के ढेर में फैंक सकते थे, लेकिन उन्होने ऐसा नहीं किया। उसने तुम्हे एक अमानत की तरह छुपाया। जबके वो बहुत रहम वाला था के तुम्हें एक पारसा औरत के सुपुर्द किया, जहाँ तुम्हें कुशादा तौर पर पाला गया और एक लम्बे अरसे तक तुम्हें बचाने की जद्दोजहद की गई, तुम अपने बाप की बेईज़्ज़ती क्यों करते हो उसे अपनी सब तकलीफ़ों का ज़िम्मेदार ठहराते हुए, बजाए इसके के उस से अपना शुक्रिया ज़ाहिर करो और अपने पैदा करने वाले का सारी रहमतों का जो तुम्हें बख़्शी गई? इसके अलावा, तुम क्यों अपनी अमानत कूढ़े के ढेर में फैंक रहे हो हर किसी के ज़रिए गंदा होने के लिए?

जब तुम्हारे आस-पास के लोग तुम्हारी ख़्वाहिश और तमन्नाओं की तक़लीद करें, तुम ये यकीन करते हो के तुम सब कुछ कर रहे हो उनको अपनी

अकल, इल्म, सांईस, ताक़त, मज़बूती और सारी काबीलियत खोज करके उनकी तख़्लीक के ज़रिए। तुम उस काम को भूल जाते हो जो अल्लाहु तआला ने तुम्हें सौंपा है करने के लिए, तुम उस आला सरकारी फ़राईज़ से इस्तिफ़ा दे देते हो और अमानत की मिलकियत हासिल करने की कोशिश करते हो। तुम अपने आपको इज़्ज़त और ज़ाहिर करना चाहते हो एक मालिक और हुकुमरान की तरह।

दूसरी तरफ़, जब तुम्हारे आस-पास के लोग तुम्हारी इच्छाओं की तक़लीद नहीं करते, जब बेरूनी ताक़तें तुम्हारे ऊपर हावी होने लगती हैं, तुम अपने अंदर तब कुछ नहीं देख पाते, सिवाए अफ़सोस और नाकामी, नाचारी और नाउम्मीदी के। तब तुम दावा करते हो के तुम्हारी कोई ख़्वाहिश या पसंद नहीं है, वो ये के तुम सबकी गुलामी तले हो, के तुम एक मशीन की तरह हो, जो खुदबखुद हरकत करने वाली है लेकिन टूटे हुए स्प्रिंग के साथ। तुम कदर को इस तरह नहीं समझते जैसे **अल-इल्म अल मुतक़दिदम** (लाज़वाल इल्म) लेकिन ऐसे **अल-जबर अल मुतहाकिम** (ज़ालिम की ज़बरदस्ती)। जबके ये कहने से, तुम इस हक़ीकत से नावाकिफ़ नहीं होते के तुम्हारा मुँह एक रिकार्ड प्लेअर की तरह नहीं है।

जब तुम्हारा पसन्दीदा खाना तुम्हारी मेज़ पर नहीं पहुँचता, तुम अपना हाथ और ज़बान रोक लेते हो और सूखी रोटी खा लेते हो जो तुम्हारी पहुँच में है, अगरचे तुम आज़ाद हो खाने के लिए या नहीं खाने के लिए और भूख से मर जाने के लिए; सूखे निवाले तुम्हारें मुँह में ताक़त के ज़रिए नहीं ठूँसे गए! तुम खाओ, लेकिन ये भी सोचो के तुम्हें महरूम रखा गया तुम्हारी मरज़ी से अदाकारी करने से, और तब भी जो तुमने क्या वो इस तरतीब से नहीं है ये बेइरादा हरकतों की वजह से नहीं है। बहरहाल, अगरचे तुम ऐसे वक़्त में भी अपने ऊपर काबू हासिल कर लेते हो ऐसे जब तुम चाहो तो, तुम अपने

आपको तजवीज़ करके मजबूर कर सकते हो, गुलाम बना सकते हो; मुख़्तसर ये, एक सिर्फ़ कुछ नहीं बेरूनी ताक़तों के ख़िलाफ़।

ओ आदमी! इनमें से तुम कौन हो? तुम दावा कर सकते हो 'सभी' जब तुम ख़ुशहाल हो और जब कामयाबी और जीत तुम्हारे साथ हों, और 'कुछ नहीं' किस्मत की ताक़तों के तले हो जब मामलात ख़राब हो जाएँ या तुम्हारी ख़्वाहिशों के बरअकस हों। क्या तुम 'सब' या 'कुछ नहीं'?

ओ इंसानियत! ओ आदमी जो तैर रहा है किसी कमी और वहम पर! तुम न तो 'सब' हो न ही 'कुछ नहीं'! किसी भी कीमत पर, तुम ऐसी चीज़ हो इन दोनों के बीच में। हाँ, तुम दूर हो खोज लिए जाने से, सरदारी करने से और सब चीज़ों को जीत लेने से। लेकिन, तुम्हारे पास कभी झूठ साबित न होने वाली आज़ादी है और इख़्तियार है और एक ख़्वाहिश है और मरज़ी जो तुम्हारी एहकामियत की अदाईगी करती है। तुम में से हर एक-एक हाकिम/अधिकारी है, जो अकेले और मजमूई तौर पर कुछ फ़राईज़ निभाता है अल्लाहु तआला के हुक्म के मुताबिक़, जो है ग़ैर मसावी हाकिम, मुतलक और बिना किसी शर्त के मालिक बग़ैर किसी साथी के! तुम अपने फ़राईज़ उसके कानून और उसूलों के नीचे अदा करते हो जो उसने कायम किए हैं, तुम्हारे दरजों के हदूद के अंदर जो उसने तुम्हें सौंपी हैं, उन ज़िम्मेदारियों और वसीलों के अंदर जो उसने तख़्लीक़ और सुपुर्द की हैं तुम्हें अमानतों के तौर पर। वो अकेला वाहिद सेनापति है, बेमिसाल हाकिम और अकेला मालिक। वहाँ पर कोई और हुक्म देने वाला नहीं हैं उसके बराबर, ना ही कोई हाकिम उससे मिलता हुआ है, ना ही मालिक-साझेदार है उसके साथ। वरना मकासिद और मुरादें जो तुमने दावा की हैं और जिनकी तरफ़ तुम सरगरमी से भाग रहे हो, वो जद्दोजहद जो तुमने तेए की हैं, वो शोहरत जिसमें तुम फ़ख़र महसूस करते हो और तुम्हारी कामयाबियाँ इसके लिए हैं, वो सब झूठी हैं, बेकार हैं। तब, तुम अपने दिल के

अंदर झूठ को क्यों कुबूल करते हो और बुत परस्ती में तबदील हो जाते हो? तुम क्यों नहीं अल्लाहु तआला के एहकामों की फरमाबरदारी करते, जो ग़ैर मसावी हुकुमरान है और जानते हो वो तख़्लीक़ करने वाला है? इसके बजाए तुम हज़ारों ख़्याली बुतों के पीछे भागते हो और मुसिबतों में डूब जाते हो? तुम जिस तरफ़ भी भाग रहे हो, क्या वो एक ख़्याल, पसंद या एक यकीन नहीं है जो तुम्हें घसीट रहा है? तुम उस ख़्याल को किसी और में क्यों देख रहे हो अल्लाहु तआला के अलावा? तुम क्यों नहीं बराहे रास्त उस यकीन को अल्लाहु तआला में रखते और अपने सारे बातों में से कोई एक बात इस यकीन पर क्यों नहीं बिताते और उन कामों में जो इस यकीन का नतीजा हैं?

जब तुम जानते हो अल्लाहु तआला एक मुतलक हुकुमरान है और काम करता बग़ैर अपने उसूलों और कानूनों को तोड़े हुए, तुम कैसे अच्छी तरह एक दूसरे से प्यार कर सकते हो और बंधे हुए भाई हो सकते हो! क्या नहीं इस भाईचारे से अल्लाहु तआला का रहम तख़्लीक़ होगा? हर मेहरबानी जो तुम हासिल करते हो वो इस भाईचारे का नतीजा है जो पैदा हुआ अल्लाहु तआला में, उसके रहम में और करम में यकीन के ज़रिए। हर मसला या मुसिबत जो तुम तर्जुबा करते हो वो नतीजा है तुम्हारे जोश, गुस्से और दुश्मनी का जो तुम भर देते हो अपने बदले की वजह से सख़्त सज़ा के साथ अल्लाहु तआला की तरफ़ ध्यान न देने की वजह से, बेरहमी और नाइंसाफ़ी के लिए। और ये इसका भी नतीजा है के अपने आप कानून बनाने की कोशिश करना और दूसरों की तक़लीद करना जो अल्लाहु तआला के साथ मुकाबला करना चाहते हैं, मुख़्तसर ये, सिर्फ़ अल्लाहु तआला में यकीन न रखना उसके असली ईमान के साथ उसकी वहदत में।

मुख़्तसर में, सबसे बड़ी वजह इंसानियत के बीच में मुश्किलों की वो है अल्लाहु तआला के ख़िलाफ़ बुत परस्ती का जुर्म करना। बेईमानी का अंधेरा

जो इंसानियत के अफ़क को घेरे हुए है, इल्म और सांईस में सुधार के बावजूद, ये नतीजा है बुत परस्ती का, ईमान न रखने का, अल्लाहु तआला की वहदत में यकीन न रखने का और आपसी प्यार में कमी होने का। अगरचे सख़्त इंसानी मख़लूक ने कोशिश की, वो भी तकलीफ़ों और तबाहियों से बच नहीं पाए अगर उन्होने एक दूसरे से प्यार नहीं किया। और, अगर नहीं उन्होने अल्लाहु तआला को जाना, अगर नहीं उसे प्यार किया, अगर नहीं उसे इज़्ज़त दी एक मुतलक हाकिम की तरह और उसकी इबादत की, बंदे एक दूसरे को प्यार नहीं कर सके। जो चाहे सोच रही हो अल्लाहु तआला के अलावा और अल्लाहु तआला के तरीके में, उनमें से सब वो रास्ते हैं जो बेमेल और कमबख्ती की तरफ़ जाते हैं। क्या तुम नहीं देखते के जो मस्जिद जाते हैं वो एक दूसरे से प्यार करते हैं और वो जो आना जाना लगाए रखते हैं शराब खाने में लड़ते हैं?

जिसे चाहे तुम अपने दिल को दो, या चाहे किसी की भी तुम इबादत करो अल्लाहु तआला के अलावा उनमें से हर एक एक दूसरे के ख़िलाफ़ है और एक चीज़ दूसरी के बराबर मानी जाती है। और वो सब कादिरे मुतलक और अल्लाहु तआला की मरज़ी के अंदर है। वो अकेला हाकिम है जिसका कोई साझेदार, मिलता जुलता, एक जैसा, मुखालिफ़ या बराबर नहीं है, और वो अकेला वाहिद है जिसका बराबर नाजाईज़ और गलत है, एक अदम मौजूदगी के बराबर, जिसकी मौजूदगी नामुमकिन है।

जिसे चाहे तुम तक़लीद करो, इबादत, प्यार करो या इज़्ज़त दो मुतलक हाकिम की तरह अल्लाहु तआला के अलावा, ये जान लो के वो तुम्हारे साथ जलाया जाएगा।

मरकज़-ए-दाएरा-ए इफ़लास वा बी नवाई
सर शार-ए साहबा-ए खुदग़ामी वा ना अशिनाई
अस-सय्यद अबदुलहकीम-ए-अरवासी

तीसरा हिस्सा
सवानेह उम्रियाँ

9– सय्यद [सय्यद पैग़म्बर की नसल में से]
अबदुलहकीम-ए-अरवासी की सवानेह उम्री
(सय्यद फ़हीम-ए-अरवासी के एक शार्गिद)

वो आख़िरी ख़लिफ़ात उल मुसलिमिन सुल्तान मौहम्मद वहीद उद दीन खान की हुकूमत में सबसे आला आलिम [**आलिम:** मुस्लिम फ़ाज़िल] थे। वो बास्कल'आ शहर में वेन के नज़दीक **1281 (1865)** में पैदा हुए और अंकारा में **1362 (1943)** में वफ़ात फरमाई। उस वक़्त के दौरान जब साम्यवादियों फ्रीमेसन, वहाबियों, मुशरिकों, रफ़ीदियों, यहुदियों और ईसाइयों ने इस्लाम पर हमले किए अपनी सारी इशाअतों नशरे इशाअत, शाही ताक़तों और दौलत के ज़रिए मुस्लिम बच्चों को उनके ईमान से महरूम रखने के सिसिले में, इस वक़्त उन्होनें अहल-अस-सुन्नत [**अहल अस सुन्नत:** सच्चे मानने वाले (साथियों के) पैग़म्बर के। जेरिदे-ए इल्मियए मेक्मू असी, न०. **48**, प. **1484**।] को अपनी तकरीरों, उपदेशों और किताबों के साथ बचाया बरबादी के खिलाफ़ और,

अपना करने वाली माहिर बातों से, उन्होने उस ज़हरिले झूठों को साफ़ किया जो नौजवानों के ऊपर असर डाली हुई थीं। उन्हें खौफ़नाक मुश्किलों और ज़ुल्मों को झेलना पड़ा इस रास्ते के लिए (रहीमा-हुल्लाहु तआला)। अबदुलहकीम एफ़ेंदी के वालिद ख़लिफ़ा मुस्तफ़ा एफ़ेंदी, येकसेकॉवा के गाँव सकीतन से थे, एक कस्बा हक्कारी का (एक मशरिकी अंतोलियन शहर)।

सय्यद अबदुर्रहमान, अबदुलहकीम एफ़ेंदी के परदादा, वो सय्यद अबदुल्लाह के बेटे थे। सय्यद अबदुल्लाह अरवास में सय्यद फ़हीम के सिरहाने (दफ़न) है। जब सय्यद अबदुल्लाह की वफ़ात हुई, तो अरवासी खानदान को आगे बढ़ाने के लिए, सय्यद अबदुर्रहमान की माँ ने उन्हें आमादा किया शादी करने के लिए। उनके पाँच बेटे थे जिनके नाम हैं ताहिर, अबदुर्रहीम, लुत्फ़ी, अबदुलहमीद और मौहम्मद। सय्यद ताहिर बसरा के गर्वनर थे। सय्यद अबदुर्रहीम ने **1200 [1786]** में वफ़ात पाई। वो, उनके बेटे हकी इब्राहिम और उनके पौते अबदुल अज़ीज़ (दफ़न है) अहमद हनी मकबरे डोज़ू बाएज़ीद में। अबदुल अज़ीज़ के तीन बेटे मौहम्मद अमीन और उमर इफ़दीस और सय्यद ख़दीजाह थे। उन में से हर के बच्चें और पौतें एक ख़ज़ाना थे जो मज़हबी और दुनियावी तालिम से भरे हुए थे। मौहम्मद अमीन एफ़ेंदी के चार बेटे थे। उनके नाम थे अबदुल अज़ीज़, अबदुलक़दीर, अबदुलहकीम और मेहमूद एफ़ेंदीस। अहमद एफ़ेंदी, अबदुलहकीम एफ़ेंदी के बेटे, ने **1988 [1409]** के आख़िरी दिन इस्तानबुल में वफ़ात पाई जब वो तुर्कीए रोज़ाना अख़बार के एक अख़बार नवीस थे।

सय्यद अबदुर्रहमान अपने वक़्त के मुरशीद-ए अकमल (मुकम्मल मुरशीद) थे। हज़ारों अल्लाहु तआला के चाहने वाले उनकी सोहबा (तालीमात) में हाज़िर होते थे और फ़ैज़ हासिल करते थे। वो दूर मुल्कों में मशवरों के खतूत

भेजते थे। उनके फ़ारसी ज़वान में ख़त जो उन्होने अमीर शराफ़ददीन अव्वासी को भेजे; जो के इरीसन अमीरों में से एक थे, वो बहुत कीमती थे। उन ख़तों में से एक में उन्होने अपने सलाम भेजे और दुआएँ (आशीर्वाद) दी मौहम्मद करीम खान, मुस्तफ़ा और फ़ैज़उल्लाह बैगस के लिए। शराफ़ददीन बैग ने उनके दूसरे ख़त में मंदरजाज़ेल लाइने जोड़ दीं: (मौलाना ने ये ख़त इस फ़कीर को भेजा [उनका मतलब है अपने आपसे] **1192 [1778]** में। उन्होंने फरमाया सवर ज़रूरी है हर मुश्किलों के ख़िलाफ़ और सबर की कीमत वाज़ेह करी। कुछ महीनों बाद, मेरे वालिद अवदुल्लाह हन बैग गुज़र गए। मौलाना की करामात इससे अच्छी तरह समझ में आ गई।) सय्यद अवदुर्रहमान होशाव में दफ़न हैं।

सय्यद लुत्फ़ी एफ़ेंदी के ग्यारह बेटे थे।

सय्यद लुत्फ़ी एफ़ेंदी के पहले बेटे थे अबदुलग़नी, जिनके बेटे मीर हक़ थे, उनके बेटे थे अवदुर्रहमान, और उनके बेटे थे मौहम्मद सैद एफ़ेंदी। लुत्फ़ुल्लाह एफ़ेंदी के दूसरे बेटे थे अबदुलग़फ़ार एफ़ेंदी, जिनके बेटे थे शरीफ़, उनके बेटे थे मौहम्मद शफ़ीक एफ़ेंदी। तीसरे बेटे लुत्फ़ुल्लाह एफ़ेंदी के मौहम्मद थे, जो के हज़रत सय्यद फ़हीम के सौतेले बाप थे, उनके बेटे थे ताहिर, जिनके बेटे थे रसूल, जिनके बेटे थे अब्दुल्लाह एफ़ेंदी।

लुत्फ़ुल्लाह एफ़ेंदी के चौथे बेटे थे रसूल एफ़ेंदी, उनके पाँचवे बेटे थे सय्यद सिबग़तुल्लाह एफ़ेंदी जो सय्यद ताहा-ए हक्कारी के शार्गिद थे। उनके बेटे थे जलाल-अद-दीन, जिनके बेटे थे अली, जिनके बेटे थे सलाहअददीन एफ़ेंदी। उनके दो बेटे कमुरन ईनान और जैनुल आविदीन ईनान बीटलीस की एवाने वाला और संसद के रूकन बने।

उनके छठे बेटे थे जमालउददीन, जिनके बेटे थे अबदुलमाजीद, जिनके बेटे थे सादउल्लाह, जिनके बेटे थे मुहीइददीन, जिनके बेटे थे अबदुर्र हमान, जिनके बेटे थे लुत्फ़ुल्लाह, जिनके बेटे थे नुरूल्लाह एफ़ेंदी।

अबदुलहमीद एफ़ेंदी के दो बेटे थे, जिनमें से एक थे मौला सफ़ी, जिनके पौते थे अबदुलहमीद एफ़ेंदी। उनके दूसरे बेटे थे हज़रत सय्यद फ़हीम-ए-अरबासी, "कुददीसा सीरोह"।

सय्यद मौहम्मद के सात बेटे और एक बेटी जिसका नाम हमीदा हानिम था। हमीदा हानिम हुररेम बैग की बीबी थीं जो तैमूर [तैमरलेन या तैम्बरलेन।] की नसल में से थे। उनके तीन बेटे थे जिनके नाम थे सालिह, ममदूह और सैद। सैद बैग की दो औलादों में से एक तौफ़ीक बैग और अमीना हानिम थीं। अमीना हानिम मक्की एफ़ेंदी की पहली बीबी थीं। उनकी दूसरी बीबी अफ़ीफ़ा हानिम थीं। सय्यद मौहम्मद के पहले बेटे महमूद एफ़ेंदी थे। उनकी तीन बेटियाँ थीं ज़ुबेदा, मरयम और असमा नाम की। असमा हानिम अबदुलहकीम एफ़ेंदी की पहली बीबी थीं और वो बहुत पारसा और ख़ुदा परस्त थीं। उनकी दूसरी बीबी आएशा हानिम थीं जो के सय्यद फ़हीम अरबासी "कुददीसा सीरोह" की पौती थीं। वो अहमद मक्की और मुनीर इफ़ंदीस की माँ थीं। उनकी तीसरी बीबी आएशा हानिम थीं जिनको नीने (दादी माँ) हानिम बुलाते थे और चौथी बीबी बदरिया हानिम थीं। उनकी पाँचवी बीबी मैदा हानिम माई **1396 [1976]** में इस्तानबुल में चल बसीं।

सय्यद मौहम्मद के दूसरे बेटे मुहीउददीन एफ़ेंदी थे। उनके दो बेटे और दो बेटियाँ थीं। उनकी बेटियों में से, बयाज़ हानिम फ़ारूक बैग की माँ थी और ज़लीहा हानिम अबदुररहीम ज़पसू की माँ थीं। हसन और मुस्तफ़ा एफ़ेंदी उनके बेटे थे। हसन एफ़ेंदी के सात बेटे और सात बेटियाँ थीं, उनमें से चार बेटे मर गए जब वो बच्चे ही थे। पाँचवे बेटे मज़हर एफ़ेंदी नसीब हानिम का शौहर था। छठे बेटे मुहीउददीन एफ़ेंदी ने अंकारा में वफ़ात पाई। सातवें बेटे नजमददीन एफ़ेंदी कोर्ट ऑफ अपील के एक रूकन थे। वो नाईमा हानिम के शौहर और अहमद एफ़ेंदी के दामाद थे। उनकी बेटियाँ, नीने (दादी माँ) आइशा हानिम अबदुलहकीम एफ़ेंदी की बीबी थीं; दिलबर हानिम ताहा एफ़ेंदी की बीबी

थीं; फ़ातिमा हानिम सय्यद इब्राहिम एफ़ेंदी की और सबीहा हानिम अबदुल्लाह बैग की बीवियाँ थीं।

मुस्तफ़ा एफ़ेंदी की दो बेटियाँ और नौ बेटे थे। पहले बेटे सय्यद अबदुलहकीम एफ़ेंदी थे। दूसरे इब्राहिम एफ़ेंदी, तीसरे ताहा एफ़ेंदी, चौथे अबदुलक़दीर एफ़ेंदी, पाँचवे शमशुद्दीन एफ़ेंदी, छठे ज़ियाअददीन एफ़ेंदी, सातवें युसूफ़ एफ़ेंदी, आठवें मेहमूद एफ़ेंदी, नवें क़ासिम एफ़ेंदी। अबदुलहकीम एफ़ेंदी सबसे बड़े थे और सबसे आख़िर में रहलत फरमाई। अबदुलक़दीर एफ़ेंदी के तीन पौते, ज़ेनुलआबिदीन, बदरददीन और फ़हरददीन अभी ज़िन्दा हैं। शमशुद्दीन एफ़ेंदी के एक बेटा और दो बेटियाँ थीं। उनमें से एक, अफ़ीफ़ा हानिम, मक्की एफ़ेंदी की बीवी थीं। नज़ीफ़ा हानिम, मार्च **1986** में वफ़ात पा गई। उनके बेटे, सालिह जमाल एफ़ेंदी, इमाम और खतीब (वाईज़) थे क़िर्ज़ाली मस्जिद इस्तानबुल में और बहुत गहरी और ग़ैर मसावी तर्जुबा थी जलालउददीन-ए-रूमी की **मसनवी** पर। वो **1396 [1976]** में इस्तानबुल में मर गए। युसूफ़ एफ़ेंदी के बेटे, सय्यद फ़ारूक इस्हीक़, हिसाब किताब की अदालत के सरबराह और बेन सूबे के एक सेनेटर थे। **1972** अंकारा में उनकी वफ़ात हो गई। फ़ारूक बैग के दो बेटे, सय्यद नौज़ाद और सय्यद रूजान ज़िन्दा हैं और उनके बेटे हैं। सय्यद रूजान मज़द/मज़दूर विज़ारत में काउंसिलरशीप पर तऐयुन किए गए **1391 (1971)** में। मेहमूद एफ़ेंदी की माँ मरयम हानिम थीं। बाकी सब उनके दूसरे भाई और बहन हनो हानिम के बच्चे थे।

मेहमूद एफ़ेंदी की बेटी रूकय्या हानिम हैं। मुस्तफ़ा एफ़ेंदी की पहली बेटी मोतबर हानिम, सैद बैग की बीवी थीं जो के तैमूर नसल से थे और वो अहमद मक्की एफ़ेंदी की दोनों थीं बाप की तरफ़ से बुआ और सास भी थीं। **1341** में उनकी वफ़ात हुई और वो इदीरनेकपी कब्रिस्तान में मदफ़न हैं। उनकी दूसरी बेटी राबिया हानिम थीं।

सय्यद मौहम्मद के तीसरे बेटे नुरूददीन एफ़ेंदी थे। उनके दो बेटे थे जिनके नाम माजिद एफ़ेंदी और अली एफ़ेंदी थे। माजिद एफ़ेंदी के बेटे इज़्ज़त बैग नाफ़िया हानिम के शौहर थे और वो **1981** वेन में वफ़ात पा गए थे। उनके चार बच्चे थे।

सय्यद मौहम्मद के चौथे बेटे अहमद एफ़ेंदी थे। उनके तीन बेटे थे जिनके नाम उवैद, शौकत और शीहाबउददीन थे।

सय्यद मौहम्मद के पाँचवे बेटे हमीद पाशा थे। उनके चार बेटे थे, अहमद, अबदुल्लाह, फ़ैहमी और इब्राहिम, और तीन बेटियाँ, नाफ़िया, नसीबा और आइशा थीं। उन में से सय्यद इब्राहिम अरवासी अबदुलहकीम एफ़ेंदी के दामाद थे और कई सालों तक वेन के वज़ीर रहे। उनकी वफ़ात अंकारा में **1965** में हुई। उनके बेटे सय्यद सिद्दिक और बेटियाँ गुलसूम और हमीयत थीं। सय्यद अहमद मौहम्मद सिद्दिक एफ़ेंदी के दामाद और नाईमा हानिम के बाप थे। मौहम्मद सिद्दिक एफ़ेंदी हज़रत सय्यद ताहा के पौते थे, वो इस तरह, के सय्यद उबेदउल्लाह के बेटे और एक भाई अबदुलक़दीर एफ़ेंदी शहीद के। नाफ़िया हानिम इज़्ज़त बैग की बीवी थीं, नसीबा हानिम मज़हर एफ़ेंदी की, आइशा हानिम मौहम्मद मासूम एफ़ेंदी की।

सय्यद मौहम्मद के छठे बेटे हुसैन एफ़ेंदी थे। उनके चार बेटे, जलाल, अलाऊददीन, सय्यद ग़ाज़ी और बहाऊददीन थे। सैफ़ऊददीन बैग, जलाल एफ़ेंदी के बेटे, रूकय्या हानिम के शौहर थे और एदीन और जलाल एफ़ेंदी और लैला हानिम के बाप थे। एदीन बैग वेन के वज़ीर चूने गए अनावतन पार्टी से **1983** में। उनके बेटे जूनेद, मलीह रूजान, फतेह और मुराद एफ़ेंदी लायक जानशीनों के तौर पर बढ़ाए गए।

सय्यद मौहम्मद के सातवें बेटे युसूफ़ एफ़ेंदी हैं। सय्यद अबदुलहकीम एफ़ेंदी के तीन बेटे और दो बेटियाँ थीं। उन में से उनवर और शाफ़िया असमा हानिम के थे। शाफ़िया हानिम सालिह बैग की बीवी थीं जो मुसूल में हिजरत के दौरान मर गई थीं। इसी तरह, अनवर इस्कीशेहीर में **1336 [1918]** में जबके हिजरत कर रही थीं वफ़ात पा गई। उनके दूसरे नेक बेटे अहमद मक्की ऊचीशीक (उज़ीक) एफ़ेंदी अरबी और फारसी की किताबों और अपने वालिद से मज़हबी इल्म के गहरे माहिर की वफ़ात **1387 [1967]** में इस्तानबुल में हुई। वो बगलूम कब्रिस्तान में दफ़न किए गए। अपने काबिल फ़तवों के साथ, वो एक नवाज़े गए इंसान थे जिनका मुकाबिल पूरी दुनिया में मिलना मुश्किल है। उन्होने बहुत सारे पुख्ता और कीमती मज़हबी आदमियों को तालीम दी। वो सांईस की खोज लगाने वालों और रूहानी दाएरे में काम करने वालों की बीमारियों के लिए दवाइयाँ मुहैय्या कराते थे। अल्लाहु तआला इस्तानबुल के शहर और पूरी इस्लामी दुनिया को इज़्ज़त बख्शे और नवाज़े उनकी पाक मौजूदगी से। सय्यद अहमद मक्की एफ़ेंदी के चार बेटे थे, बाहिक, वाहा, मदनी और हिकमत और एक बेटी ज़ाहिदा। हर एक अपने अख़्लाक़ और पाक जोहर में बेमिसाल थे। उनके पौते, ताहा उचीशीक (ऊज़ीक), फ़हीम और मौहम्मद एफ़ेंदी और उनकी बेटी शाफ़िया हानिम सब को नायाब जोहर की तरह पाला गया। अबदुलहकीम एफ़ेंदी "कुददीसा सीरोह", के तीसरे बेटे सय्यद मुनीर एफ़ेंदी ने कई सालों तक नगरपालिका के बिकरी महकमे में काम किया और अपनी ईमानदारी, पढ़ने के शौक और ख़ूबसूरत आदात की वजह से अपने साथ काम करने वालों से इज़्ज़त और प्यार हासिल किया। **1399 [1979]** वो चल बसे। उन्हें बगलूम कब्रिस्तान में मदफ़ून किया गया।

1332 [1914] में रजब के महीने में सय्यद अबदुलहकीम एफ़ेंदी बाशकला से हिजरत करके आए। वो **1337** में इस्तानबुल आए। पहले वो अय्यूब सुल्तान के यज़ीला मदरसा में मकीम हुए और बाद में गुमससुयू पहाड़ी

पर मुरतदा एफ़ेंदी तकेसी में। जबके वो मुख़्तलीफ़ मस्जिदों में वाअज़ करते थे और वेफ़ा हाई स्कूल और सुल्तान सलीम मस्जिद में सुलेमानिया मदरसे में पढ़ाते थे, उन्होने इस्लाम की नशरो इशाअत और इस्लाम के दुश्मनों को खामोश और ज़ेर करना शुरू कर दिया। **1337** [**5** अगस्त, **1919**] ज़ूल-कदा की **8**वीं तारीख़ को एक फरमान (सुल्तान का हुक्म) में, उनको मुदर्रिस (सिनियर प्रोफ़ेसर) मुकर्रर किया गया सबसे ऊँचे मदरसे में, जो युनिवर्सिटी के दरजे का मदरसा था सुलेमानिया में। फरमान में कहा गया:

"तकर्रूरी की गई दारूल-ख़िलाफ़त अल-आलिया सुलेमानिया मदरसा में मंदरजाज़ेल खाली औहदों के लिए डबराली विलदान फ़ाइक एफ़ेंदी को अल हदीस अस शरीफ की मुदर्रिस-शीप के लिए; अवदुलहकीम एफ़ेंदी, हक्कारी के एक अल्लामा, तसव्वुफ़ की मुदर्रिस-शीप के लिए;... और हक्कारी के साबिक नुमाइन्दे सय्यद ताहा एफ़ेंदी को अल-फ़िकह अश-शाफ़ि-ए की मुदर्रिस-शीप के लिए। इस अल-इरादत अस-सानिया (शाही तहरीर) की बजा आवरी के लिए, मशीककात अल-इस्लामिया (मज़हबी मामलात का दफ़तर) इसे मौहम्मद वहीद अद-दीन को सौंपता है।"

ये फरमान जरीदा-ए इल्मिया, के **48**वें शुमारे के **1484** सफ़ेह पर लिखा हुआ है।

मुरतदा एफ़ेंदी, जिन्होने मक्का अल-मुकर्रमा में अहमद यकदस्त से फ़ैज़ हासिल किया था, वो जहाज़गाह के हिसाब किताब के महकमें से रोज़नामचा के सरबराह के तौर पर सुबुकदोश हुए थे। उन्होने **1158** में गुमुसुयू में इदरीस काओस्क के नज़दीक एक मस्जिद तामिर कराई थी समुंद्र की तरफ़। **1160** में उनकी वफ़ात हो गई और समुंद्र के तरफ़ वाली दीवार में उनको दफ़नाया गया। उनके बेटे भी वहीं मदफ़ून हैं। इस मस्जिद के पहले इमाम अब्दुल्लाह-ए-कासग़हरी के बाद, उनके बेटे उवेदउल्लाह एफ़ेंदी दस साल तक इमाम रहे। ई

सा एफ़ेंदी, अगले इमाम की वफ़ात **1206** में हुई। सलीम ख़ान ने उनके लिए एक मक़बरा बनवाया। बाद में अब्दुल्लाह एफ़ेंदी के दामाद, जलाबी उबेदउल्लाह, ने **1208** में वफ़ात पाई। आख़िकार, सय्यद अबदुलहकीम एफ़ेंदी, जो के ज़ाहिरी और पौशीदा उलूम का खज़ाना थे, उन्हें इमाम और खतीब (वाइज़) के तौर पर तकर्रुर किया गया। **1326 [1943]** में अपनी वफ़ात तक वो यहाँ और दूसरी मस्जिदों और स्कूलों में इस्लाम की नशरो इशाअत करते रहे।

हुसैन हिल्मी एफ़ेंदी [बराए मेहरबानी बारवाँह बाब देखिए।] ने कहा, "**1347 [1929]** से शुरू करता हूँ, लगातार सात साल तक उनकी सोहबत में रहने के बाद और अगले सात सालों के लिए बाद में अकसर उनकी ज़ियारत करने जाता था जबके मैं अंकारा में ही था, मैं इंतेज़ाम करता था अंबार को उठाने का उस दरवाज़े से (अबदुलहकीम एफ़ेंदी के) जो हासिल कर सकता था इस दुनिया और आने वाली के लिए। हालांकि मैं इस्लामी इल्म को पढ़ने में काबिल नहीं था और इस्लामी जोहरों और अफ़ज़लियत से नावाकिफ़ था, मुझे इज़्ज़त हासिल हुई कुछ चीज़ समझने की इल्म (जानकारी) और इख़्लास (वफ़ादारी में सदाकत) की अज़ीम वली की मदद, रहमदिली और हमदर्दी के साथ। मैने बहुत से लोग देखे जो मेहनती और जानने की इच्छा रखने वाले थे वो मुल्क के हर हिस्से और बाहर से आए थे और बहुत सारी चीज़ें पूछते थे इल्म और सांईस के तअल्लुक से और जवाबों के तअल्लुक से मुतमईन होकर जाते थे। हालांकि, वहाँ पर ऐसे बुनियादी लोग भी होते थे जो दुनियावी फ़ायदों के लिए या दुश्मनी जैसा जुर्म करने आते थे। अपनी तेज़ बसीरत की वजह से वो फ़ौरन उनके इरादों को भाँप लेते थे, लेकिन, क्योंकि वो नेक हलीम, रहमदिल और दूरअंदेश थे, वो दुश्मन और दोस्त के बीच फ़र्क नहीं रखते थे, हर एक से इन्किसारी और मदारा (अपने एहसास को छुपाते हुए) का बरताव करते थे। वो जो अपने पाक दिलों के साथ मिलने आते थे और फ़ैज़ [**फ़ैज़:**

मारीफा।] हासिल करते थे इस्लाम के आलिमों से अल्लाह की वजह से और उनके नकशे कदमों पर चलते हुए इस्लाम के दस्तूरों पर जिए।वो जो कहते हैं के उनके दरवाज़ों से फ़ैज़ हासिल किए लेकिन इबादत करनी छोड़ दी और अपने आपको हरामों [**हराम:** काम, चीज़, इस्लाम में मना हैं।] और बुराइयों में मसरूफ़ कर लिया, बहरहाल, उनको धोखेबाज़ और इस्तेहसाल करने वाला माना जाता है।"

ऊपर कहा गया इदरीस कओस्क इदरस हकीम बीन हुसामउददीन के ज़रिए बनाया गया।एक गहरे माहिर आलिम बएज़ीद और यवुज़ के ज़माने में, इस शख़्स ने पच्चीस कबीलों को जो ईरान की सरहद के साथ रहते थे उनको उसमानिया सल्तनत में शामिल करने की वजह बने थे।इस तरह उन्होने चलडीरन फ़तेह में बहुत ज़्यादा मदद की।वो उस फ़व्वारे के किनारे पर दफ़न किए गए जो उन्होने बुलबुल नदी के पास बनाया था।उनकी वफ़ात **[932]** में हुई।उनकी बीवी ज़ेनब हातून ने एक मस्जिद इदरिस कओएक के नज़दीक बनवाई जो उनके नाम के साथ जानी गई।वहाँ पर करयागदी टेक्के (दरवेश के बसेरे की जगह) है जो उसी जगह पर कायम है मस्जिद की तरह।उसके पीछे गुमशसुयु फव्वारा है।करयागदी टेक्के को (चोलक हुसैन टेक्के) भी कहते हैं।इसको मुस्तफ़ा III ने बनवाया था।डोलंची दरवेश मौहम्मद ने एक मौलाविहाने इस टेक्के के पीछे बनवाया था **1230** में।

सय्यद अवदुलहकीम एफ़ेंदी मज़हवी इल्म और मअरीफ़ [**मअरीफ़ा:** अल्लाह के बारे में इल्म, औलिया के दिलों को खिंचना: जमा **मअरीफ़**।] में तसव्वुफ़ के वहुत गहरे थे।युनिवर्सिटी के रूकन, साईसंदा और मुदव्विर उन मुश्किल सवालों को पूछने आते थे।जो वो सोचते थे के उनके कोई जवाब नहीं हैं लेकिन तसल्ली के साथ जाते थे क्योंकि उनको उनके जवाब मिल गए होते थे- उनके पूछने से पहले ही- एक घंटे के अंदर उनकी सोहवा (जमाअत,

तालिमात) में। वो जो उनकी तवज्जुह (ध्यान, मदद) जीत लेते थे और उनका प्यार वो बेशुमार करामात [**करामात:** मोजिज़े जो अल्लाह औलिया के ज़रिए करवाता है।] देखते थे। वो बहुत ज़्यादा सीधे और इंकसारी वाले थे। वो कभी ये कहते हुए नहीं सुने गए, "मैं ज़ाती तौर पर..." वो कहते थे, "हमें इसको शामिल नहीं करना चाहिए... हमें समझ नहीं आता क्या वो बरतर लिखते हैं। हम उन्हे पढ़ते हैं सिर्फ़ उनकी दुआओं में साथ होने के लिए।" हालांकि, वो, भी, इस इल्म के माहिर थे। हुसैन हिल्मी एफ़ेंदी के ससुर, युसूफ़ ज़िया अकसिक, उनके क़रीबियों में से एक और करामुरसेल कपड़े के कारखाने के डायरेक्टर ने, कहा, "मैने सपने में अबदुलहकीम एफ़ेंदी की हथेली को चूमा और दूसरे ही दिन अयब सुल्तान में उनके घर पहुँच गया उन्हें अपने सपने के बारे में बताने के लिए, मैं झूका उनके हाथ को बोसा देने के लिए जैसे हम हमेशा करते थे जब हम मिलते थे। उन्होने अपना मुबारक हाथ आगे बढ़ाया, हथेली ऊपर की तरफ़ और कहा, 'उसी तरीके से चूमो जैसे के तुमने पिछली रात किया था', और, मेहरबानी करते हुए, उन्होने बहुत सारी हक़ीक़ते समझाई।"

हुसैन हिल्मी एफ़ेंदी, उनमें से एक जो अबदुलहकीम एफ़ेंदी को प्यार करते थे बहुत ज़्यादा, बयान किया, "मैं और रीफ़की एफ़ेंदी, एक तुर्की उस्ताद दारूससफाक़ा हाई स्कूल के, अबदुलहकीम एफ़ेंदी के घर गए। रात की इबादत के बाद, वो ख़ामोशी से बैठ गए, बहुत गहरी सोच में। वो परेशान लग रहे थे। थोड़े वक़्त के बाद उन्होने बेरबत बोला, 'खड़े हो जाओ और यहाँ से जाओ!' ये बहुत ग़ैर मामूली था और हम इजाज़त लेने के बाद ही जाया करते थे। हम उनके हाथ को बोसा देना चाहते थे जैसे के रिवाज था जाते वक़्त का, लकिन उन्होने कहा, 'जल्दी करो! फौरन चले जाओ!' रीफ़की एफ़ेंदी बाग़ में भाग गए और उसके बाद गली में। मैं बाग़ में अपने जूते के तस्में बाँधने के लिए रूक गया था। कोई मेरे क़रीब आया और बोला, 'तुम अभी तक यहाँ

क्यों हो! फौरन चले जाओ!' मैने ऊपर देखा और देखा वो अबदुलहकीम एफ़ेंदी थे! मैने कहा मैं ये गली में भी कर सकता हूँ। मैं बाहर की तरफ़ भागा और उन्हें गली में आकर बाँधा। दूसरी सुबह हमने सुना के, हमारे सामने के फ़ारक से चले जाने के कुछ ही मिनटों बाद, बाग़ के पिछले फ़ारक से पोलिस अंदर घुसी और पूरे घर की तलाशी ली और अबदुलहकीम एफ़ेंदी को पोलिस स्टेशन ले गए।"

1349 [1931] में अबदुलहकीम एफ़ेंदी को उनके घर से कोर्ट मशिल के लिए मेनेमेन ले जाया गया। रोज़ाना के अख़बार, जो इस्लाम के ख़िलाफ़ दुश्मनी के लिए मशहूर थे, उन्होने ऐसे ख़बर पहुँचाई "शैख अबदुलहकीम, अखीसर शाखा के रीएकशन गैंग के सरगर्म सरबराह, पकड़े गए!" जैसे एक पहाड़ी गौरिला सरदार एक लम्बी लड़ाई के बाद पकड़ा गया हो। इन अख़बारों ने पूरे मुल्क के लोगों में दहशत भर दी और वो मुसलमानों पर आग उगलने लगे। जुर्म का ख़्याल ग़ैर यकीनी हो गया: क़ुरआन के पढ़ाने वालों के घरों की तलाशी ली जा रही थीं; क़ुरआन की किताबें और मज़हबी किताबें जमा करके जलाई जाने लगीं। मुसलमान उनको बालाखानों और कुओं में छुपाने लगे। पीने वाली पार्टियों में इस्लाम के दुश्मन चीखते थे, "मैं उस ऊँट वाले चरवाहे अरबी मौहम्मद को उसकी कब्र से निकालूँगा और उसकी टाँगे काट दूँगा!" उनको जोश के साथ सराहा जाता ख़ुशामदियों और चापलूसों के ज़रिए। जब वो हज़ार-लीरा नोटों को इस्तेमाल करते थे अपनी जेबों में रखते थे नाचती हुई रूसी लड़कियों की छाती पर चिपका कर, उन्होने बैंक के बिलों को चिपकाना शुरू कर दिया। आर्मेनियों के साथ बिचोलियों की तरह वो रोमानिया से ख़ूबसूरत लड़के लाने लगे और उनको बंद पूलों में तेरते हुए देखते थे। इस सिलसिले में, बहुत ज़्यादा कोशिशें की गई और ज़्यादा अबतरी इसका सबब बनी। क्योंकि अज़ान **[अज़ान:** नमाज़ के लिए बुलाना।] उनके मज़े में खलल डालती थी, जो संगीत के साथ होता था, वो कहते थे मिनारों को गिरा

दो। अल्लाहु तआला के एहकाम पैरों तले रोदें जा रहे थे। मिसाल के तौर पर, वो लोगों को ज़बरदस्ती इस्लाम से बाहर करते थे ऐसे लफ़्ज़ों के साथ जैसे "मेरी बेटी! अपने बाल खोल दो! जिन की तरह मत बैठो!" शराबी एक दूसरे से एक उम्मीद रख रहे थे। एक तहरीरी शहादत की ख़बर मिली जिसने ये ज़ाहिर किया के दहशत ने किस तरह अकल को नुकसान पहुँचाया और ज़मीर को सख़्त किया, नौजवानों को तालिम देने के मक़सद से, रोज़ाना के अख़बार **हकीकत** में (**2** रमज़ान, **1390**; नवंबर. **2**, **1970**, न० **195**), इस सुर्खी के नीचे "हमारे मुसिबतों भरे दिन।"

उन दिनों में से एक दिन, जब इस्लाम के दुश्मन मुसलमानों को तंग करने में बहुत आगे बढ़ गए थे, रोज़ाना के अख़बारों ने मंदरजाज़ेल ख़बर लिखी उनके बारे में जो फाँसी पर लटकाए जाने वाले थे पहले दिन: "अबदुलहकीम और उनके साथियों के बारे में अदालत कल फ़ैसला सुनाएगी।" हुसैन हिल्मी एफ़ेंदी ने उस दिन के बारे में इस तरह लिखा:

"उस रात मैने बहुत ज़िक्र और इबादत करी। डर और परेशानी में मै सो गया... मैने ख़्वाब देखा के अबदुलहकीम एफ़ेंदी और मैं अय्यूब मुस्जिद के बीच के फ़ाटक के उल्टी तरफ़ कटहरे में आमने सामने बैठे हुए हैं। वो मुसकरा रहे थे। उन्होने एक सफ़ेद गठरी अपनी सीधी तरफ़ की ओवरकोट की अंदर की जेब से निकाली, उसे खोला और मुझे एक मिस्री खाने को दी। मैने उसे खाया और जाग गया। मैं अभी तक उस ख़्वाब और मिस्री का ज़ाएका महसूस कर रहा हूँ। मैं ख़ुशी के साथ सुबह के आने का इंतेज़ार कर रहा हूँ। मैने जल्दी एक अख़बार खरीदा और बड़े नुकते के हुरफ़ों में सुर्खी देखी: "ऑटोरनी जनरल ने फ़ाँसी का मुतालबा किया।" कोर्ट ने बेगुनाह साबित कोर्ट मारशल के फरवरी **12, 1931** की तारीख़ में अबदुलहकीम एफ़ेंदी को और पाँच लोग जो उनके साथ थे उनको इलज़ामों से बरी किया गया ये बहुत बड़ी ख़बर

थी। मैने अल्लाहु तआला का शुक्र अदा किया। अच्छी ख़बर की जो मेरे ख़्वाब में मिस्री की शक्ल में आई थी वो सच साबित हो गई।"

अपनी ज़ियारतों में से एक में हुसैन हिल्मी एफ़ेंदी अबदुलहकीम एफ़ेंदी के पास गए, उन्होने बाग़ में उन्हें एक आदमी के साथ बातें करते पाया। वो थोड़ी दूरी पर खड़े हो गए जब तक के वो आदमी चला नहीं गया और अबदुलहकीम ने उन्हें बुलाया। हिल्मी एफ़ेंदी ने वाज़ेह किया के बाद में क्या हुआ:

"मैं उनके पास गया और ताज़ीम के साथ बैठ गया। मैं हमेशा अपने आपको देखता रहता था। मैं उनके चेहरे में कभी नहीं देखता था, और कभी अपनी आँखें नहीं घुमाता था। उन्होने कहा, 'क्या तुम इस आदमी को जानते हो? वो मज़हर तोबर है। वो हमें पसंद करता हैं, और हम उसे पसंद करते हैं। लेकिन वो हमारी नहीं सुनता। वो अंकारा के हाई स्कूल में कैमिस्टरी पढ़ाता है। मैने उसे मशवरा दिया और उसे ऐसा और उसे ऐसा और ऐसा करने के लिए कहा। लेकिन वो वैसे नहीं करता जो हम उसे कहते हैं करने के लिए। वो अपनी राए के मुताबिक काम करता है। इसलिए, वो अपने आपको बहुत थका लेता है सबक को पहले तैयार करने और इमतेहानों के पेपरों को पढ़ने में। उसके शार्गिद, उनके वालदेन और स्कूल की इंतेज़ामिया उसे पसंद नहीं करते। अगर वो हमारी सुने, वो आसानी में आ जाएंगे और हर एक के ज़रिए पसंद किए जाएंगे। अपना मशवरा समझाने के बाद, उन्होने मेरे चेहरे को देखा और कहा, 'मेरे इस मशवरे को भूलना मत। जब तुम एक उस्ताद बन जाओ, हमें याद रखना। मैने क्या कहा वही करना! ये तुम्हारे लिए बहुत फ़ायदेमंद है। लेकिन मैने, इस रहमदिल और पिदरली/बाप जैसी मशवरे का क्या बदला दिया, एक बड़ी बेइज़्ज़ती से भरी गलती कर दी, ये कहकर, 'सर, मैं एक दवाई वाला ऑफ़िसर हूँ और मैं अस्पतालों में काम करता हूँ। तालिम देने वाले

आफ़िसर मुझ से अलग है। वो पढ़ाते हैं। हम पढ़ाते नहीं।' इस ग़ैर ज़रूरी और नाशाईस्ता जवाब के साथ, ऐसे लगा मैं उनका मशवरा नहीं मान रहा। मैं अभी तक अपने उन नुक़सानदेह लफ़्ज़ों को बरदाश्त कर रहा हूँ। जब मैं याद करता हूँ, मेरी आँखें आँसूओं से बर जाती हैं और मेरा दिल रोने लगता है। ओह अगर सिर्फ़... मैं एक लम्हे के लिए शराफ़त से पेश आ जाता, अगर सिर्फ़ मैं ये कह देता: 'बड़ी ख़ुशी से, सर!' मैं चाहता हूँ मैं वो नेक दिल न तो तोड़ू, जो के, कोई शक नहीं, अल्लाहु तआला के ज़रिए बहुत चाहा जाता है, एक हक़ीकत है वो हर लम्हे को आशकारा कर देता है, और जो एक खज़ाना थे फ़ैज़ और मारीफ़ा के जो रसूलुल्लाह [**रसूलुल्लाह:** हज़रत मौहमद, अल्लाह के पैग़म्बर।] के दिल से जारिए हुए और औलिया के दिलों तक पहुँचे! मुझे अभी भी शर्म महसूस हो रही है और अपनी बेबुनयादी दिखाई दे रही है।

"ख़ुश किस्मती से, वो अज़ीम मशहूर, जो रहम, सबर, माफ़ी और करम से भरा हुआ था अल्लाहु तआला की तरफ़ से, दर्दमंदी से दोहराते रहे, 'जब तुम एक मुअल्लिम बन जाओ, मेरे इन लफ़्ज़ों को मत भूलना। तुम्हें इनसे फ़ायदा पहुँचेगा!' अल्लाहु तआला का शुक्रिया, मैने कहा, 'ख़ुशी से, सर!' अल्लाहु तआला ने मुझे दूसरा नाफ़रमानी का काम करने से बचाया।

मैं **1366 [1947]** में बरसा फ़ौजी हाई स्कूल में कीमिया पढ़ाने के लिए तकर्रूर किया गया। बाद में, मैं मुअल्लिम स्टाफ का डायरेक्टर मुकर्रर किया गया। स्कूल के सामने, मुझे अबदुलहकीम एफ़ेंदी का मशवरा लफ़्ज़ ब लफ़्ज़ याद था। अपने आप से कहते हुए, 'उन्होने पेशीनगोई की थी के मैं एक मुअल्लिम बनूँगा। उन्होने मुझे ये भी बताया था के इस मक़सद को हासिल करने के सिलसिले में मुझे किस तरह काम करना होगा,' मेरी आँखें नम हो गई। मैने उनकी मुबारक रूह के लिए क़ुरआन पढ़ा और स्कूल की इमरत में दाख़िल हो गया। मैं उनके बताए हुए मशवरे के मुताबिक़ काम करता रहा जब तक के मैं

सुबुकदोश नहीं हो गया **1379 [1960]** में। और मैं अभी भी उनके मशवरे पर चलता हूँ। मैं सब के ज़रिए पसंद किया जाता हूँ। मैं हमेशा जीतता हूँ। मैं सुख और आराम की ज़िन्दगी गुज़ार रहा हूँ।

"अबदुलहकीम एफ़ेंदी अपनी वफ़ात से पहले थोड़े दिनों के लिए कुछ नहीं बोले। वफ़ात से एक दिन पहले, उनकी आँखें टिकटिकी लगा के खाली देख रही थीं और वो लगातार मुसकराए जा रहे थे। उन्होने अचानक मुझे देखा और कहा, 'मैने अर्श अल-इलाही (पाक जगह) देखा! कैसा ख़ूबसूरत, कैसा खूबसूरत! मैने अपना दिमाग अपना होश नहीं खोया। मैं अपने पूरे हवास में ये समझा रहा हूँ।"

केसएरी के अबदुलक़ादीर बए, जो सूत की तिजारत में थे और कई सालों तक अबदुलहकीम एफ़ेंदी की ख़िदमत करते रहे थे, उन्होने हिल्मी एफ़ेंदी को बताया:

"गरमी के एक दिन, अबदुलहकीम एफ़ेंदी और में दोपहर की सलात [**सलातः** नमाज़, मज़हबी इबादत।] मुबारक अय्युब मस्जिद में एक साथ अदा कर रहे थे। तब हम हज़रत ख़ालिद के [एक मशहूर सहाबी] [**सहाबीः** पैग़म्बर के एक साथी।] रौज़ा मुबारक में दाख़िल हो गए। वहाँ पर कोई नहीं था। हम उनकी कब्र की पांएती के पास घुठनों के बल बैठ गए। उन्होने मुझ से कहा उनके करीब बैठूँ और अपनी आँखें बंद कर लूँ। जब मैने अपनी आँखें बंद की, तो मैने देखा हज़रत ख़ालिद हमारे सामने खड़े हैं। वो हमारे पास आए। वो लम्बे थे, अच्छे जिस्म और ढीली दाढ़ी वाले थे। अबदुलहकीम एफ़ेंदी ने मुझ से कहा मैं उनके हाथ को बोसा दूँ। मैने वही किया जो मुझे करने को कहा गया था। वो ख़ामोशी से एक दूसरे से बाते कर रहे थे। मुझे वो सुनाई नहीं दे रहे थे। मैं अदब के साथ उनको देख रहा था। अबदुलहकीम एफ़ेंदी ने मुझ से अपनी आँखें खोलने को कहा। जब मैने उन्हे खोला, मैने देखा हम दोनों कब्र के

किनारे बैठे हुए थे। हम बाहर आ गए। दोपहर ढहलने के बाद की आज़ान होने ही वाली थी। उन्होने मुझ से पूछा के मैने क्या देखा। मेरे बताने के बाद, उन्होने कहा मैं इसके बारे में किसी को न बताऊँ जब तक के मेरी वफ़ात न हो जाए। अब उनकी वफ़ात को चौबीस साल गुज़र चुके हैं। मैं ये तुम्हें खुल कर बता रहा हूँ क्योंकि तुम पूछ रहे थे।!"

10– सय्यद फ़हीम-ए-अरवासी की सवानेह उम्री

(सय्यद ताहा अल-हक्कारी के एक शार्गिद)

सय्यद मौहम्मद फ़हीम बिन अबदुलहमीद एफ़ेंदी की विलादत **1241** में और वफ़ात **1393** **[1895]** में हुई थी। उनकी माँ अमीना हानिम थीं। वो वेन के एक सुबे मुक्स के गाँव अरवास से थे। वो लम्बे और पतले थे। उनकी दाढ़ी ना ही छोटी थी ना ही लम्बी। उनकी नाक बीच से ज़्यादा ऊँची थी। उनका माथा चौढ़ा था। उनका रंग गौरा था। उनके दाँत नामुकम्मल नहीं थे। उनका अमामा लम्बा था। वो सफ़ेद लिबास जो कपड़े के तीन टुकड़ों से बनता था, एक हरी या नीली क़बा, ऊनी मोज़े और चमड़े की जूतियाँ पहनते थे। आख़िरी सालों में वो आँखों का चश्मा लगाने लगे थे। उनकी काली आँखें थीं। ज़्यादातर हिस्से में उनके सफ़ेद बाल थे। उनकी भवें बी से जुड़ी हुई थीं। जब वो सफ़र पर निकलते थे, वो सिर्फ़ घोड़े की पीठ पर ही करते थे अपने मरते दम तक। अपने आख़िर के दिनों में इतने कमज़ोर हो गए थे के अपना अमामा भी मुश्किल से संभाल पाते थे। जब वो सलात पढ़ते थे तो अपने अमामे पर अबानी **[अबानी:** सफ़ेद सूती कपड़ा चारों तरफ़ पीले धागे से छोटे चोकोर कढ़े होते थे।] लपटते थे। वो चौदह शव्वाल को रहनत फरमा गए थे। क्योंकि वो लम्बे थे, उनकी क़ब्र

के पास एक लम्बा कब्र का पत्थर गाढ़ा गया, जो के बाद में आर्मेनियनों ने तबाह कर दिया। उनकी शख़्सियत बहुत दबदबे वाली थी। लोग उनकी परछाई से भी डरते थे। वो जो उनकी परछाई देख लेते थे वो जान जाते थे के वो अल्लाहु तआला के एक प्यारे बन्दे थे। अपने ज़माने में वेन में उनके मुकाबले का कोई नहीं था। वो इल्म की हर शाखा में गहरे थे, चाहे वो ज़राअत, फन और सियासी सांईस ही क्यों न हो। उनका इल्म अल्लाहु तआला की तरफ़ से बख़्शा हुआ था। वेन का गवर्नर भी उनसे पूछकर अपने मसले हल करता था। उन्होने अपनी पूरी ज़िन्दगी में कोई जमाअत की नमाज़ और कोई तहज्जुद (बीच रात की नफ़ली नमाज़ें) नहीं छोड़ी।

जबके वो मज़हबी और सांईसी इल्म हासिल कर रहे थे एक मदरसे में, उन्हे अल-मुर्शिद अल-कामील [**अल-मुर्शिद अल-कामील**: मुकम्मल रहनुमा।] हज़रत सय्यद ताहा अल-हक्कारी की तवज्जुह पाने का शरफ़ हासिल हुआ, जो कुतब [**कुतब:** एक मुल्क या कई मुल्कों में सबसे ऊँचे वली, जिनके साथ दूसरे वली अपने मसअलों के बारे में मशवरा करते थे।] थे मशरिक़ी एनाटोलिया के।

जबके वो शमदीनान छोड़ कर जा रहे थे, जहाँ उनके मुर्शिद रहते थे, मस, बुलानिक के गाँव अनीरी में **मुतव्वल** पढ़ने के लिए, उनके मुर्शिद ने उनसे कहा, "जब तुम्हें किताब में कोई सिरा समझने में मुश्किल आए, मुझे याद (राब्ता) कर लेना! दिमाग़ में सोच लेना!" बाद में जबके वो अपने उस्ताद मौला रसूल अल-सीबकी से **मुतव्वल** याद कर रहे थे, उनको एक फ़िकरा समझ नहीं आ रहा था। उनके उस्ताद ने उसे दोबारा समझाया। उन्होने अपने उस्ताद से उसे मज़ीद समझाने के लिए कहा। मौला रसूल ने फ़िकरे को बहुत बार समझाया और कहा," आज मैं थक गया हूँ, मैं कल इसे समझाऊँगा। दूसरे दिन उन्होने उसको फिर नहीं समझाया। जबके उनके उस्ताद उसे बार-बार पढ़ रहे थे,

हज़रत सय्यद फ़हीम ने अपनी आँखें बंद कर लीं और अपने दिमाग़ में अपने मुशिर्द की छवी लाने की कोशिश की। सय्यद ताहा अपने हाथों में एक किताब लेकर नमूदार हुए। उन्होने सय्यद फ़हीम के सामने किताब खोली। वो वही सफ़हा था **मुतव्वल** का जिस पर वो ग़ैर वाज़ेह फ़िकरा था। सय्यद ताहा ने खोल कर वो फ़िकरा पढ़ा और सय्यद फ़हीम उन्हें ध्यान से सुनते रहे और देखा के उन्होने एक ज़ाइद वाव-ए अतीफ़ा (वा) पढ़ा। जब सय्यद ताहा ग़ायब हो गए, उन्होने अपनी आँखें खोली और देखा के मौला रसूल लगातार उस फ़िकरे को पढ़ और सोच रहे हैं। उन्होने तब इजाज़त माँगी और अपने आप उसको पढ़ा उसमें 'वा' लगातार जैसे के उन्होने अपने मुर्शिद से सुना था। उनके उस्ताद ने कहा, "अब इसका मतलब साफ़ हुआ है।" वो दोनों उसे बहुत अच्छी तरह समझ गए। मौला रसूल ने कहा, "मैं बीस साल से इन लाईनों को पढ़ रहा हूँ और वाजेह कर रहा हूँ, बग़ैर इन्हें समझे हुए। अब मैं इन्हें अच्छी तरह समझ गया हूँ। अब मुझे बताओ... इसको सही पढ़ना तुम्हारी अपनी काबलियत के बाहर नहीं था। मैं सालों से इसको समझ नहीं पाया। कैसे तुमने ये कर लिया? टुमने एक 'वा' लगाया और उसका मतलब साफ़ हो गया?" हज़रत सय्यद फ़हीम ने अपने उस्ताद को बताया, जो अब अला अद-दीन पाशा मस्जिद के दरवाज़े के पास, मस में आराम कर रहे हैं, किस तरह राब्ता के ज़रिए उन्होने इसे याद किया।

हज़रत सय्यद फ़हीम मस को छोड़कर साल में एक बार वेन में एक या दो महीने के लिए रहने जाते थे। वो जो उनसे प्यार करते थे उनके आस पास जमा होते थे और फ़ैज़ हासिल करते थे। वो आम तौर से अहमद बए के मेहमान रहते थे, जो उनको बहुत प्यार करते थे और वो अदालत के फर्सट सैक्रेटरी थे। जिस साल अहमद बए हज [**हज:** मक्का जाना ज़ियारत के लिए।] पर गए, वो दोबारा उनके घर पर ठहरे। एक दिन देर आधी रात में, उन्होने अपने एक वाकिफ़ को बुलाया और कहा, "अपने दोस्तों को जगाओ! हमें यहाँ

से फ़ौरन जाना है और उसके घर जाना है...” उनको जवाब मिला, “जनाब, क्या आधी रात में यहाँ से जाना नामुनासिब नहीं है? क्या हम कल नहीं जा सकते?” उन्होने कहा, “नहीं, हम अभी जाएँगे। अहमद बए के बेटों को बता दो।” अहमद बए के बेटे आए और मिन्नत करने लगे, “जनाब हमें माफ़ कर दिजिए अगर हम से कोई गलती हो गई है। हमें छोड़ कर मत जाइए। वालिद को अफ़सोस होगा अगर वो ये सुनेंगे। हम किस तरह उन्हें जवाब देंगें? भराए मेहरबानी हमें माफ़ कर दिजिए।” वो बहुत ज़्यादा आहो ज़ारी करने लगे। हज़रत सय्यद फ़हीम ने कहा, “नहीं, मैं तुम से बहुत ख़ुश हूँ। तुमने अपनी ज़िम्मेदारियाँ जितनी ज़रूरत थी उससे ज़्यादा निभाई हैं। अहमद बए के बेटों ने कहा, “जैसे आपका हुकूम, जनाब।” आधी रात में वो उनमें से एक के घर में आए जो उन्हें चाहते थे। दूसरे दिन, उनके बेटे मौहम्मद अमीन एफ़ेंदी ने उन्हे बताया के अहमद बए के बेटे बहुत उदास हैं। “बाबा,” उन्होने पूछा, “क्या था अगर हम सुबह तक उनके घर में रूक जाते?” हज़रत सय्यद फ़हीम ने कहा, “मेरे बेटे! अभी तुम किसी को ये नहीं बताना। अहमद बए मक्कात अल-मुर्करमा में पिछली रात चल बसे। वो घर यतीमों का घर बन गया है। वो माल उनका हो चुका है। हम हर चीज़ को इस्तेमाल करते थे, खाते थे और पीते थे हर चीज़, क्योंकि मुझे मालूम था अहमद बए अपनी मरज़ी से उन सबको हलाल [**हलाल:** जिसकी इजाज़त है, बग़ैर सवाल के।] कर देता था हमारे लिए। लेकिन उसके बाद, इस बात की इजाज़त नहीं है उन चीज़ों को इस्तेमाल करने की जो जानशीनों की हो चुकी हैं जिनके साथ हम वाकिफ़ नहीं हैं। मैं अचानक इसलिए निकला क्योंकि ये ज़रूरी था के अपने आपको दूसरों के हुकुक को मारने से बचा सकूँ।” एक महीने बाद हाजी वापस आ गए। सब वापस आ गए, लेकिन अहमद बए नहीं आए। “वो आधी रात में मक्का में मर गए थे,” उन्होने कहा। हिसाब लगाया गया और उसकी मुनावकत निकली उसी आधी रात के साथ।

एक बार जब हज़रत सय्यद फ़हीम वेन झील के किनारे अपने शार्गि दों के साथ चल रहे थे, एक पादरी आर्मेनियन गिरजा घर से निकला एहतमार जज़ीरे पर और पानी की सतह पर चलना शुरू कर दिया। उसके कुछ शार्गिदों ने सोचा, "जबके एक पादरी, जिसे हम अल्लाह का दुश्मन कहते हैं, पानी पर चल रहा है, कैसे हज़रत सय्यद, जिनको हम एक अज़ीम वली और एक प्यारे अल्लाहु तआला के ज़रिए चुने हुए, इस तरह से नहीं कर सकते बल्कि पूरे साहिल के तरफ़ चल रहे हैं?" हज़रत सय्यद किसी तरह से इस सोच से वाकिफ़ हो गए और अपनी चप्पलों को उन्होने अपने मुबारक पैरों से उतारा और अपने हाथों में उन दोनों को एक दूसरे से टकराया। हर बारी जब वो उन्हें टकराते, पादरी पानी के अंदर चला जाता। जब पादरी का बदन पानी में उसकी गरदन तक चला गया, उन्होने एक बार फिर उन्हे टकराया और पादरी डूब गया। तब हज़रत सय्यद उनकी तरफ़ मुड़े जिनकी सोच मुख़ालिफ़ थी और कहा, "वो पानी पर चल रहा था जादू का इस्तेमाल कर के। इस तरह, वो तुम्हारा ईमान [**ईमान:** यकीन एतेक़ाद।] तबाह करना चाहता था। जब मैने अपनी चप्पलों को टकराया, उसका जादू तबाह हो गया और वो डूब गया। मुसलमान जादू का इस्तेमाल नहीं करते और अल्लाहु तआला से करामात के लिए पूछना शर्मनाक माना जाता है।" उसने अपनी करामात से उस पादरी का जादू तोड़ दिया।

अबदुलवहाब एफ़ेंदी, जिन्होने **1963** में वफ़ात पाई और जो रफ़अत बए, एक साबुन के बनाने वाले के वालिद थे, ने कहा, "जब मैने इरज़ूरम में अपना मदरसा पूरा किया, मैं मज़ीद आगे पढ़ना चाहता था। ये कहा जाता था के जो अज़ीम आलिम मैं ढूँढ रहा हूँ वो अबदुलजलील एफ़ेंदी थे, जो बीतलीस में रहते थे। मैं बीतलीस चला गया जहाँ मुझे बताया गया के वो जा चुके थे और मुझे उनके वेन से वापस आने तक इंतेज़ार करना होगा। मैं सबर नहीं कर सका और वेन चला गया जहाँ मुझे पता चला के मैं उनको शाबानिय्या मस्जिद

में ढूँढ सकता हूँ जहाँ वो मुक्स के शैख, हज़रत सय्यद फ़हीम के साथ हैं, जो अभी हाल ही में वेन आए हैं। मैं मस्जिद चला गया जहाँ अज़ीम आलिम अबदुलजलील एफ़ेंदी, जैसा के मैं रास्ते में सोचता हुआ आ रहा था, मंच पर बोल रहे होंगे जबके सब उनकी तकरीर से फ़ायदा उठा रहे होंगे, मैं मस्जिद में दाख़िल हुआ और देखा सब इज़्ज़त के साथ बैठे हुए हैं, उनके सिर झुके हुए थे। वहाँ दरवाज़े से आड़े होकर ऊँचे से एक नूरानी और ख़ुश अखलाक शख़्स बैठे हुए थे। सब उनकी तरफ़ चेहरा कर के अदब से बैठे हुए थे। ये दबदबे और असरदार शख़्स ज़रूर अबदुलजलील एफ़ेंदी हैं, मैने सोचा। लेकिन वहाँ कोई नहीं था आस पास जिससे मैं उनके बारे में पूछता, सब सिर झुकाए हुए और अपने सामने की तरफ़ देख रहे थे। अचानक, एक नौजवान मेरी तरफ़ आया और पूछा मैं किसको देख रहा हूँ। जब मैने कहा हज़रत अबदुलजलील, उसने किसी की तरफ़ इशारा किया जो पीछे की सफ़ में सिर झुकाए बैठे थे, उसने कहा, 'वहाँ है वो... तुम बैठो अगर अगर पसंद करो।' मैने पूछा वो बोलने वाले कौन थे। हज़रत सय्यद फ़हीम, जवान आदमी ने कहा जो, कई सालों बाद, मुझे पता चला, सय्यद अबदुलहकीम एफ़ेंदी थे। थोड़ी देर बाद आज़ान हो गई। सुन्नत [**सुन्नत:** वो चीज़ें जो करी गई और पसंद की गई पैग़म्बर के ज़रिए] और सलात अदा की गई। हज़रत सय्यद फ़हीम इमाम [**इमाम:** एक मुसलमान जो नमाज़ की इमामत करे।] बने। हमने सफ़ें सीधी करी; तब जबके शुरू की तक्बीर [**तक्बीर:** ये फ़िकरा "अल्लाहु अकबर" (अल्लाह सबसे बड़ा है)।] इमाम के साथ कह रहे थे, हम, पूरी जमाअत (इजतमा), हिल गई जैसे के बिजली के ज़रिए झटका लगा हो। तब से आठ साल बति चुके हैं। जब में इमाम की कही हुई तकबीर याद करता हूँ; मैं हिल जाता हूँ और मेरे दिल के अंदर एक ऊँचा उठने का एहसास तारी होता है जैसे के उस दिन हुआ था।"

हज़रत सय्यद फ़हीम की करामात और अल्लाहु तआला की नज़र में उनका ऊँचा रूतबा उनकी हेसियत का वो मापा या वाज़ेह नहीं किया जा सकता। उनकी बड़ी और सबसे ज़ाहिरी करामात थी उनकी एक आरिफ़ [**आरिफ़:** एक अज़ीम वली जिसका दिल अल्लाहु तआला के शख्श और खासियों में इल्म हासिल करता है। आरिफों में से एक ऊँचा कहलाता है "कालिम", के दिन में उंडेल दे वो कहलाता है एक "मुकम्मल"।] कामिल वली मुकम्मल जैसे के हज़रत अबदुलहकीम एफ़ेंदी को तालिम देना। "नतीजे में बाकाएदगी सबब में कामल बतलाती है।"

हज़रत सय्यद फ़हीम अल-अखासी इस्लाम के अज़ीम आलिमों में से एक थे और सुफ़ियाए अल-आलिया [**सुफियाए अल-आलिया।**] में से एक। वो तैंतीसवें नम्बर पर थे सिलसिलात अल आलिया [**सिलसिला अल-आलिया:** वलियों की एक कड़ी उनमें से हर एक-एक मुकम्मल और जो मारिफ़ा, नूर और फ़ैज़ के लिए बीच के तौर पर काम करे जो रसूलुल्लाह के मुबारक दिल से आए एक वली के पास। (हर वली, मुर्शिद, का एक सिलसिला है।) में। उन्होने कामल हासिल किया हज़रत सय्यद ताहा अल-हक्कारी की सोहबत में। सय्यद ताहा के **1269** [**1853**] में गुज़र जाने के बाद, वो बराबर उनके भाई हज़रत सय्यद मौहम्मद सालिह के पास जाते रहते थे, जो **1281** [**1864**] में गुज़र गए थे। मज़ीद जानकारी के लिए, बराए मेहरबानी अबदुलहकीम एफ़ेंदी और ताहा अल-हक्कारी की सवानेह उम्री पढ़िए। उनके बाप मौला अबदुलहमीद एफ़ेंदी थे। उनके दादा सय्यद अबर्दुरहमान जो सय्यद अबदुलहमीद एफ़ेंदी, पोते मौला सफ़ीउददीन के जो सय्यद फ़हीम एफ़ेंदी के भाई थे, वो **1967** (ए.डी) में रहलत फरमा गए थे।

सय्यद फ़हीम एफ़ेंदी के नौ बेटे और चार बेटियाँ थी:

1. राशिद एफ़ेंदी के एक बेटा जिसका नाम मौहम्मद बाकिर और एक बेटी जिसका नाम आइशा हानिम था। आइशा हानिम अबदुलहकीम एफ़ेंदी की दूसरी बीवी थीं।

2. मौहम्मद अमीन एफ़ेंदी अपने सब भाइयों में बरतर थे। वो एक आलिम, सालिह और एक अदीब थे। हिजाज़ से वापस आने के बाद, तूर-ए-सिना पर उनका इंतेकाल हो गया। उनकी फ़ातिमा नाम की एक बेटी थी।

3. मौहम्मद मासूम एफ़ेंदी एक अक़लमंद और मज़हबी तौर पर मुकम्मल आदमी थे। वो अबदुलहकीम एफ़ेंदी से पहले अरवास में गुज़र चुके थे। अबदुलहकीम एफ़ेंदी, उनके आठ बेटों में से एक थे जो **1957** (ए.डी.) में संसद के एक रूकन बने। वो संसद में शामिल होने से रहलत फरमा गए इस्तानबुल में और इदीरनेकपी कब्रिस्तान में मदफ़ून हैं। ताहा एफ़ेंदी, उनके दूसरे बेटे जो चटक में रहते थे, वो मक्का की ज़ियारत के दौरान **1400** हिजरी में गुज़र गए थे। उनके बेटे थे अरजुमंद, अताउल्लाह, उबेदउल्लाह और अंज़र एफ़ेंदी। उनकी तीन बेटियाँ भी थीं। उनके तीसरे बेटे, मौहम्मद अमीन गरबी एफ़ेंदी, इब्राहिम अरवास बैग के दामाद थे। उनके बेटे मुराद और हमीद एफ़ेंदी इस्तानबुल में हैं। उनके चौथे बेटे नाकीर एफ़ेंदी **1399** (ए.एच.) में कोनया में गुज़र गए। उनके चार बच्चे थे। उनके पाँचवे बेटे सलीम एफ़ेंदी **1392** (ए.एच.) अरवास में इंतेकाल कर गए थे। उनके बेटे जैनुलआबिददीन एफ़ेंदी इस्तानबुल में एक मुअल्लिम थे। सलाहउददीन एफ़ेंदी, उनके छठे बेटे, **1939** (ए.डी.) मरास में रहलत फरमा गए। उनके बेटे याहिया और बेटियाँ सहाबत और मुज़य्यन हैं। उनके सातवें बेटे इब्राहिम एफ़ेंदी हैं। हबीब, मूहीब और इरफ़ान एफ़ेंदी उनके आठवें बेटे बदरूददीन एफ़ेंदी के बेटे हैं।

4. मौहम्मद सिद्दिक एफ़ेंदी जबके वेन के मुफ़ती थे उनको आर्मेनियनों ने शहीद कर दिया था। वो असागी कएमज़, गुरपनार, वेन में मदफ़ून हैं। उनके बेटे फ़ेहमी एफ़ेंदी और मासूक एफ़ेंदी गुरपनार के कज़बे में इमाम थे।

5. सय्यद हसन एफ़ेंदी **1388 [1968** ए.डी.] में मदीना में चल बसे थे। उनके तीन बेटों में से, नईमउददीन एफ़ेंदी **1959** में चल बसे थे, मौहम्मद राशीद इफ़ेंदी **1945** में और सिद्दिक एफ़ेंदी **1982** में। पहले वाले के तीन बेटे थे, दूसरे वाले के एक बेटा जिसे सैद एफ़ेंदी बुलाते थे और तीसरे के चार बेटे, मौहम्मद राशीद एफ़ेंदी हिजरत हानिम के शौहर थे।

6. मौला हुसैन एफ़ेंदी सालिह कासिम एफ़ेंदी के बाप थे, जो वेन के साबिक मुफ़ती थे, और शमसउददीन और एहसान एफ़ेंदी के बाप थे।

7. मज़हर एफ़ेंदी। उनके बेटे मज़हर, जिनके बेटे अबदुलआहद, और उनके बेटे मौहम्मद नूरी, बहजत, सरवत, फ़तेह और नजदत एफ़ेंदी।

8. मौहम्मद सालिह एफ़ेंदी। उनके बेटे मज़हर एफ़ेंदी।

9. नीज़मउददीन एफ़ेंदी। उनकी बीवियों में से एक से उनके दो बच्चे थे, जिनके नाम सदरददीन एफ़ेंदी और हिजरत हानिम था। सदरददीन एफ़ेंदी **1393** में दीयारबाकीर हिचरी में गुज़र गए थे। वो वेन में मदफ़ून हैं। उनके चार बच्चे थे, सारे दूसरी बीवी से थे। उनमें से एक, वाहबी एफ़ेंदी, एक काश्तकारी के माहिर थे सेमबरलिटास इस्तानबुल में। नसीबी हानिम सनद याफ़्ता जनता के मुंशी हयाती चीफतलीक बैग की बीवी थीं। आसिया हानिम के शौहर अबर्दु रहमान इकिंची इस्लाम की नशरो इशाअत करते थे। सारिया हानिम वेन में हैं। सैद एफ़ेंदी हिजरत हानिम के बेटे और नेक कासिम एफ़ेंदी हिजरत हानिम के चार में से एक दामाद हैं। दूसरे एज़ीन बैग, जो रूकय्ये हानिम के बेटे और

हज़रत अबदुलहकीम एफ़ेंदी के भतीजे थे। तीसरे दामाद उनके दवाई बनाने वाले फतेह यलमिज़ बैग थे, जो फतेह में कुमुरलू फारमेसी के मालिक थे।

चौथे दामाद हबीब एफ़ेंदी हैं। हुसैन और अमीन पाशा सय्यद एफ़ेंदी के दो दामाद थे। उनकी तीसरी बेटी असमा हानिम के तीन बेटे हैं, जिनके नाम, शोकी, फ़ारूक और नबी थे।

सय्यद फ़हीम एफ़ेंदी "कुददीस सरोह", इंसान-ए-कामिल (मुकम्मल इंसान) थे। उनके सबसे बड़े शार्गिद अबदुलहकीम एफ़ेंदी, एक वली-ए-कामिल (मुकम्मल वली) थे। सय्यद फ़हीम एफ़ेंदी ने अपने **17** जमाज़ील अहीर **1300** अप्रेल **(1883)** के ख़त में लिखा:

"मेरे प्यारे, काबिले इज़्ज़त सय्यद इब्राहिम और सय्यद ताहा! अल्लाहु तआला आप दोनों को महफ़ूज़ रखे! मैने तुम दोनों के लिए बहुत दुआँए कीं। जैसे के तुम्हें मालूम है, तुम्हारे भाई सय्यद मौला अबदुलहकीम पिछली खिज़ां में यहाँ थे और पढ़ाई शुरू कर दी थी। इस फ़कीर ने उनके सबक बहुत ध्यान से पढ़ाए और मैने क्या कहा उसको जाँचता रहा। वो, भी, उतने ही ध्यान देने वाले और तनकीदी थे जितना के मैं, उनकी निजी पढ़ाई में और सबकों के दौरान दोनों में ही मैं इतना वक़्त नहीं छोड़ता था उनके लिए के वो अपने को किसी और चीज़ में मसरूफ़ कर सकें इल्म के अलावा। अब, उन्होने सारी किताबें पूरी कर लीं है जो उन्हें हम ज़माने के तरीके के मुताबिक कर लेनी चाहिए थीं। इस फ़कीर ने उन्हें सिन्द याफ़्ता कर दिया है असलूबी सांईस फ़िक्ह और हदीस का इल्म पढ़ाने के लिए उसी तरीके से जिस तरह मैं अपने उस्तादों से सिन्द याफ़्ता हुआ था। अब से, उनको अपने भाई के तौर पर खातिर मत करना। इल्म की इज़्ज़त के लिए इस सिलसिले में ज़्यादा अदब करने के लिए, उनकी तरफ़ आजज़ी दिखानी होगी। मैं ये तुम्हारे अच्छे और सरफ़राज़ी के लिए लिख रहा हूँ। मज़ीद ये के, इल्म के लिए आजज़ी का

मतलब है अल्लाहु तआला के लिए आजज़ी। मेरे इस छोटे से ख़त से ज़्यादा समझना! सय्यद फ़हीम "रहीमाहुल्लाहु तआला।"

उन्होने अपने दूसरे ख़त में बयान किया: मेरे प्यारे बेटे, मेरी आँखों के तारे सय्यद मौला अबदुलहकीम मेरी बेशुमार दुआओं के बाद, मैं ये मानता हूँ के मेरा दिल ज़्यादा तकलीफ़ में है क्योंकि मुझे तुम्हारी तरफ़ से कोई ख़बर नही मिली। अल्लाहु तआला हर राज़ को जानता है। मैं कह सकता हूँ मेरा दिल हमेशा हर वक़्त तुम्हारे साथ है। बेशक वो जानता है। इस सिलसिले में तुम्हे मेरे गमों से अज़ाद करने के लिए, तुमको अकसर अपने मुकदर और साफ़ हालात लिखने होंगे। इस तरह प्यार का बंधन चलता रहेगा। अगर वो, मेरी आँख का तारा, यहाँ फ़कीरों के बारे में पूछे, अल्लाहु तआला की हमद के लायक बनी और उसका शुक्रिया अदा करो। हमारे बदन का सुख और भरोसा और हमारा मुहासरा दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। अल्लाहु तआला इस लायक करे के हमारे दिलों को भरोसा बख्शे, फ़कीरों के, और हमारे सारे भाइयों के दिलों को! आमीन। बराए मेहरबानी इस फ़कीर की दुआ अबदुलहमीद, हसन और सय्यद इब्राहिम को भी देना! मैं ताहा एफ़ेंदी और मज़हर एफ़ेंदी के लिए दुआ करता हूँ। तुम मेरे मूनीब हो इस फ़कीर की दुआ को जिसे तुम समझते हो मुनासिब है पहुँचाने में। इसके अलावा, नेहरी में जो हैं उनके हालात के बारे में लिखो, क्या वो अच्छे हैं या खराब। हमने नस्तूरियों (नेस्तोरियनों) के ज़ालिमाना हरकतों के बारे में सुना है और उनके चार सौ मुसलमानों के कतल के बारे में। मैं चाहता हूँ तुम मुझे बताओ इसके बारे में के उन्होने क्या किया और ऐसा क्यों किया। वससलाम। **3** जनवरी **1301**। तुम्हारे लिए दुआ, गुनहागार सय्यद फ़हीम। एक ख़त सय्यद अबदुलहकीम एफ़ेंदी ने अपने भाई सय्यद ताहा एफ़ेंदी को लिखा जो मंदरजाज़ेल है:

मुबारक बाग़ के जवान पौधे। ताहा एफ़ेंदी तुम्हारा ख़ूबसूरती से लिखा हुआ ख़त मिला। हमें ये बहुत पसंद आया क्योंकि इसने हमें बताया के मेरा प्यारा बेटा और उसके साथी महफ़ूज़ हैं और इसने हमारे अंदर असली मतलूब (प्यारे) के लिए इच्छा और शौक़ का एहसास करा दिया। एक लाईन:

ये मेरे लिए नहीं है के छोड़ जाऊँ इस ज़िन्दगी की बहार को।

अल्लाहु तआला तुम्हारी इस प्यास को और बढ़ाए! तुमने पूछा है, "क्या ये ज़रूरी है के रहनुमा की तस्वीर बिल्कुल वैसी हो जैसा के वो ख़ुद है।"

मेरे प्यारे बेटे, ये ज़रूरी नहीं है एक जैसा होना। रावता का मक़सद है अपना ध्यान साए की तरफ़ मोड़ लो। साए के बारे में यह सोचना, और जो ख़्याल है उससे मदद की उम्मीद रखना। ये ज़रूरी नहीं है के खास साए को जानो और पहचानो। यह ऐसे दिख सकता है जैसे के ख़्याल किया या सोचा। ज़्यादातर वक़्त में, रूह जिस्म की शक़्ल में नज़र आती है और दूसरी शक़्लों में भी क्योंकि यह जिस्म की आदी होती है जिससे ये बंधी होती है। जिस तरह की भी शक़्ल और हालत में ये नज़र आती है, अगर साया ख़ूबसूरत, मीठा और ख़ुशी भरे आदत में है और अगर ये प्यार और अमन बढ़ाए (दिमाग़ का) ये समझ लेना चाहिए ये रहमानी है (अल्लाहु तआला की)। जितना ज़्यादा मुमकिन हो सख़्ती से कोशिश करो अपनी इच्छा और प्यार को बढ़ाने की उस साए की तरफ़! अपने आपको उसमें गुल कर दो। अगर ख़्याल/साया गंदा, ख़ौकनाक और डरावना है वो एक शैतानी साया है। उस को मत देखो! उसको जाने दो। तुम पूछो तुम क्या कर सकते हो इन दूसरी चीज़ों से पीछा छुड़ाने के सिलसिले में जो दिमाग़ में आ रही हैं जबके ज़िक्र किया जा रहा है। मेरे अज़ीज़, ये सोचें बेशक चली जाएंगी और मर जाएंगी, अल्लाहु तआला की इजाज़त के ज़रिए, दो तरीके से। एक तरीका रावता के दौरान जो ख़्याल नज़र

आया पूरे तौर पर उसकी तरफ़ मुड़ जाओ, दूसरा तरीका है ज़्यादा ज़िक्र करो, राबता उतावले पने से बनाने के लिए और अपनी सारी ताक़त और एहसास अपने दिल पर लगा दो। **18 अक्तूबर 1308**।

11– सय्यद ताहा अल हक्कारी की सवानेह जीवनी

(मौलाना ख़ालिद अल बग़दादी के एक शार्गिद)

सय्यद ताहा बिन अहमद बिन इब्राहिम (कुदसिा सिररोह), बड़े औलिया-अल-किराम में से एक, वो अब्दुल-कादिर-ए- जिलानी नसल में से थे। वो सबसे मुकम्मल नायब जानशीन थे (अल-ख़लीफ़ा अल अकमाल) मौलाना ज़ीया-ऊद-दीन ख़ालिद अल-बग़दादी के और ख़ज़ाना थे रब्बानी (पाक) इल्म के।

उनका नशेब आगे जारी रहा उनके दो बेटों यानी उबैदउल्लाह और अलाऊदीन के ज़रिए, अलाऊदीन एफ़ेंदी (दफ़न) है हीज़नि में जो के शमज़ीनान का गाँव है। उनके पोते मौहम्मद सिद्दिक एफ़ेंदी ने मरियम हानिम से शादी कर ली थी उनके शौहर मुस्तफ़ा एफ़ेंदी के मरने के बाद। ताहा एफ़ेंदी मरियम हानिम से पैदा हुए। मौहम्मद सिद्दिक एफ़ेंदी जो सय्यद ताहा ऐफ़ेंदी के बेटों में से एक थे, उनका इन्तिकाल बग़दाद में हुआ जबके वो ईराकी सरकार में नायब मौसूल थे। उनके दूसरे दोनों बेटे मौहम्मद सालिह दारू और मज़ह एफ़ेंदीस जोके उसमानिया सलतन्त हुकूमत के बटवारे के वक़्त अपने माल के साथ ईराक में थे वो हिजरह कर के **1400 (1980)** में तुर्की में आ गए।

हज़रत मौलाना ख़ालिद, जो के तेरहवीं सदी के इस्लाम के कुतुब थे, वो इंडिया (हिन्दुस्तान) में थे जहाँ उन्हें गुलाम-ए- अली अबदुल्लाह-अद-देहलवी की मौजूदगी में हाज़िर होने की इज़्ज़त मिली। उनके हुनर (फज़ल) और मुकम्मल (कमालाता) हासिल करने के बाद सही तरह से उनके लायक होने के बाद, वो बग़दाद अपने घर लौट गए, अल्लाहु तआला के इंसानी गुलामों को हिदायत (इर्शाद) देने के लिए। चुंकि पूरी दुनिया मौलाना के दिल से जो चमक निकल रही थी उसके अनवार (रूहानी रोशनी) से जगमगा रही थी, सय्यद अबदुल्लाह, जोके उनके दोस्त बन गए थे जब वो दोनों पढ़ रहे थे, वो उनके पास सुलेमानिया में मिलने आए और उनकी सुहबत में कमालात हासिल किए और उनके एक ख़लीफ़ा-अल-अकमाल बन गए। उन्होने हज़रत मौलाना को अपने भतीजे सय्यद ताहा की ग़ैर मामूली ऊँची खुबियों के बारे में बताया। मौलाना ने उनको हुक्म दिया के जब अगली बार आओ तो अपने भतीजे को साथ लाना। सय्यद अबदुल्लाह सय्यद ताहा को बग़दाद ले गए, हज़रत मौलाना ने जैसे ही सय्यद ताहा को देखा तो उन्हें हुक्म दिया अचानक हज़रत अबदुल-कादिर अल-जीलानी के मज़ार पर जाओ और इस्तेख़ारा (ख़्वाब के ज़रिए पाकी) अदा करो। हज़रत अबदुल कादिर अल जिलानी ने उनको इतलाह दी, अगरचे उनका अपना रास्ता (तरीका) बहुत ऊँचा था, लेकिन उनके वक़्त में कोई माहिर नहीं रह गए थे, और वो ये के मौलाना अपने वक़्त के सबसे मुकम्मल रहनुमा थे, उन्होने उनको हुक्म दिया के इसी वक़्त उनके पास चले जाओ। इस रूहानी हुक्म पर, सय्यद ताहा ने दो सुलुक के लिए पढ़ाई करी, यानी अस्सी दिन के लिए मौलाना के ज़ैर-ए-निगरानी और उसके बाद बरदा सुर के शहर चले गए। जब सय्यद अहमद का इन्तिकाल हो गया तो, वो नेहरी के शहर में हिजरत कर गए और वहाँ उन्होने तालिमात देनी शुरू कर दीं। वहाँ पर वो बयालिस साल तक अपने शार्गिदों को फैज़ पहुँचाते रहे। चाहने वाले हर तरफ़ से इस रोशनी के ज़रिए पर परवाने की तरह मंडलाते रहे।

वो अपने वालिद की तरफ़ से मिले छोटे से मकान में अपनी इबादत अदा करते थे। दूसरी तरफ़ वो अक़ली (विज्ञान की) और नकली इल्म की तालीम (पहुँचाते थे) देते थे। वो आग़ाओं (एक सरकारी ख़िताब) बैगो और सियासत दोनों से जुड़े हुए नहीं थे, उनकी मौजूदगी में दुनियावी और सियासी बातें नहीं होती थीं। वो रोज़ाना (मकतूबात) पढ़ते थे। उनकी सलाह इतनी दिल नशीन होती थी (सबके साथ नरम रहे, सबर से काम लेते थे, बुरा बरताओ करने वालो के साथ और बदला नहीं लेते थे इसके अलावा अपने से बड़े और (सरकार) के साथ नरमाई से इज़्ज़त से उत्तर देते थे और मदद करते थे) के दिल में उतर जाती थी। उनके सारे उस्ताद **1200** साल तक इस्लाम के अच्छे मुहज़ब पढ़ाते रहे, वो सब रियास्तों और कानूनों की इज़्ज़त करने वाले थे। उनमें से किसी के भी बारे में कभी ये नहीं सुना गया के उन्होने हुकूमत के ख़िलाफ़ बग़ावत की हो, न ही ऐसा कोई गंदे हादसे का सबूत है एतिहास की किताबों में कुछ मुख़ालिफ़ और हासिद लोगों ने इन मुबारक लोगों को बदनाम किया और हुकूमत के ख़िलाफ़ बग़ावत की कोशिशे की ज़मिनदारों ने जिनके पास दुनिया भर का माल और नाम सब था जिन्हे इन तालीम के ज़राए और ख़ूबसूरत मुहज़ब क़दरो से कोई फायदे नहीं पहुँचा क्योंकि वो इन सबसे बहुत दूर थे, और दूसरे जाहिल, बहुत ज़्यादा एहमक बरताओ किया उनके मरने के बाद भी, इसलिए उनमें से कुछ नेक लोगों को कारागार में भेज दिया गया था। हालांकि, कानून और अदालत ने उन्हे मासूम करार दिया और उन्हें ई मानदारी और मुख़लिस माफ़ी के साथ उन्हे इनाम से नवाज़ा और आज़ाद कर दिया ताकि उन मुबारक दिलों को मुतासिर कर सकें और उनकी तवज्जुह दोबारा हासिल कर सकें। इस तरह के तौहमत के तीर, जो एतिहास और कहानी की किताबों में अकसर दिखाई दिए, वो हज़रत सय्यद ताहा पर भी बरसाए गए, और वो बेचारे बदकिस्मत इस इल्म और मुहज़ब के सूरज को दाग़दार करने में लगे रहे अपनी मनघढ़त और गंदे इलज़ामों से। लेकिन, क्योंकि सच कभी नहीं छुपता, इसलिए वो खुशकिस्मत और बेदार लोग जिन्होने इस

हिदायत (सही रास्ता) के बेटे को समझा और जाना वो ऐसे बदनाम करने वालों से बेवकूफ़ नहीं बने, और उनके चाहने वाले और सराहने वाले बन गए और उन्होने सुख चैन, अमन और बेशुमार खुशियाँ हासिल करीं रोशनी से जो नूर (रोशनी) से चमक रही थी उनके मुबारक दिल से।

हज़रत सय्यद अबदुलकरीम-ए-अरबासी के परसस सय्यद मौहम्मद, जो बेन से आए थे और जिन्होने इस ज़रिए से फ़ैज़ हासिल किया। सय्यद ताहा ने जब बेन को इज़्ज़त बख्शी तो वो सय्यद मौहम्मद के घर पर रूके, सिबग़ातुल्लाह एफ़ेंदी, जो के सय्यद मौहम्मद के भाई लुत्फ़ी के बेटे थे, वो हिज़ान से बेन आए और अपने आपको सय्यद ताहा से जोड़ लिया (इनतिसाब) कर लिया। बाद में वो हिज़ान लौट गए, जहाँ उनके वालिद रहते थे, और वहाँ वो बहुत ज़्यादा मशहूर हो गए। अपने सैंकड़ो शार्गिदों के साथ वो हर साल नेहरी जाते थे। अपने उन दौरो में से एक में, वो अपने साथ अपने चाचा मौला अबदुल्लाह एफ़ेंदी के बेटे, सय्यद फ़हीम को अपने साथ ले गए, जो उस वक़्त बहुत जवान थे। हज़रत सय्यद फ़हीम ने घर के मालिक से पूछा वो रास्ते में जाते हुए एक रात कहाँ रूकेगें हक्कारी का गर्वनर कैसा आदमी था। मेज़बान ने कहा वो रात सोचते रहे के क्या ऐसे मुल्क में रहना ठीक है जहाँ का गर्वनर शराबी था। दूसरे दिन वो रसूलन के गाँव पहुँच गए; जहाँ सिबग़ातुल्लाह एफ़ेंदी ने वहाँ रहने वालों से पूछा के गर्वनर किस तरह का आदमी था। उन्होने कहा वो अच्छा आदमी था। सय्यद फ़हीम ने उसी वक़्त बोला, "मेरे अमज़ाद! वो एक शराबी है। क्यों उसे एक अच्छा शख़्स कहा जा रहा है?"

जब वो बासखल छोड़कर नेहरी के लिए निकल रहे थे, तो सय्यद मौहम्मद एफ़ेंदी ने सय्यद फ़हीम से कहा, बग़ल में, "मेरे प्यारे फ़हीम! सय्यद ताहा, जिनकी मौजूदगी हाज़िरी को तुम जा रहे हो वो एक बहुत बड़ी शख़्सियत हैं जो विलायत [विलायत: एक रूतबा, वली होने का रूतबा] के

ऊँचे मकाम पर हैं। फ़ैज़ हासिल्व करने से पहले, और मुकम्मल तालीम हासिल करने से उनको छोड़कर मत जाना!" जब वो नेहरी से रवाना हो रहे थे, तो सब हज़रत सय्यद ताहा के हाथ को बोसा दे रहे थे, जो एक मस्जिद के पास खड़े थे। सय्यद फ़हीम को पीछे खड़ा देखकर, सिबग़ातुल्लाह एफ़ेंदी वापस आए और हज़रत सय्यद ताहा से पूछा के सय्यद फ़हीम को वापस जाने की इजाज़त है। उन्होने इसकी इजाज़त नहीं दी, लेकिन उन्हें वहीं रहने का हुक्म दिया। जैसे ही मुसाफ़िर चले गए और जबके वो दोनों अपने पैरों पर थे, उन्होने सय्यद फ़हीम को एक काम दिया और उन्हें पढ़ाना शुरू किया। एक गरम दिन, उन्होने कहा जो मैं तुम्हें पढ़ा रहा हूँ वो सब दोहराते जाओ। सय्यद फ़हीम को जो पढ़ाया गया वो सब दोहराते जाओ। सय्यद फ़हीम को जो पढ़ाया गया वो सब दोहराते रहे, सिवाए हत्त-ए-तुलानी के उसकी जगह वो हत्त- ए-तुली बोलते रहे। सय्यद ताहा ने उन्हें वहीं सही कर दिया। उन दिनों सय्यद फ़हीम बहुत कमसिन थे और उन्होने अपनी मदरसे की पढ़ाई पूरी नहीं की थी। एक दिन सय्यद ताहा एक मस्जिद की दीवार के मुक़ाबिल बैठे हुए थे तभी सय्यद फ़हीम उनके नज़दीक आए। उन्होने अपने मुबारक हाथ से उन्हें अपने पास आने का इशारा किया, और सय्यद फ़हीम आ गए। उन्होने कहा, "तुम एक अक़लमंद तालीबे इल्म हो। तुम्हें **मुतव्वल'** पढ़नी चाहिए। सय्यद फ़हीम ने कहा, "जनाब, मेरे पास वो किताब नहीं है। इसके अलावा, ये उन किताबों में से नहीं है जो मेरे मुल्क में पढ़ाई जाती हैं।" सय्यद ताहा ने उन्हें अपनी किताब दे दी। हज़रत सय्यद फ़हीम, अपनी तालीम पूरी करने के लिए, अबीरी के गाँव गए। बुलानिक, मुस, जहाँ उन्होने मौला रसूल की मौजूदगी में पूरी **मुतव्वल** पढ़ी। और, इस हुक्म के मुताबिक़ के वलायत के ऊँचे दर्जे हासिल करो, वो नेहरी गए, यानी शमदीनन, साल में दो बार। हर फ़ेरे के दौरान, सय्यद ताहा के ज़रिए उनपर मुख़्तलिफ़ महरबान अमल करके इज़्ज़त अफ़ज़ाई की जाती थी। मिसाल के तौर पर, एक दिन सय्यद ताहा एक मस्जिद के कमरे में घनी भीड़ के सामने **मक्तूबात** पढ़ रहे थे। थोड़ी दूर पर खड़े हुए, सय्यद फ़हीम सुन

रहे थे। हज़रत सय्यद ताहा ने किताब पर से अपना सिर उठाया और उनसे पूछा, "मौला फ़हीम! क्या आज यहाँ इस ज़मीन पर एक मुर्शिद है?" सय्यद फ़हीम ने जवाब दिया, "मौजूदा मुर्शिद की तरह कोई नहीं आया!" इस जवाब पर, सय्यद ताहा ने फौरन किताब बंद कर दी और अपने कमरे में चले गए।

सय्यद फ़हीम ने मुकम्मल (कमाल) हासिल करने के बाद और हुनर (तकमील) पूरा करने के बाद और दूसरो को ख़िलाफ़त-अल-मुतलका (पूरी तरह नायब की सनद) के साथ हिदायत देने की इजाज़त मिलने के बाद, उन्होने कहा मैं इस ज़िम्मेदारी को उठाने के लायक नहीं हूँ। सय्यद ताहा ने इसरार किया और उनको इसको मंज़ूर करने के लिए आमादा किया और तब उन्हें हुक्म दिया के अरवास को इज़्ज़त बख़्शो, जहाँ सय्यद फ़हीम पैदा हुए थे। सय्यद फ़हीम चले गए, लेकिन, जबके वो नेहरी की पहाड़ियाँ चढ़ रहे थे, सय्यद ताहा ने उन्हें वापस बुला लिया अपनी हाज़िरी में और, सय्यद ताहा ने उन्हें वापस बुला लिया अपनी हाज़िरी में और, सय्यद फ़हीम के पुराने ख़त किताबों में दिखाए, उनसे कहा, "क्या ये तुम्हारा इख़्लास और प्यार नहीं है? तुम क्यों इस ज़िम्मेदारी से भाग रहे हो? शय्यद फ़हीम, जिस तरह पहले करते आए थे, ख़िलाफ़त-अल-मुतलका के साथ इज़्ज़त पाने के बाद भी वो हर साल नेहरी जाया करते थे।

हज़रत सय्यद ताहा ने **1269 (1853)** में रहलत फरमाई। एक दोपहर, जब वो पेड़ों के दरमियान बैठे हुए थे उनको दो ख़त दिए गए। उनके दामाद उनके पास थे अबदुलआहद एफ़ेंदी उन्होने ख़तों को पढ़ा। उन्होने कहा, "हमारा इस दुनिया से जाने का वक़्त आ गया है।" उनके दामाद ने कहा, "ओह जनाब, हम इन ख़तों का क्या करें जो दमिश्क से आए हैं?" उस दिन खत्म-ए-खाजा [**खत्म-ए-खाजा:** कुछ खास चीज़ें जो एक मुर्शिद और उनके शार्गिदों के ज़रिए ख़ामुशी से पढ़ी जाती हैं, जिसके बाद औलियाओं के नाम

जो मुर्शिदों के सिलसिले में आते हैं उनका ज़िकर किया जाता है, और जो कुछ पढ़ा जाता है उसका सवाब उनकी रूहों को बख़्शा जाता है, उसके बाद उनका फ़ैज़ और मारिफ़ात मांगा जाता है।] पढ़ने के बाद, सय्यद ताहा अपने कमरे में चले गए, जहाँ वो बारह दिन तक बीमार रहे।उनकी मुबारक रूह ऊपर चली गई रफ़ीक अल-अला [**रफ़ीक अल-अला:** जन्नत में सबसे ऊँचा मुकाम, जिसकी नबी ने आख़री इच्छा के तौर पर दरख़्वासत की थी।] बाद दोपहर की सलात के वक़्त के दौरान।हाज़ारों चाहने वालों ने जिन्होने चीखें सुनी सदमें में आ गए।जब वो बीमार थे, वो चाहते थे उनके भाई शेख़ सालिह, जो बरदा सुर के शहर में थे, नेहरी आ जांए।उन्होने अपने मुकम्मल भाई (बिरादर-ए-अकमल), सय्यद सालिह को हुक्म दिया, के ख़त्म-ए-खाजा और तवज्जुह अदा करें। "मेरे भाई सालिह एक मुकम्मल शख़्स हैं।सबके सिर उसके बाज़ू के नीचे हैं," उन्होने कहा।हज़रत सय्यद फ़हीम ने शेख़ सालिह को शेख़-ए-सोहबा [**शेख़-ए-सोहबा:** एक वली का दूसरा मुर्शिद (रहनुमा, शेख़) जिनको वो जानते थे उनसे ऊँचा है और जिसकी सोहबत (साथ में, तकरीर) में हाज़िर रहा अपने मुर्शिद के इन्तेकाल के बाद (इस सोहबत को में दोनों वलियों को एक दूसरे से फायदा हुआ।) कुबूल कर लिया।शेख़ सालिह ने जब तक रहलत फरमाई **1281 (1864)** में, वो साल में दो बार नेहरी जाते थे और उनके जाने के बाद भी, उन्होने इस रसम को नहीं छोड़ा और साल में दो बार नेहरी को इज़्ज़त बख़्शते थे जब तक के उन्होने **1313 (1895)** में रहलत न फरमाली।

सय्यद मौहम्मद सालिह के अलावा, सबसे ज़्यादा असरदार शार्गिद सय्यद ताहा-ए-हक्कारी के सय्यद सिबग़ातुल्लाह थे अरवासी थे।उनके बाद कुफ़रावी मौहम्मद थे।सय्यद सिबग़ातुल्लाह को ऐसे नामों से भी जाना जाता था जैसे के "ग़ोस-उल- आज़म" और "ग़ोस-ए-हिज़नी" उनके शार्गिदों के दरमियान।उन्होने **1287** में रहलत फरमाई।उनके शार्गिदों में से, अबदुररहमान ताही नूरशीनी को "उस्ताद-ए-आज़म" और "सरदा" के नाम से जाना जाता

था। उनके सब शार्गिदों में से, उन्नीस ये हैं: फतेह-उल्लाह वरकसानिसी, अवदुल्लाह नूरशीनी, मौला रास्एिद नूरशीनी, अवदुलकहार जो के अल्लामा मौला हलील सीरिदीन के पोते थे, अवदुलक़ादिर हिज़नी, इव्राहीम नीनकी, ताहिर अवरारी, अवदुलहादी, अवदुल्लाह हुरूसी, इव्राहीम कुकरूशी, हलील कुकरूशी, अहमद ताशकासनी, मौहम्मद समी ईरज़ीनकनी, मुस्तफ़ा, सुलेमान और युसूफ़ बीतलीसी। अवदुररहमान ताही की वफ़ात **1304** में हुई। इव्राहिम कुकरूशी ने उनके इर्शादात **"इशारात"** (निशानात) के नाम से जमा किए। ये एक वहुत भरोसे वाली किताव है। फतेहउल्लाह वरकसानिसी की वफ़ात **1317** में हुई। उनके शार्गिदों में से, मौहम्मद ज़ीयाउददीन नूरशीनी, जो के अवदुररहमान-ए-ताही के वेटे थे, उनकी वफ़ात **1342** **(1924)** में वितलीस में हुई। उनकी किताव "मकतूवात" में चौदह सौ ख़त हैं। तेरह में से सबसे पहला शार्गिद मौहम्मद अलाऊदीन-ए-उहीनी थे जिन्होने अपने उस्ताद के ख़त जमा किए। दूसरे अहमद हज़नवी, मौहम्मद मासूम, सय्यद मौहम्मद शरीफ़ अरावकंडी और अवदुलहकीम एफ़ेंदी अदीयमन के सब उनके शार्गिदों में से थे। आख़री वालों में से एक की वफ़ात **1399** **(1978)** में हुई। मौहम्मद राशिद एफ़ेंदी उनके वेटे थे।

12– हुसैन हिल्मी बिन सैद एफ़ेंदी की सवानेह उमरी

(सय्यद अबदुलहकीम-ए-अरवासी के एक शार्गिद)

वो सीफ़ा योकुसा, वज़ीरतेकके सोकागी सर्वी महालेसी, अय्युब सुलतान, इस्तानबुल, के मकान नम्बर।में बहार की ख़ूबसूरत सुबह में **8** मार्च, **1911** (**1329** हिजरा) में पैदा हुए।उनके वालिद सैद एफ़ेंदी और दादा इब्राहिम एफ़ेंदी तेपोवा गाँव से थे जो लोफ़जा (लोवेक), बुलगारिया में है, और उनकी माँ एईसे हम्म और उनके वालिद हुसैन आग़ा लोफ़जा से थे। "तेरान्नवे" की जंग के दौरान जो रूस के ख़िलाफ़ हुई थी (**1295** हिजरी, मिलादी **1878**) में।सैद एफ़ेंदी इस्तानबुल हिजरत करके आए और वेज़ीरतेकके में मुकीम हो गए, जहाँ उन्होने शादी कर ली।जंग की वजह से परेशानियों और हिजरत करने की वजह से, वो स्कूल नहीं जा पाए, और उन्होन नगरपालिका में वज़न पर काबू रखने वाले सरकारी नौकर की मुलाज़मत कर ली, जहाँ उन्होने चालीस साल से ज़्यादा काम किया।वो वफ़ादारी के साथ इस्तानबुल की बड़ी मस्जिदों में मश्हूर आलिमों की तकरीरे सुनते थे और मज़हब के बारे में गहरा इल्म हासिल कर लिया।अपनी तरज़े ज़िन्दगी में तर्जुबे की वजह से वो इतने माहिर हो गए थे के अपनी याददाश्त की बदौलत वो चार हिसाबी अमल हल कर देते थे और हैरत अंगेज़ कर देते थे।हुसैन हिल्मी एफ़ेंदी जब पाँच साल के थे तो वो मिहर-ए-शाह सुल्तान स्कूल, जो के अय्युब मस्जिद और बॉस्तन वारफ़ के बीच में था वहाँ गए थे।यहाँ उन्होने दो साल में कुरआन-अल-करीम पूरा किया।सात साल की उमर में, उन्होने अपनी इबतिदाई तालीम रीसादिय्ये नुमुने मकतवी, जो के सुल्तान रीसाद हन के करीब था वहाँ से शुरू की।छुटियों के

दौरान, उनके वालिद उन्हें मज़हबी स्कूलों जिनके नाम हकीम कुतुबऊददीन, कलेनदरहने और अबुसुऊद थे वहाँ भेजते थे और ज़्यादा ज़ोर उनकी अच्छी परवरीश पर डालते थे। जब हुसैन हिल्मी एफ़ेंदी ने **1924** में इबतिदाई स्कूल ऊँचे मुकाम के साथ पूरा किया, तो उन्हे हर मज़मून के लिए गोल्डगील्ट इनामों से नवाज़ा गया जिससे एक बहुत बड़ी एलबम मर गई। उनको हलीसीओगलू मिलिटैरी हाई स्कूल में दाख़िल कराया गया, जोके उसी साल कोनया से इस्तानबुल आया था, आग़ाज़ी इम्तेहान में अफ़ज़ल दर्जे के साथ। उसी साल उन्होने सैकंडैरी किलास दूसरी डीवीज़न से सबसे अच्छे छात्र के तौर पर पास की। हर साल एज़ाज़ पाने वाले मिलिटैरी हाई स्कूल से अपनी कक्षा के कैप्टन के तौर पर सिंद याफ़ता हुए और **1929** में मिलिटैरी मेडिकल स्कूल के लिए चुन लिए गए।

हाई स्कूल में, ज्योमेटरी के उस्ताद हुसैन हिल्मी से हर सेशन के आख़िर में सबक पर नज़रे सानी करवाले थे। उनके दोस्त कहा करते थे के तुम्हारे नज़रे सानी से हमें ज़्यादा अच्छा समझ आता है। ये उन्हीं बैठको में से एक की बात है जब वो हाई स्कूल की दूसरी जमात में थे वो एक थीओरम समझाते हुए रूक गए जिसमें इर्शाद था, "सीधा कोना के सीधा कोना होने के लिए उसके खाके के लिए ये ज़रूरी और काफ़ी है के उसके किनारों में एक उसके हमवार सतह के बराबर हो [जिस पर के कोना कायम किया जाए] उस्ताद कैप्टन फऊद बेए ने उनकी मदद की, लेकिन उन्होने कहा, "जनाब, ये मुझे समझ नहीं आया। मुझे समझ आया के क्या तुम्हारा मतलब है, लेकिन दोनों वज़ाहतों ने एक दूसरे को अच्छे से समझाया।" फऊद बेए ने तब दूसरे अच्छे शार्गिद की राए जानने के लिए पूछा, जो, अपने मुकाबिल की इस हालत से बहुत ख़ुश थे, उन्होने कहा, "नहीं जनाब, हिल्मी एफ़ेंदी गलत हैं। जो इल्म की किताबें है उसमें भी वही लिखा है जो आपने बताया है।" जब हिल्मी एफ़ेंदी ने जताया के उन्हे समझ नहीं आया। फऊद बेए ने कहा "बराए मेहरबानी तुम बैठ

जाओ," और कहा, "हिल्मी एफ़ेंदी, हम सब इंसान हैं... शायद तुमने आज बहुत काम कर लिया है इसलिए तुम थकावट महसूस कर रहे हो। या फिर तुम्हे और कोई परेशानी है। तुम ये बात किसी और वक़्त में समझ जाओगे फ़िकर मत करो।" रात में जब सब इक़ामतगाह के लोग सो गए, तो चौकिदार ने हिल्मी एफ़ेंदी को जगाया और कहा के ज्योमेटरी वाले उस्ताद उस्तादों वाले कमरे में तुम्हारा इंतज़ार कर रहे हैं। वो उठ गए और अपने कपड़े पहनकर परेशानी की हालत में चलते हुए कमरे तक पहुँचे। फ़ऊद बेए ने कहा, "मेरे बच्चे! मैने घर जाकर सब चीज़ों के ऊपर सोचा। मैने अपने आप से कहा, हिल्मी एफ़ेंदी हर नए सबक को बहुत रवानी के साथ दोहराता है और बड़ी हिसाबी परेशानी को हल कर सकता है। वहाँ पर कोई न कोई वजह ज़रूर है जो उन्हे ये कहने पर मजबूर कर रही है के इस मसले में कुछ उसके मुख़ालिफ़ है। मैने इसके ऊपर बहुत ग़ौर किया। मुझे दिखाई दिया के तुम सही हो। हदम्मार, किताब का फ़्रेंच का लेखक, जिसने इसे गलत लिखा, और अहमद नाज़मी बेए, जो के ज्योमेटरी के उस्ताद हैं इज़मीर हाई स्कूल में उन्होने भी इसका ख़्याल नहीं किया, और सालों से में भी गलत पढ़ाता आया हूँ। तुम सही हो, मेरे बच्चे। मैं तुम्हें मुबारकवाद देता हूँ। मुझे फख़्र है के तुम मेरे शार्गि द हो। में सुबह तक इंतज़ार नहीं कर सका ये देखने के लिए के तुम आराम से सो जाओ और ख़ुशी महसूस करो।" उन्होने हिल्मी एफ़ेंदी के माथे को चूमा और चले गए।

हिल्मी एफ़ेंदी हर रमज़ान में रोज़े रखते थे और पूरी मिलिटैरी हाई स्कूल की तालीम में हर सलात की रसम अदा की। सब बड़ों में, वो अकेले थे जिन्होने सब सलात की रसमों को अदा करना कायम रखा। कुछ उस्ताद, जो फ़रेब देते थे या शायद इस्लाम के दुश्मनों के ज़रिए खरीदे गए थे, वो उनके हमजमाअतों के दिलों में इस्लाम के लिए ग़ैरमज़हबी और दुश्मनी डालते थे झूठ, तोहमत और गलत साईअन्सी वज़ाहते देकर। भूविज्ञान के उस्ताद, अदेम

नेज़िही, इल्मे तिब के उस्ताद, सबरी, फलासफ़ी के उस्ताद केमिल सेना, और तारिख़ के उस्ताद मेजर ग़ालिब बग़दाद के, वो सब अपनी शरीर तालीमात में इंतेहा को पहुँच गए। लेकिन वो इन सब उस्तादों पर ईमान नहीं रखते थे। वो उनके मज़मून बहुत अच्छे से और ज़्यादा पढ़ लिया करते थे और इम्तेहानों में पूरे नम्बर लाकर, उनकी शाबाशी जीतते थे।

जब वो मिलिटैरी हाई स्कूल में सिनियर थे, उनके वालिद सेद एफ़ेंदी चल बसे। स्कूल के आफ़िसरों, उस्तादों और तालिबे इल्मों ने तकफ़ीन में शिरकत की। अय्युब के लोग इतने बड़े समूह को देखकर जो तकफ़ीन के लिए आया था चकित रह गए।

हिल्मी एफ़ेंदी जब नाज़ुक सजी हुई ज़ेनब वलीद सुल्तान हाल बएज़ीद स्कवैर के साईन्स के महकमे में पढ़ते थे तो बहुत बेचैन रहते थे; जब भी वो बेएज़ीद मस्जिद में जुमे की नमाज़ पढ़ने जाते थे, तो वहाँ इमाम के पीछे सिर्फ़ एक लाईन होती थी मुसलमानों की, और वो सब बूढ़े होते थे। वो परेशान होते थे के थोड़े सालों बाद तो वहाँ पर एक भी मुस्लिम नहीं होगा और इस गिरावट का सबब जानने में लगे रहे। (और इस गिरावट की वजह ढूँढने की कोशिश करते रहे) किसी भी तरह वो इसका पता नहीं लगा पाए। वो नाउम्मीदे से भर गए, लेकिन स्कूल में उनका कोई दोस्त नहीं था जिसके साथ वो संजीदगी से बातचीत कर सकते या उससे मदद ले सकते।

एक दिन वो कैम्पस छोड़कर दोपहर की सलात के लिए बेरज़ीद मस्जिद में दाख़िल हुए। सलात अदा करने के बाद, उन्होने देखा मस्जिद के बाँए तरफ़ कोई तबलीग़ पढ़ा रहा है। वो बैठ गए। तबलीग़ करने वाला ईमान की छः बुनयादी बातें एक पतली सी, छोटी सी किताब हाथ में पकड़े हुए बता रहा था। हिल्मी एफ़ेंदी वो सब जानते थे जो वो समझा रहे थे, लेकिन उन्होने अपनी जगह नहीं छोड़ी इस डर से के कहीं तबलीग़ करने वाला का दिल न टूट जाए

के उसकी तबलीग़ी बातें उन्हें ख़ुश नहीं कर रहीं। असल में, वहाँ पर सिर्फ़ कुछ ही बड़े लोग थे जो सुन रहे थे। उन्होने अपनी तबलीग़ छोटा किया और, उनके हाथ में जो छोटी किताब थी उसे दिखाया, कहा, "हर किसी को इन किताबों की ज़रूरत है। मैं इनको बेच रहा हूँ।" उनकी ज़ाहरी शकल व सूरत से लग रहा था के वो बहुत गरीब हैं। एक भी किसी ने नहीं खरीदी। हिल्मी एफ़ेंदी को वाइज़ पर रहम आया और, उन्होने सोचा किसी जवान को दे दूँगा, उसके पैसे पूछे। लेकिन, जब वाइज़ ने कहा पच्चीस कुरूशेस, तो उन्होने अपना इरादा छोड़ दिया, क्योंकि न तो उनके पास इतना पैसा था और न ही उस किताब की इतनी कीमत थी। उस ज़माने के सिक्के बहुत कीमती थे; एक इमाम और एक लैफटैनण्ट को अलग-अलग सिर्फ़ **17** और **61** लीरा [**1** लीरा **100** कुरूशेस है] मिलते थे। उस किताब की कीमत ज़्यादा से ज़्यादा पाँच कुरूशेस होनी चाहिए, और उनको लगा वाइज़ के लिए इतनी ऊँची कीमत मांगना गलत है। "ये अल्लाह के लिए बग़ैर पैसे के दे देनी चाहिए। ख़ैर, अगर वो इसी पर जी रहा है, तो ज़्यादा से ज़्यादा पाँच कुरूशेस के लिए पूछ सकता है, "उन्होने नाराज़गी से सोचा वो मस्जिद के दूसरी तरफ़ चले गए। इस तरफ़ अंदर और बाहर के कटहरों में बहुत लोग भरे हुए थे। एक बूढ़ा शख़्स जो अंदर बैठे हुए थे वो बातें कर रहे थे। बहुत मुश्किल के साथ उन्होने अपना रास्ता बनाया और उनके पीछे बैठ गए। बूढ़े शख़्स एक किताब पढ़ रहे थे और समझा जा रहे थे के किस तरह मुसलमानों को औलियाओं के मज़ारों पर जाना चाहिए। एक मसला जो हिल्मी एफ़ेंदी नहीं जानते थे लेकिन याद करने के बहुत इच्छुक थे। जब के सुन रहे थे, बहरहाल, वो अपने आपको दूसरे वाइज़ के बारे में सोचने से नहीं रोक पाए और अपने आप से बोले, "एक शख़्स जो अल्लाह से प्यार करता है उसे मज़हबी किताबें मुफ़्त में देनी चाहिए," बार-बार उन्होने सोचा। उसी वक़्त, दोपहर के बाद की सलात मस्जिद में शुरू हो गई थी, और बुज़ुर्ग वाइज़ जो किताब पढ़ रहे थे उसे बंद की और हिल्मी एफ़ेंदी को दे दी और कहा, "ये मेरा तौहफ़ा है नोउमर एफ़ेंदी को अल्लाह की वजह से," और अपनी सलात

शुरू कर दी। हालांकि इस वाइज़ ने हिल्मी एफ़ेंदी को नहीं देखा था, वो जानते थे के वो उनके पीछे बैठे थे। हिल्मी एफ़ेंदी ने किताब ले ली और सलात में शामिल हो गए। सलात के बाद, उन्होने उसका मज़मून देखा **“रबीता-ए-शरीफ़ा”** और उसके नीचे लेखक का नाम लिखा था किताब के कवर पर **“अबदुलहकीम”** और किसी से ये जाना के जिन्होने उनको ये किताब दी थी वो अबदुलहकीम एफ़ेंदी थे और वो जुमे में अय्युब मस्जिद में नमाज़ें अदा करते हैं। वो वापस उस इमरत में चले गए और जिसका नाम “बकीर अगा बोलुगु” था जो बएज़ीद टॉवर के पास था जहाँ वो ठहरे हुए थे। जुमे में, जो उन दिनों हफ़्ते का आख़री दिन होता था, वो बड़ी मस्जिद चले गए। उन्होने वहाँ वाइज़ को ढूँढा लेकिन वो नहीं मिले। तब उन्हें पता चला के वो एक दूसरी मस्जिद में इमाम हैं और सलात के बाद आएंगे। वो अंदर नहीं ठहरे और बाहर चले गए। उन्होने वाइज़ को एक किताब बेचने वाले की दुकान के पास खड़े हुए देखा। वो पीछे से उनकी तरफ़ बढ़े और लगातार उन्हें प्यार से देखते रहे। उन्होने सुना के कुतुब फरोश उनसे कह रहा था, “जनाब, खड़े मत रहिए, इस कुर्सी पर बैठ जाइए,” जोके बर्फ़ से ठकी हुई थी। जब वो बैठने ही वाले थे, हिल्मी एफ़ेंदी उछलकर करीब गए और कहा, “बराए मेरहबानी, एक लम्हा रूकिए,” और अपने रूमाल से बर्फ़ साफ़ कर दी। उन्होने अपना लम्बा कोट उतारा, उसे मोड़ा और कुर्सी पर रख दिया और कहा, “बराए मेहरबानी अब बैठ जाइए।” उन्होने उनको देखा। उनका मुबारक, दबदबे और अपनी तरफ़ खींचने वाला चेहरा, काली भंवे और आँखे और गोल दाढ़ी बहुत ख़ूबसूरत और प्यारी थी। अबदुलहकीम एफ़ेंदी ने कहा, “अपना लम्बा कोट ले लो!” और कुर्सी की खाली लकड़ी पर बैठ गए। हिल्मी एफ़ेंदी को बहुत दुख हुआ लेकिन वो बहुत ख़ुश हुए जब उनसे कहा गया, “मेरी कमर पर रख दो।” जब कुछ लोग मस्जिद से बाहर आ गए, तो वो अंदर चले गए और अपनी ऊँची मसंद पर वो मस्जिद के सीधी तरफ़ ज़मीन पर बैठ गए और अपना सबक समझाना शुरू किया उस किताब में से जो के एक नीचे डेस्क (रहल) पर उनके

सामने रखी हुई थी। हिल्मी एफ़ेंदी पहली कतार में उनके सामने बैठ गए और ध्यान से सुनने लगे। वो ख़ुशी से सुन रहे थे; मज़हबी और दुनयावी जानकारी, जो उन्होने कभी नहीं सुनी थीं, सब बहुत दिलचस्प थीं। वो बिल्कुल एक गरीब शख़्स की तरह थे जिसने कोई ख़ज़ाना ढूँढ लिया हो, या एक प्यासे शख़्स की तरह जिसने ठंडा पानी खोज लिया हो। उन्होने अपनी नज़रें सय्यद अबदुलहकीम एफ़ेंदी पर से नहीं हटाई। वो उनके प्यारे, चमकदार चहरे को देखने में और उनके कीमती जगमगाते हुए लफ़्ज़ों में जो वो बोल रहे थे खो गए। वो उनके बराबर बन गए और अपने स्कूल, अपनी दुनयावी कारोबार और सबकुछ भूल गए। कई मीठी चीज़ उनके दिल के नज़दीक बढ़ रही थी; ये ऐसा था जैसे वो पाक हो गए हों, धो दिए गए हों किसी मीठी चीज़ के साथ। ये सबसे पहली सुहबत के दौरान हुआ के शुरू के कुछ लफ़्ज़ ही काफ़ी थे उनके अंदर घुसने के लिए जैसे उनके अंदर शक्ल दी जा रही हो मुबारक फना की, जिसको हुसूल के लिए कई साल कठिनाईयाँ झेलनी पड़ती हैं। बदकिस्मती से, ये सुहबत सिर्फ़ एक घंटे में ख़त्म हो गई। हिल्मी एफ़ेंदी के लिए, ये एक घंटा एक लम्हे की तरह गुज़रा। जैसे वो एक मीठे सपने से जागे हों, उन्होने अपनी नोटबुक अपनी जेब में रखी बाहर जाने वाली कतार में खड़े हो गए। जबके वो अपने जूते के तस्में बाँध रहे थे, कोई उनके ऊपर झूका और सरगोशी की, “जवान एफ़ेंदी, मैं तुम्हे बहुत चाहता हूँ। हमारा घर कब्रिस्तान में है। आओ हमसे मिलने। हम बात करेंगे।” सय्यद अबदुलहकीम वो शख़्स थे जो ये मीठे, दिल को मोह लेने वाले लफ़्ज़ बोल रहे थे। उसी रात हिल्मी एफ़ेंदी ने एक साफ़, चमकदार, नीले आसमान, को एक मस्जिद के गुमबद की तरह पटरी बनाए हुए ख़्वाब देखा। कोई बहुत चमकदार चेहरे के साथ उसमें चल रहा है। जब उन्होने ऊपर देखा, उन्होने देखा वो तो सय्यद अबदुलहकीम एफ़ेंदी थे, और वो ख़ुशी से जाग गए। कुछ दिनों बाद उन्होने ख़्वाब देखा के कोई है जिनका चेहरा चाँद की तरह चमक रहा है, और जो एक पत्थर की कब्र के सिर पर बैठे हुए हैं हज़रत ख़ालिद अय्युद-अल अंसारी

के मज़ार पर और जिनके लिए लोग एक कतार में लगे हुए हैं उनका हाथ चूमने के लिए। हिल्मी एफ़ेंदी भी उस कतार में शामिल हो गए और उनका हाथ चूमने ही वाले थे के वो जाग गए।

उन दिनों हिल्मी एफ़ेंदी फतीह में रहते थे और हर जुमे को सय्यद अवदुलहकीम एफ़ेंदी के घर जाते थे। कभी-कभी वो सुबह की सलात से पहले जाते और न चाहते हुए भी रात की सलात के बाद वापस आ जाते। वो सबकुछ भूल गए ऐसे लगता जैसे सब चीज़ें नई हैं। वो हमेशा अवदुलहकीम एफ़ेंदी के करीब रहते, चाहे वो खाना खाते में, इवादत करते में, आराम फरमाते हुए और कहीं पर जाते हुए। वो हमेशा उनकी आदतों को ध्यान से देखते और उनको सुनते थे। वो पूरी कोशिश करते के लम्हा भी ज़ाया न हो। वो उनके पास हर छुट्टी में, और जबभी उनके खुत्वे कभी नहीं छोड़ते थे। सबसे पहले तुर्की किताबों और कुछ महीने बाद अरबी सर्फ़ [**सरफ़:** अरबी भाषा सम्बन्धी या पेड़-पौधे और जानवरों की तालीम] और नहुव [**नहुव:** अरबी कायदा] पढ़ाया जाने लगा। अमसिला, अवामिल, सिमा-ए-मसदर, **कसीदा-ए-अमानी**, मोलाना ख़ालिद **दीवान** और मनतकी किताब **इसागुजी** याद कराई जाने लगी। एक दोहा, एक लाईन या एक अरबी या फ़ारसी का जुमला हर मुलाकात में लिखा और समझाया जाने लगा। जो कुछ लिखा जाता था वो सब याद किया जाता था।

सबसे पहला काम सय्यद अवदुलहकीम एफ़ेंदी ने जो काम हुसैन हिल्मी एफ़ेंदी को दिया वो था अरबी से तुर्की में तर्जुमा एक छोटे से इक्तिबास का जो अल-इमाम अल बग़वी से लिया गया था क़ज़ा और क़सर पर। उन्होने उसका तर्जुमा [हुसैन हिल्मी इशिक का ये पहला तर्जुमा **सआदते अदबिया** के चौथे बाव के आख़िर में हवाला दिया गया है।] रात में ही घर में कर लिया था

और दूसरी सुबह अपने उस्ताद के पास ले गए। उनके उस्ताद ने कहा, "बहुत अच्छा! तुमने बिल्कुल सही तर्जुमा किया है। मुझे ये पसंद आया।"

हुसैन हिल्मी एफ़ेंदी ने तिब्वी स्कूल की दूसरी जमाअत सबसे अच्छे शार्गिद के तौर पर पास की। अय्युब में अपने उस्ताद से एक मुलाकात के दौरान जबके वो एक बाग़ में बैठे हुए थे, वो वक़्त उनके हडडियों के इल्म का कोर्स पूरा करने का भी था और वो मुर्दे पर काम करने वाले थे। उनके उस्ताद ने उनसे पूछा के वो दारूलउलूम में क्या पढ़ रहे हैं। उनके जवाब पर, सय्यद अबदुलहकीम एफ़ेंदी ने कहा, "तुम एक तबीब नहीं बन सकते। तुम्हारे लिए अच्छा है के तुम अपना तबादला दवासाज़ी के स्कूल में करालों।" हिल्मी एफ़ेंदी ने कहा, "जमाअत में मेरे सब से ज़्यादा नंबर हैं। वो मुझे फारमेसी स्कूल में नहीं जाने देगें।" "तुम अपनी अरज़ी डालो। इन्शाहअल्लाह, अल्लाहु तआला इसकी मंज़ूरी दे देगें," उनके उस्ताद ने कहा। बहुत सारी अरज़ियों के बाद हिल्मी एफ़ेंदी को दूसरी जमाअत के तालिब-ए-इल्म के तौर पर दवासाज़ी के स्कूल में पहले निस्फ़ तालीमी साल के आख़िर में दाख़िला मिल गया। अगरचे निसाब आधा हो चुका था और उनको पहले साल के जो मज़मून दिए गए थे उसके ज़्यादा इम्तेहान देने थे, उन्होने वो सब इम्तेहान दूसरे निस्फ़ तालीमी साल में पास कर लिए। वो दवासाज़ी के स्कूल से सनदयाफ़्ता हुए और एक साल का परोबेशन गुलहाने अस्पताल से बहुत ऊँचे एज़ाज़ के साथ पूरी की। वो पहले फौजी तिब्वी स्कूल में लैफटैनण्ट सहायक मास्टर चुने गए। उनको **ली मतीन** परचा दिया गया जो के पेरिस से छपता था, अबदुलहकीम एफ़ेंदी के हुक्म पर जबके वो एक तालिब-ए-इल्म थे फारमेसी के स्कूल में ताके उनकी फ्रेंच के बारे में जानकारी बढ़े। उन्होने दोबारा अबदुलहकीम एफ़ेंदी के हुक्म पर केमिकल इंजीनिअरींग स्कूल में पढ़ाई शुरू कर दी जबके वो एक सहायक-मास्टर थे। उन्होने हिसाब वॉन माइसिस से, मशीनों का काम प्रोफेसर प्रेग से, फिज़िक्स डेमबर से और तकनीकी इल्मे किमया ग़ोस से सीखी। उन्होने आरंडर, एक

प्रोफेसर इल्मे किमया, के साथ काम किया, और उनकी तारीफ़ें हासिल की। आख़िर के छः महीने खोज बीन के उन्होने उनकी क़यादत में निकाले, उन्होने एक तरकीव बनाई और उसकी एक हद बाँध दी फारमूला बनाया इस्टर के लिए "फीनाईलसाइनिटरो-मैथन-मिथाईल।" ये कामयाव खोज बीन दुनिया में इस मैदान में पहली थी, जो **दी जरनल ऑफ दी इस्तानबुल फैकलटी आफ़ सांईस में** और जर्मनी की किमयाई अख़बार **ज़ेनटरल बलॉट** (नंबर 2519, 1937 में) हुसैन हिल्मी इशिक के नाम से छपा। जब उन्होने 1936 में (नंवम्बर 1/1) में किमयाई इंजीनियरींग में मास्टर ऑफ सांईस का डिपलोमा हासिल किया, तो हुसैन हिल्मी इशिक रोज़ाना अख़बारों में पहले और अनोखे किमयाई ऐंजिनऊर के तौर पर तुर्की में दिखाई देते थे। उनको इस कामयावी की वजह से, उनको ममक, अंकारा में ज़हरीली गैसों के महकमे में कैमिस्ट ऑफिसर के तौर पर तकर्रुर किया गया। वहाँ उन्होने ग्यारह साल काम किया, उसमें से ज़्यादा काम उन्होने मर्ज़बेकर, जनरल डाएरेकटर ओएर कारखानों, किमयाई डॉक्टर, गोल्डरूटनि, आँखों के डॉक्टर, नयूमन के साथ किया। उन्होने उनसे जर्मनी भी सीखी। वो ज़हरीली गैसों के माहिर बन गए। वो अपनी ख़िदमात पेश करते थे। मिसाल के तौर पर, इग्लैण्ड ने एक सौ हज़ार गैसमास्क पालैण्ड को वेचे दूसरी जंगे अज़ीम के दौरान। जबके वो मास्क अभी रास्ते में ही थे के जर्म नी ने पालैण्ड पर हमला कर दिया, और ब्रिटेन ने वो मास्क तुर्की को बेचने चाहे। कैप्टन हुसैन हिल्मी इशिक ने उन मास्कों को परखा और, ये जानने के बाद के उसकी जालियाँ ज़हीरी गैस छोड़ रही हैं, उनको अपनी जाँच में बताया के वो "इस्तेमाल करने लायक नहीं है, बिल्कुल किसी काम की नहीं हैं।" कौम का हिफ़ाज़ती वज़ीर और ब्रिटेन के सफ़ीर दोनों ख़तरे को जान गए लेकिन जाँच पर यकीन नहीं किया। "ये किस तरह मुमकिन है के बरतानिया की पैदावार ख़राव हो?" ये कहा गया था। उन्होने अपनी बात को सावित किया। आख़िरकार उन्होने ये हुक्म दिया के उनको तौड़ दिया जाए टुकड़ों में

और फालतू पुरज़ों की तरह इस्तेमाल किया जाए; इसकी वजह से बरतानिया अपना पैसा लेने के लायक हुआ।

जब हुसैन हिल्मी एफ़ेंदी अंकारा में काम कर रहे थे तो हर मौके पर इस्तंबुल जाते थे। जब जाना मुश्किल होता था, वो अपने आपको इस्तानबुल ख़त लिखकर शांत करते थे। अबदुलहकीम एफ़ेंदी, अपने मुबारक -हाथों- से लिखकर जवाब देते, जो के इस्तानबुल से ममक के गाँव में जाते थे, जिसमें वो कहते थे:

"अज़ीज़ हिल्मी! – मैं अल्लाहु तआला का शुक्रगुज़ार हूँ के जैसा तुमने लिखा के तुम अच्छी सहत में हो। मुझे ये जानकर बहुत खुशी हुई के तुम (अपने भाई) सेदाद को अवामिल [**अवामिल:** एक मश्हूर नहू की किताब।] पढ़ा रहे हो। मुझे पता है के ये बग़ैर वजह के नहीं है के तुम्हें शहर से दूर रहने पर मुकर्रर किया गया है। तुम दोनों को बहुत फायदा हासिल होगा... मैं तुम्हे अपना सलाम [**सलाम:** इस्लाम में एक दूसरे पर अमन और रहमतें भेजने का तरीका।] भेजता हूँ और तुम्हारे लिए, तुम्हारी माँ और बहनों के लिए दुआ करता हूँ। मुझे जल्दी-जल्दी लिखा करो। मुझे तफ़सील से अपनी हालत के बारे में लिखो! मुआएने के बाद अपनी हालत के बारे में मुझे फौरन लिखो!"

"मेरे बहुत प्यारे हिल्मी और सेदाद! – मुझे तुम्हारा प्यारा ख़त मिला। जो मुझे [अल्लाहु तआला] का शुक्र अदा करने और उसकी तारीफ़ करने का सबब बना... उसने अवामिल का तर्जुमा बहुत ख़ूबसूरती से किया। उसके बाद, उन्हें वो बहुत अच्छी तरह समझ आया। हिल्मी को उससे बहुत फ़ायदा होगा। सेदाद को उससे बहुत फ़ायदा होगा। अवामिल में एक शरह और मुरब है। मैं उनको किसी के ज़रिए भेज रहा हूँ। दरअसल, नहव के सिलसिले में काफ़ी है। उस समय, एक किमयाई एनजिनअर के साथ-साथ तो सरफ़ और नहव के भी एनजिनअर बन गए हो। दूसरे ऐनजिनअर की कीमत

कम हो रही है क्योंकि उनका नंबर बढ़ रहा है।ये ऐनजिनअर की शाखा, बहरहाल, अपने आप में बहुत कीमती है, और ज़्यादा कीमती बन गई क्योंकि शाखा के माहिर या तो बहुत कम हैं या फिर ग़ायब हो गए।इस समय तुम्हारा वहाँ होने का सबब भी यही है, ऐसा लगता है मानो तुम्हें खुशहाली मिलेगी (दावत-ए-अज़ीमा)।हम सलाम और दुआएँ भेजते हैं।"

"हिल्मी! – मुझे बहुत सकून और ख़ुशी हासिल हुई तुम्हारा मौजूदा ख़त पढ़कर।मैं चाहता हूँ जो तुमने लिखा है उसपर यक़ीन रखो।मुझे दस्त आवर दवा से बहुत फ़ायदा हुआ।अगर ये आसान हो, तो कुछ और तैयार करो और उसे मुझे भेज दो!"

"अलेकुम सलाम! – ये सुन्नत [**सुन्नतः** एक काम जो हमारे रसूल ने किया और पसंद किया, इसके अलावा एक कम दरजे वाला फर्ज़ है एक वाजिब की निस्बत।] नहीं है के जब कोई क़ुरआन की किरअत कर रहा हो तो उसे अदाब (सलाम) करो।जब सलाम किया जाए तो, बहरहाल, ये वाजिब [**वाजिबः** एक काम जो हमारे रसूल कभी नहीं छोड़ते थे, ये बिल्कुल वैसे ही ज़रूरी है जैसे के एक फर्ज़।) के जवाब दिया जाए: किरअत करने वाला रूकेगा और उसी समय सलाम करेगा, उसके बाद वो अपनी किरअत दोबारा शुरू करेगा, क्योंकि किरअत करना (क़ुरआन की) एक सुन्नत है जबके सलाम का जवाब देना एक वाजिब है।एक वाजिब न तो छोड़ा जा सकता है न उसमें देरी की जा सकती है एक सुन्नत पर फ़ौकियत देने के लिए, लेकिन एक सुन्नत को हम एक वाजिब के लिए छोड़ भी सकते हैं और देरी भी कर सकते हैं।तुम्हारे दूसरे सवाल के लिए, तुम उसे देखो और समझो पहले! असल में, इज़्ज़त करने (हुरमत) का मतलब है 'हक़' (सीधा) इस सिलेसिले में। 'बी-हक़्क़-ए-मौहम्मद', अल्लाहु अपनी रहमत नाज़िल करे और महफ़ूज़ रखे उसे, इसका मतलब बी हुरमत-ए मौहम्मद **मौकुफ़ात** के लेखक ने ये मान लिया के

'हक्क़ हक़्क़-ए-शरीअत' (एक कानून हक़्क़) या एक हक़्क़-ए-अक़ली (एक मन्तक़ी हक़्क़) है। अगर ये मामला है, तो वो सही हो सकता है। ये दुआ पुराने दिनों से इसी तरह पढ़ी जा रही है। ये सही है के इसमें न न तो कानूनी न ही मन्तकी, कोई एहसान अल्लाहु तआला पर किसी भी तरह नहीं हो रहा। 'हक़्क़' के ज़रिए ये इसका मतलब नहीं है। शायद इसको तर्जुमा करने वाले ने ग़लत समझा। मेरे अज़ीज़! तुम्हारी तरह, हर कोई इस मुसिबत से परेशान है, दुख से भरा हुआ है उसी दुख से। अगर ऐसा नहीं होता तो, लोग दूसरी तरह से मुसिबत में होते। ये 'अदात-अल्लाह (अल्लाह का कानून) है। एक अरबी जोड़े ने कहा, 'कुल्लु मन तलकाहू यशखुह दहराहू।/या लएता शरी हाज़िनी द-दुनिया लिमान?" (जिसके साथ भी तुम्हारी मुठभेड़ होती है वो अपनी हालत अपने वक़्त की शिकायत करता है।/ओह अगर मैं ये जान पाता के ये किसकी दुनिया थी।) तो तुम अब भी अच्छे हो! [तुम्हारा दुख तारिफ़ के काबिल है, और ये एक अच्छे इंसान होने की निशानी है।]"

"हिल्मी! – मैं तुम्हारे ख़त के लिए शुक्रगुज़ार हूँ। मैं तुम्हारी अच्छी सेहत के लिए अल्लाहु तआला का शुक्र अदा करता हूँ। तुम ये जानते हो के ये एक बहुत बड़ी नएमत और बख़्शीश है चाहे एक हिस्से को ही पढ़ना **मकतूबात** के [अल-इमाम-अर-रब्बानी अहमद अल-फ़ारूकी अस-सिरहंदी के ज़रिए], इसके जैसी इस्लाम मज़हब में नहीं लिखा गया और जो तुम्हे तुम्हारे दीन (मज़हब) और दुनिया (संसार) में सबसे ज़्यादा मदद करेगी।" हाथ से लिखी हुई नक़ले इन ख़तों की जो के इस्तानबुल से मम्क गाँव में भेजीं गई वो एक फाइल जिसका नाम [यादगार ख़त] है उसमें रखी हुई हैं।

मम्क में, हुसैन हिल्मी एफ़ेंदी ने कई बार पढ़ा और बहुत कोशिश करी अल-इमाम भर अर-रब्बानी और उनके बेटे मौहम्मद मासूम की **मकतूबात** के तुर्की तर्जुमे को समझने की, उनमें से हर एक के तीन हिस्से थे, और उन्होने छः

हिस्सों को क्रम के अनुसार उसके खुलासे की फ़हरिस्त एक जगह करी। जब वो इस्तानबुल आए, तो पूरी **3846** इन्द्राज अपने खुलासे का सय्यद अबदुलहकीम एफ़ेंदी को पढ़कर सुनाया, जिन्होने उसे कई घंटो तक सुना और उसे बहुत पसंद किया। जब अबदुलहकीम एफ़ेंदी ने कहा, "ये एक किताब बनी है। इसको ख़िताब दो बेशकीमत तहरीरें," हुसैन हिल्मी एफ़ेंदी को बहुत हैरानी हुई, लेकिन उन्होने आगे फरमाया, "क्या तुम्हें ये नहीं मिला? क्या कभी इनकी कीमत लगाई जा सकती है?" वो इन्द्राज जो पहले हिस्से से ली गई थीं वो बाद में तुर्की की **मकतूबात तीरमज़ी** कें आख़िर में क्रम के मुताबिक़ फहरिस्त में शामिल की गई।

1359 (1940) में, हिल्मी इशिक ने अपने उस्ताद अबदुलहकीम एफ़ेंदी से पूछा, "जनाब, मैं शादी करने का इरादा कर रहा हूँ। आप क्या कहते हैं?" "तुम किससे शादी करोगे?" उनके उस्ताद ने पूछा। "उससे जिससे आप इजाज़त दें।"

"वाक़ई ?"

"जी, जनाब।"

"तब ज़ीया बैए की लड़की तुम्हारे लायक है।"

जब हिल्मी एफ़ेंदी ने चाहा के उनके अंकारा जाने से पहले बातचीत हो जाए, तो अबदुलहकीम एफ़ेंदी ने दूसरे दिन ज़ीया बैए को बुलाया, और एक लम्बी बातचीत के बाद, उनका वादा पूरा हुआ। एक हफ़्ते बाद, हिल्मी एफ़ेंदी दोबारा इस्तानबुल आए, और मंगनी की अँगूठी में पहना दी, जिन्होने इस्लामी निकाह [शादी का समझौता जैसा के इस्लाम ने बताया है। **सआदत-ए-इबादत** के पाँचवे हिस्से के बारहवें बाब में निकाह के बारे में तफ़सील से जानकारी है।] भी करवाया हनफ़ी और शाफ़िई मस्लक़ों के मुताबिक़

नगरपालिका में नामज़द कराने के बाद। शादी दो महीने बाद की ठहरी। दावत, अबदुलहकीम एफ़ेंदी हिल्मी एफ़ेंदी के पास बैठे थे और, रात की इबादत के बाद, अकेले भी एक नमाज़ पढ़ी। जब एक हफ़्ते बाद वो जोड़ा उसने मिलने गया तो, अबदुलहकीम एफ़ेंदी ने तवज्जुह किया दुल्हन की तरफ़ और बोले, "तुम मेरी दोनों हो मेरी बेटी और बहू भी हो।"

जब हिल्मी एफ़ेंदी हमामुनू, अंकारा में अपने घर में थे खिज़ा के मौसम में **1362 (1943** A.D.), में तो फ़ारूक बैए के बेटे बैरिस्टर नेवज़ाद इशिक आए और कहा, "जनाब, अबदुलहकीम एफ़ेंदी हमारे घर पर आपका इंतज़ार कर रहे हैं।" "क्या तुम मज़ाक कर रहे हो? वो तो इस्तानबुल में हैं! तुम क्यों कह रह हो के वो मेरा इंतज़ार कर रहे हैं?" हिल्मी एफ़ेंदी ने पूछा। नेवज़ाद बैए ने क़सम खाई और दोनों एक साथ हासी बेरम फारूक बैए के घर पहुँच गए। वहाँ उन्हें पता चला के पुलिस अबदुलहकीम एफ़ेंदी को उनके घर अय्युब, इस्तानबुल, से इज़मीर और बाद में अंकारा ले गई। बहुत सारी अरज़ियों के बाद, उन्हें उनके भतीजे फ़ारूक बैए के घर में पुलिस की निगरानी में रहने की इजाज़त मिली। वो बहुत ज़्यादा कमज़ोर और थके हुए हो गए थे इस परेशानी और सफ़र से। उन्होने हिल्मी एफ़ेंदी से कहा, "मेरे पास हर रोज़ आना!" हर शाम हिल्मी एफ़ेंदी उनके बाज़ू में बाज़ू डालकर उन्हे सोने के कमरे में जाने में मदद करते, उनके ऊपर कंम्बल डालते और सूरह अल-फ़लक और अन-नास पढ़कर उनके ऊपर फूँकते और चले जाते। जो मुलाकाती दिन में मिलने आते वो कमरे में दूसरी तरफ़ लाईन से रखी हुई कुर्सियों पर बैठते और जल्द ही चले जाते। वो हमेशा हिल्मी एफ़ेंदी को अपने बिस्तर के सिरहाने बैठाते और धीरे-धीरे उनसे बातें करते रहते। जब उनको बागलूम, जो के एक गाँव था अंकारा के पास वहाँ दफ़नाने ले गए, तो हिल्मी एफ़ेंदी कब्र में चले गए और अहमद मेक्की एफ़ेंदी, अबदुलहकीम के बेटे के हुक्म पर कुछ मज़हबी फराईज़ अदा किए। मेक्की एफ़ेंदी ने ये भी कहा, "बाबा हिल्मी को बहुत चाहते थे। वो

उनकी आवाज़ जानते हैं। हिल्मी तलकीन [**तलकीन:** अलफ़ाज़ बताए जाते हैं और मरने वाले शख़्स के दिल और रूह को इमाम की जानकारी के असर से सुनाई देते हैं।] पढ़ेंगे!" ये इज़्ज़त अफ़ज़ाई का काम, भी, हिल्मी एफ़ेंदी को बहुत महसूस हुआ। कुछ सालों बाद हिल्मी एफ़ेंदी ने एक मारबल की तख़ती, जिस को उन्होने इस्तानबुल में लिखा था, वो उनकी क़ब्र के सिरहाने रख दी। उन्होने एक मारबल की तख़ती वेन में हज़रत सय्यद फ़हीम की क़ब्र पर भी रखी और इस्तानबुल में अबदुलफतेह, मौहम्मद अमीन तौक़दी और सरकेस हसन बैए के मज़ारों की मरम्मत करवाई। उन्होने अबदुलहमीद हन ii की मरहूम बीवी, बैएहिस मिआन सुल्तान की जनाज़े की इबादत की रहनुमाई की क्योंकि उन्होने ये इच्छा की थी, **1389** (**1969** A.D.) में, और उन्होने याहिया एफ़ेंदी क़ब्रिस्तान में उनकी क़ब्र पर एक मज़ार बनवा दिया। **1391** (**1971** A.D.) की ख़िज़ा में, वो देहली, देऊबंद, सिरहिंद और कराची तश्रीफ़ लाए और, उन्होने देखा के हज़रत सना अल्लाह और मज़हर-ए-जान-ए-जनान की बीवी की कबरें पानीपत के शहर में पैरों के नीचे कुचला जा रहा है, तो उन्होने पाँच सौ डॉलर उनकी मरम्मत और हिफ़ाज़त के लिए ख़ैरात किए।

